

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड, असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

वर्षः 3 अंकः 348 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 30 सितम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## यूपीआईटीएस : खादी सिर्फ कपड़ा नहीं,

### आत्मनिर्भरता और सतत जीवनशैली का प्रतीक बनकर उभरा

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025' में खादी का जादू छाया




रहा। खादी न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर सामने आई, बल्कि फैशन की दुनिया में अपनी आधुनिक पहचान भी दर्ज कराई। शानदार फैशन शो में मॉडल्स ने खादी के परिधानों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें परंपरागत शिल्प कौशल और आधुनिक डिजाइन का अनोखा संगम देखने को मिला। इसने यह संदेश दिया कि खादी 'ट्रेडिशन टू ट्रेंड' की यात्रा तय कर चुकी है और अब वैश्विक फैशन का हिस्सा बन रही है।

**खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग**

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील कर रहे हैं। खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश ने खादी और हैंडलूम को नई पहचान दी है। योगी सरकार खादी को सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं मानती, बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का मजबूत आधार मानती है।

**'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना**

प्रदेश सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने हजारों बुनकरों और कारीगरों को सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि खादी को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ब्रांड बनाकर उत्तर प्रदेश को 'हैंडलूम हब' के रूप में स्थापित किया जाए। राज्य में खादी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है। युवाओं में टिकाऊ फैशन को लेकर बढ़ती जागरूकता ने खादी को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है। यही वजह है कि आज खादी को 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' कहा जाने लगा है।

**'यूपीआईटीएस 2025' में खादी की प्रस्तुति ने किया स्पष्ट**

'यूपीआईटीएस 2025' में खादी की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश न केवल परंपरा को संजो रहा है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उसे वैश्विक मंच पर भी स्थापित कर रहा है।

सीएम योगी का कहना है कि सरकार का प्रयास है कि खादी को सिर्फ एक कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए। सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। उत्तर प्रदेश ने खादी को वैश्विक फैशन जगत में उतारकर दुनिया को यह दिखाया है कि स्थानीय शिल्प और आत्मनिर्भरता से भी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

# दिल्ली में शुरू हुई 5वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप

### केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया उद्घाटन

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सोमवार को शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली में 5वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर इंडियन ऑयल के चेयरमैन ए.एस. साहनी, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार तिर्की, फेडरेशन के सदस्य, कोच, सपोर्ट स्टाफ और कई स्कूलों के उत्साही छात्र मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए पुरी ने बताया कि इंडियन ऑयल और अन्य ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है बल्कि खेलों को भी लगातार प्रोत्साहित किया है। इन कंपनियों ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने में मदद की है।

उन्होंने भारतीय हॉकी की प्रेरणादायक यात्रा को याद करते हुए कहा कि हरबिंदर सिंह, जफर इकबाल, अजीतपाल सिंह, एम.एम. सोमाया और राजिंदर सिंह जैसे महान खिलाड़ियों ने पूरी पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उन्होंने खुशी



जताई कि अब भारतीय महिला हॉकी भी विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही है। रानी रामपाल, प्रीतम रानी सिवाच, सविता पुनिया और वंदना कटारिया जैसी खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया है और युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेलों में अनुशासन, टीमवर्क और निष्पक्ष खेल की जो भावना है, वही सिद्धांत कूटनीति, प्रशासन और पेशेवर जीवन में भी सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी टीमों को बधाई दी और भरोसा जताया कि यह चैंपियनशिप न केवल बेहतरीन प्रतिभा दिखाएगी बल्कि और अधिक युवाओं को हॉकी अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

पुरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेलों को राष्ट्र निर्माण और युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन माना जा रहा है। हाल के वर्षों में खेलों पर जोर बढ़ा है। खेलो इंडिया, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी योजनाओं ने खिलाड़ियों के लिए मजबूत सहयोगी सिस्टम तैयार किया है। खेल ढांचे में निवेश और महिला खेलों पर विशेष ध्यान ने भारतीय एथलीटों को एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक में रिकॉर्ड उपलब्धियां दिलाई हैं। उन्होंने कहा, "यह चैंपियनशिप केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि उन सपनों के लिए याद की जाए जो यह जगाती है, उन दोस्तियों के लिए जो यह बनाती है और उस प्रगति के लिए जो यह प्रेरित करती है। सर्वश्रेष्ठ टीम जीते, और हर खिलाड़ी अनुभव और आत्मविश्वास में और समृद्ध होकर उभरे। हम मिलकर भारतीय खेलों, भारतीय महिलाओं और अपने राष्ट्र का मजबूत भविष्य बना रहे हैं।"-

## दिल्ली में छठ पूजा की तैयारियां तेज, यमुना किनारों समेत 929 स्थलों पर होंगे विशेष इंतजाम

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि इस वर्ष छठ



पूजा को यमुना नदी के दोनों किनारों पर भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव धर्मेंद्र और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## महाराष्ट्र में रंगोली पर 'आई लव मोहम्मद' के नारे से तनाव, 30 हिरासत में

**समाज जागरण**

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में एक सड़क पर रंगोली में लिखे "आई लव मोहम्मद" नारे के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया और प्रदर्शनकारियों के एक समूह की पुलिस से झड़प हो गई। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि इस बात की जाँच जरूरी है कि क्या कोई सांप्रदायिक शांति भंग करने की साज़िश रच रहा है।

पुलिस के एक बयान के अनुसार, अहिल्यानगर (पहले अहमदनगर) में आज सुबह



सड़क पर "आई लव मोहम्मद" लिखी एक रंगोली के कारण तनाव फैल गया। बयान में कहा गया है, "नवरात्रि समारोह के दौरान, किसी ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक सामग्री वाली रंगोली बनाई थी। रंगोली में आपत्तिजनक सामग्री देखकर, समुदाय के लोग पुलिस स्टेशन पहुँचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई।"

पुलिस ने बताया कि रंगोली बनाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उसे गिरफ्तार भी किया गया है, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और विरोध में हाईवे जाम कर दिया।

पुलिस ने बताया, "आधे घंटे बाद जब पुलिस ने उन्हें प्रदर्शन खत्म करने के लिए मनाने की कोशिश की, तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। इसके जवाब में पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

### ट्रंप ने अमेरिका के बाहर बनी सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की,

## फर्नीचर आयात पर भारी शुल्क लगाने की घोषणा की।

**समाज जागरण**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (29 सितंबर) को अपने टैरिफ संबंधी बयानों को और तेज कर दिया। उन्होंने विनिर्माण और मनोरंजन क्षेत्र की नौकरियों को अमेरिका में वापस लाने के अपने अभियान के तहत फर्नीचर और फिल्म उद्योग, दोनों पर व्यापक व्यापार प्रतिबंध लगाने का वादा किया।

ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने उत्तरी कैरोलिना के कभी फलते-फूलते फर्नीचर उद्योग का ज़िक्र किया और चीन तथा अन्य देशों पर स्थानीय व्यवसायों को नष्ट करने का आरोप लगाया।

"उत्तरी कैरोलिना, जिसने अपना फर्नीचर व्यवसाय चीन और अन्य देशों के हाथों पूरी तरह से खो दिया है, को फिर से महान बनाने



के लिए, मैं उन सभी देशों पर भारी टैरिफ लगाऊँगा जो अपना फर्नीचर अमेरिका में नहीं बनाते। विवरण बाद में दिया जाएगा!!!"

कुछ मिनट पहले, ट्रंप का ध्यान हॉलीवुड पर था, और उन्होंने दावा किया कि विदेशी प्रतिस्पर्धियों ने अमेरिका के फिल्म निर्माण क्षेत्र के प्रभुत्व को कमजोर कर दिया है।

"हमारा फिल्म निर्माण व्यवसाय संयुक्त राज्य अमेरिका से दूसरे देशों द्वारा चुरा लिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे 'बच्चे से कैंडी' चुराना। कैलिफोर्निया, अपने कमजोर और अक्षम गवर्नर के कारण, इससे खास तौर पर बुरी तरह प्रभावित हुआ है! इसलिए, इस लंबे समय से चली आ रही, कभी न खत्म होने वाली समस्या को हल करने के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगा रहा हूँ।"

## कंगना रनौत को बठिंडा कोर्ट से बड़ा झटका,

### 27 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब)**

बठिंडा, 29 सितंबरःहिमाचल प्रदेश से भाजपा सांसद और हमेशा सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत को सोमवार को बठिंडा कोर्ट से बड़ा झटका लगा। उन्हें आज कोर्ट में पेश होना था, लेकिन कंगना ने कोर्ट में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया। अब कोर्ट ने कंगना रनौत को 27 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है।मामले की विस्तृत जानकारी के अनुसार, बठिंडा निवासी महिंदर कौर ने



कंगना रनौत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में कहा गया था कि कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर ऐसी टिप्पणियां कीं जिनसे उनके व्यक्तित्व और गरिमा को ठेस पहुँची। इस मामले में कंगना को बठिंडा कोर्ट में पेश होना था, लेकिन वह पेश नहीं हुईं।ध्यान रहे कि इससे पहले भी कंगना रनौत ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली थी। अब बठिंडा कोर्ट द्वारा छूट की अर्जी खारिज होने के बाद कंगना की कानूनी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। यह मामला राजनीतिक और कला जगत दोनों में चर्चा का विषय बन गया है। लोगों की नजर अब 27 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई पर है कि कंगना रनौत कोर्ट में पेश होंगी या नहीं।

## सूर्य कुमार यादव ने जिस मोहसिन नकवी से नहीं ली ट्रॉफी, वो तो निकला असीम मुनीर का साला

**समाज जागरण**

मोहसिन नकवी, वही शख्स जिससे टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप की ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था. अब उनकी कहानी खुलकर सामने आ रही है. सीएनएन-न्यूज18 को मिली जानकारी के मुताबिक, मोहसिन नकवी पाकिस्तान में कोई सामान्य शख्स नहीं हैं, उन्हें पाकिस्तानी आर्मी



और खुफिया एजेंसियों का पिट्ठू माना जाता है. लेकिन उससे भी दिलचस्प, उनके पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर से बेहद नजदीकी रिश्ते हैं. सीएनएन-न्यूज18 को सूत्रों ने बताया कि नकवी न सिर्फ पाकिस्तानी सेना के ब्लू-आइड बॉय हैं बल्कि वे सैयदा इरम असीम के चचेरे भाई भी हैं. वही इरम असीम, जो पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर की पत्नी हैं. यानी सीधे शब्दों में कहें तो मोहसिन नकवी पाकिस्तानी आर्मी चीफ के साले हैं. यह पारिवारिक रिश्ता ही उन्हें पाकिस्तान की सेना, खासकर आईएसआई का सबसे भरोसेमंद सिविलियन ऑपरेटिव बना चुका है.

**इमरान खान के विरोधी**

मुनीर के आर्मी चीफ बनने के बाद से ही नकवी की किस्मत बुलंद हो गई. पाकिस्तान के केयरटेकर सेटअप के दौरान उन्हें देश के सबसे बड़े सूबे पंजाब का अंतरिम मुख्यमंत्री बनाया गया. उनके छोटे से कार्यकाल पर मानवाधिकार उल्लंघन, गैरकानूनी छापों और पीटीआई कार्यकताओं की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियों जैसे आरोप लगे. यह सब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई का हिस्सा बताया गया.

## रामलीला का मंचन करना और रामलीला देखने का सौभाग्य उन्हीं लोगों को मिलता है जिन पर राम की कृपा होती है: पंकज सिंह

**समाज जागरण**

नोएडा।श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा सोमवार को रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा के विधायक पंकज सिंह एवं भाजपा नोएडा के अध्यक्ष महेश चौहान, सच कहूं के संपादक ऋषि पाल अरोड़ा सहित कई मुख्य अतिथियों ने गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि रामलीला का मंचन करना और रामलीला देखने का अवसर जब तक नहीं मिलता जब तक व्यक्ति पर राम की कृपा नहीं होती है उनको राम की कृपा से ही यह सौभाग्य प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें भी रामलीला देखने का सौभाग्य मिला यह भी राम की ही कृपा है, श्री पंकज सिंह ने कहा कि रामलीला एक ऐसा मंचन होता है



जिसे प्रत्येक व्यक्ति चाहे पिता हो मां हो किसी के साथ भी बैठकर एक साथ देख सकता है।

इस अवसर पर भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि रामलीला मंचन से प्रत्येक वर्ष हमें यह सीख मिलती है कि हमेशा असत्य पर सत्य की विजय होती है, इसके बाद भी मनुष्य भगवान रामचंद्र के बताए रास्ते पर नहीं चल पाते और फिर उन्हें भी रावण की तरह हार देखने को मिलती है ।

इस अवसर पर स्वागत अध्यक्ष मनोज अग्रवाल अध्यक्ष प्रिया गोल्ड, अखिल जैन कमांडर लेजर इंडिया लिमिटेड, अतिविशिष्ट अतिथि ऋषि पाल अरोरा संपादक दैनिक सच कहूं, मनोज चौहान प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी,प्रदीप शर्मा पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सैक्टर 44 मौजूद रहे इसके अलावा अतिथियों में इंदु प्रकाश सिंह ओएसडी नोएडा प्राधिकरण, ए के अरोड़ा महाप्रबंधकसिविल, विजय रावल उपमाह प्रबंधक सिविल, सुधीर कटयाल सीनियर मैनेजर ग्रेटर नोएडा, एसीपी ट्रैफिक राजीव गुप्ता मौजूद रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश अवाना, अशोक मिश्रा, भूपेश सिंह, राजकुमार बंसल, सुरेंद्र चौहान, पवन चौधरी, आरपी अग्रवाल, ज्ञानेंद्र शर्मा, श्याम सिंह चौहान, डॉ सुरेश गुप्ता, महावीर जैन, राजवीर लोहिया, जगदीश, राधा कृष्ण गर्ग, विनोद गोयल आदि अतिथि मौजूद थे।

इस अवसर पर सातवें दिन की लीला का मंचन पंडित कृष्ण स्वामी ने हनुमान जी का आगमन से शुरू की और सूर्पनखा का दंडात्मक वन में प्रवेश, नारद जी शूर्पणखा का संवाद, नारद जी का शूर्पणखा को लक्ष्मण जी के पास भेजना, लक्ष्मण जी द्वारा शुपणखा के नाक कान काटने की लीला के मंचन के साथ-साथ के खरदूषण का वध होना, रावण दरबार में रावण मारिच संवाद, रावण का मारिच को लेकर सीता का हरण करना एवं जटायु का वध करने की सफल लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति : चेयरमैन मनोज अग्रवाल ( सीएम डी प्रिया गोल्ड ) , वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीईए मनोज अग्रवाल, पं कृष्णा स्वामी, मेला संयोजक संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार , रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, पीयूष गोयल, कार्तिक मिश्रा सुशील गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिन्हा, अभिषेक जैन, डॉ कपिल सिंघल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गौरव मित्तल, पवन अग्रवाल, नवीन सोनी, सौरभ अग्रवाल, कार्तिक मिश्रा, अमित सिंघल अरुण चौहान देवेंद्र कंसल नितिन कंसल रामरतन शर्मा, संजय गुप्ताआदि मौजूद थे।




# भारत में लगातार बढ रहा है सोने का नशा



सोने के नशे के बारे में सुनारों, सरकारों और खरीदारों से ज्यादा हमारे कविवर बिहारी शायद ज्यादा जानते थे, इसीलिए उन्होने युगों पहले लिखकर आगाह कर दिया था कि सोने के नशे से बचकर रहिये.

'कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय,
जाय खात बौराय जग, बाय पात बौराय '

यानि कि सोने (स्वर्ण) का नशा धतूरे (एक नशीला फल) के नशे से सौ गुना अधिक होता है, क्योंकि धतूरे को खाने पर लोग नशे में आ जाते हैं, जबकि सोना मिल जाने मात्र से ही व्यक्ति अहंकारी और मतवाला हो जाता है। इस दोहे के कवि बिहारी जी हैं और इसमें यमक अलंकार का प्रयोग किया गया है, जहाँ 'कनक' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ (सोना और धतूरा) हैं। जब हम अलंकार पढ रहे होते हैं तो हमें यमक अलंकार के प्रयोग का यही उदाहरण दिया जाता था.

यह दोहा धन के लोभ के बुरे प्रभाव को दशार्ता है, क्योंकि धन का लालच भी नशे की तरह व्यक्ति पर बुरी तरह असर करता है और उसे होश-ओ-हवास खोने पर मजबूर कर देता है।

मजे की बात ये है कि स्वर्णमद के बारे में बिहारी वि की सीख अकारथ गई. आज सोना और चांदी की कीमतों में आग लगी हुई है और हर अतीत बनते दिन के साथ ये दोनों ही कीमती धातुएं रिकॉर्ड तोड़ती जा रही हैं. 10 ग्राम सोने का दाम जहां मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 1.15 लाख रुपये के आंकड़े को पार कर गया है, तो वहीं घरेलू मार्केट में भी ये तूफानी रफ्तार से भाग रहा है.

सोने की कीमतों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से लेकर घरेलू मार्केट तक गदर मचाकर रखा है और साल 2025 में ये ताबड़तोड़ तेजी के साथ उछली हैं. एमसीएक्स पर 3 अक्टूबर की एक्सपायरी वाले फ्यूचर गोल्ड का रेट बीते शुक्रवार को 1,15,139 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सर्वोच्च स्तर को स्पर्श कर गया. हालांकि, इसकी भाव बंदी 1,14,909 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुई. वहीं हफ्तेभर में सोने के भाव में बदलाव पर नजर डालें तो इससे पहले 19 सितंबर को ये 1,10,951 रुपये पर था, ऐसे में इसकी कीमत 3,958 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ी है.

जानकार बताते हैं कि सोने का नशा बढने की वजह से घरेलू बाजार में भी सोने की कीमत में अप्रत्याशित उछाल देखने को मिला है. अगर आप इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट IBJA.Com पर दर्ज की गई कीमतें देखें तो , 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड रेट 1,13,262 रुपये पर पहुंच गया है. इससे पहले 23 सितंबर को ही इसने 1,14,314 रुपये का अपना सबसे उच्चतम स्तर छुओ था. हफ्तेभर में इसकी कीमतों में आए अंतर पर नजर डालें, तो इस क्वालिटी का गोल्ड 3487 रुपये महंगा हुआ है, क्योंकि बीते 19 सितंबर को 10 ग्रामे सोनो 1,09,775 रुपये का था. अन्य क्वालिटी के सोने का भाव भी तेजी से उछला है.

एक तरफ भारत की अपनी समस्याएं हैं और दूसरी तरफ क्वालिटी सोने का भावे (प्रति 10 ग्राम)24 कैरेट गोल्ड1,13,262 रुपये/10 ग्राम22 कैरेट गोल्ड1,10,540 रुपये/10 ग्राम20 कैरेट गोल्ड1,00,800 रुपये/10 ग्राम18 कैरेट गोल्ड91,740 रुपये/10 ग्राम14 कैरेट गोल्ड73,050 रुपये/10 ग्राम हो गया है.

आपको बता दूं कि इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट पर अपडेट किए जाने वाले ये गोल्ड रेट देश भर में समान होते हैं, लेकिन जब आप ज्वेलरी शॉप पर आभूषण खरीदने के लिए जाते हैं, तो फिर इसपर लागू 3 फीसदी जीएसटी के साथ ही मेकिंग चार्ज भी देना होता है, जो विभिन्न शहरों में अलग-अलग हो सकता है. ऐसे में इसकी कीमत और भी बढ़ जाती है.

जहां सोना विप्लव मचा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर चांदी का नशा भी कम होने का नाम नहीं ले रहा. चांदी की कीमत भी थमने का नाम नहीं ले रही है. इस साल सोने से ज्यादा रिटर्न देने वाली चांदी ने भी हर रोज अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला कायम रखा है.

बीते शुक्रवार को घरेलू मार्केट में 1 किलो चांदी का भावे बढ़कर 1,38,100 रुपये पर पहुंच गया, तो वहीं एमसीएक्स पर 5 दिसंबर की एक्सपायरी वाली चांदी का वायदा भाव 1.42 लाख रुपये को पार कर गई और 1,42,147 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई.

देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्यों के कर और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है. आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का इस्तेमाल होता है, जबकि कुछ लोग 18 कैरेट सोने की ज्वेलरी भी बनवाते हैं.` इसकी शुद्धता को जांचने की बात करें, तो` आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क दर्ज होता है, जिससे इसकी पहचान आसान हो जाती है. जैसे 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है.

धतूरे का नशा तो दवाई से उतारा भी जा सकता है लेकिन सोने का नशा उतारने की कोई औषधि अभी तक नहीं बनी. ये नशा जब लत में बदलता है इससे छुटकारा या तो सन्यासी बनने पर मिलता है या फिर इहलीला समाप्त होने पर. सोने से विरक्त होना आसान नहीं. संयोग से मुझे ये वैराग्य बहुत जल्द हो गया था. आपको मेरे जिस्म पर रत्ती भर सोना नजर नहीं आएगा.

अगर आप मुझे विश्वसनीय मानें तो इस समय सरकार से ज्यादा सोना भारतीय जनता के पास है. सरकार के पास बामुश्किल 880टन सोना है जबकि जनता के पास 25000 टन सोना हो सकता है. इसमें मंदिरो का स्वर्ण भी शामिल है.

@ राकेश अचल

# कल्पना से परे है भारत में राजनैतिक अस्थिरता।



संजीव ठाकु

नेपाल में पिछले दशकों में राजनीतिक अस्थिरता, दल-बदल, जातीय संघर्ष और आर्थिक असमानताओं ने देश को बार-बार अराजकता की स्थिति में डाल दिया। लगातार बदलती सरकारें और कमजोर प्रशासनिक तंत्र सामाजिक विरोध और आर्थिक अस्थिरता को जन्म देते रहे। इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर विरोध, हिंसा और सार्वजनिक असंतोष देखने को मिला। कुछ विपक्षी दल तथा विदेशी ताकतें भारत के संदर्भ में यह सवाल उठाती रही है कि क्या हमारी परिस्थितियाँ भी ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर सकती हैं। ऐसी बात करना कल्पना से परे हैं क्योंकि भारत में एक बेहद मजबूत नेतृत्व पिछले एक दशक से ज्यादा समय से पूरी साक्षमता के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा भारत सामारिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त शक्तिशाली एवं मजबूत राष्ट्र है। भारत में राजनीतिक स्थिरता का आधार मजबूत संवैधानिक और संस्थागत ढांचा है। भारतीय संविधान नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ-साथ सत्ता के संतुलन और शक्तियों के स्पष्ट विभाजन के माध्यम से राजनीतिक संस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखता है। चुनाव आयोग की स्वतंत्रता नियमित और निष्पक्ष चुनावों को सुनिश्चित करती है, जबकि न्यायपालिका कानून के पालन और असंतोष की निगरानी के लिए एक स्थिर तंत्र प्रदान करती है। इन संस्थाओं की मजबूती के कारण भारत में सरकारों की अस्थिरता लंबे समय तक नहीं टिकती। सामाजिक और आर्थिक विविधता भारत में अत्यधिक है। भाषाई, जातीय, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधताएँ कभी-कभी छोटे-मोटे राज्य स्तरीय तनाव का कारण बन सकती हैं। उदाहरण स्वरूप, किसान आंदोलन, नागरिकता संशोधन कानून के विरोध और क्षेत्रीय आंदोलन यह दिखाते हैं कि असंतोष हमेशा मौजूद रहता है किंतु उसके समाधान तथा सुधारने के लिए मजबूत शासन तंत्र भारत के पास मौजूद है तो यह कोई बड़ी चिंता का विषय नहीं है और भारत का संघीय ढांचा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया इन संघर्षों को नियंत्रित करती हैं। संवैधानिक अधिकार और राज्यों तथा केंद्र के बीच संतुलन व्यापक स्थिरता बनाए रखते हैं। आर्थिक असमानता और बेरोजगारी विरोध उत्पन्न कर सकती हैं, लेकिन ये आम तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के भीतर ही सीमित रहते हैं और व्यापक अराजकता का रूप नहीं लेते।

अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और भू-राजनीति भी किसी देश की स्थिरता पर असर डाल सकते हैं। नेपाल की अराजकता में पड़ोसी देशों का प्रभाव रहा, लेकिन भारत, एक बड़ा और सशक्त देश होने के नाते, अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और मजबूत सुरक्षा तंत्र के कारण विदेशी हस्तक्षेप से अपेक्षाकृत सुरक्षित है। भारत की सैन्य क्षमता, आंतरिक सुरक्षा तंत्र और कूटनीतिक भूमिका देश की स्थिरता बनाए रखने में निर्णायक हैं।आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भारत की स्थिति भी नेपाल से भिन्न है। भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था, रोजगार के अवसर, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ और समृद्धि के प्रयास असंतोष को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। मीडिया, नागरिक समाज और संस्थागत निगरानी तंत्र लोकतंत्र में पारदर्शिता बनाए रखते हैं। इन सभी कारकों के कारण भारत व्यापक रूप से स्थिर बना रहता है और नेपाल जैसी राजनीतिक अराजकता से बचा रहता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत में नेपाल जैसी अराजकता की संभावना बहुत कम है। मजबूत संवैधानिक ढांचा, स्वतंत्र संस्थाएँ, लोकतांत्रिक प्रक्रिया, संघीय संतुलन और आर्थिक-सामाजिक तंत्र इसे सुरक्षित रखते हैं। हालांकि लोकतंत्र में असंतोष, सामाजिक संघर्ष और आर्थिक दबाव हमेशा संभावित जोखिम बन सकते हैं, पर भारत की स्थिरता का रहस्य यही है कि इन चुनौतियों का प्रबंधन संस्थागत ढांचे और संवैधानिक उपायों के माध्यम से किया जाता है।

भारत में 1947 से अब तक 26 सामान्य चुनाव बिना किसी राष्ट्रीय अस्थिरता के संपन्न हुए हैं।भारत की ऋ्रद्ध 2024 में लगभग 4.5 ट्रिलियन वरऊ तक पहुँच चुकी है। बड़े आर्थिक ढांचे से असंतोष सीमित रहता है।भारत में 22 आधिकारिक भाषाएँ, 2000+ जातियाँ और 7 प्रमुख धर्म हैं। इसका प्रबंधन संघीय और संवैधानिक ढांचे के माध्यम से होता है भारत के 1.4 मिलियन से अधिक सैनिक और व्यापक पुलिस तंत्र स्थिरता बनाए रखते हैं। ऐसी मजबूत स्थिति में भारत में नेपाल जैसी अस्थिरता की कल्पना करना समय जाया करना ही होगा। ऐसे में राजनीतिक अस्थिरता की बात लगभग असंभव बात हैं।

# जीएसटी कटौती से मांग में उछाल: क्या बदलेगी आरबीआई की रणनीति ?

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस सप्ताह बैठक त्योहारी मौसम में हो रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस सप्ताह बैठक त्योहारी मौसम में हो रही है। ऑनलाइन लेनदेन पर नजर रखने वाली शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आने वाले हफ्तों में जब कंपनियां अपने मासिक और तिमाही आंकड़े जारी करेंगी तो तस्वीर और साफ हो जाएगी लेकिन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में संशोधन का असर लोगों की खरीदारियों पर पड़ने की संभावना है। जीएसटी प्रणाली में अब केवल दो मुख्य दरें रह गई हैं जिससे अधिकांश वस्तुओं पर कर कम हो गया है।





यह देखना दिलचस्प होगा कि यह स्थिति चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) संबंधी एमपीसी के अनुमानों को किस हद तक प्रभावित करती है। यह अनुमान बढ़ाया जा सकता है क्योंकि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही जबकि एमपीसी का अनुमान इससे कम यानी 6.5 फीसदी था। एक नकारात्मक पहलू यह है कि अनुमानों में अमेरिकी शुल्क के प्रभाव भी शामिल करने होंगे। हालांकि, सच कहा जाए तो यह स्पष्ट नहीं है कि ऊंचे शुल्कों का दौर कब तक चलेगा। भारतीय वातार्कार व्यापार की पारस्परिक रूप से स्वीकार्य शर्तों पर पहुंचने के लिए अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ काम कर रहे हैं।

कुल मिलाकर, आर्थिक वृद्धि दर इस समय एमपीसी के लिए बड़ी चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर देखें तो एमपीसी ने अगस्त में अपनी पिछली बैठक में चालू वित्त वर्ष में दर औसतन 3.1 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था जिसे कुछ विश्लेषक अधिक बता रहे हैं। जीएसटी दरों में कमी के बाद निकट भविष्य में मुद्रास्फीति दर भी कम होने की संभावना है, हालांकि एमपीसी इस पर विचार करने या अनदेखा करने का विकल्प चुन सकती है। भले ही हाल के महीनों में मुद्रास्फीति अनुकूल स्तर पर रही हो लेकिन मौद्रिक नीति दूरदर्शी बनाए जाने की जरूरत है। इस संबंध में, एमपीसी की अगस्त की बैठक में चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए 4.4 फीसदी मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाया गया था, जो 2026-27 की पहली तिमाही के लिए बढ़कर 4.9 फीसदी हो गई।

अगर ये अनुमान बरकरार रहते हैं तो फिर नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश नहीं है। इस तरह, एमपीसी का निर्णय इन अवधियों और उनके बाद के अनुमानों से प्रभावित होगा। भविष्य में दर में कटौती की गुंजाइश तभी बनेगी जब अगले वित्त वर्ष के मुद्रास्फीति अनुमान 4 फीसदी के लक्ष्य से काफी नीचे चले जाएं। इस साल अच्छे मॉनसून (जिससे रबी की फसलों को भी मदद पहुंचेगा) के कारण खाद्य मुद्रास्फीति सहज रहने की संभावना है, जबकि मुख्य मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर रही है। कुछ विश्लेषकों ने आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति नरम रहने का अनुमान लगाया है लेकिन एमपीसी का निर्णय स्वयं इसके संशोधित अनुमानों पर निर्भर करेगा।

एमपीसी कम से कम दो अन्य पहलुओं पर भी विचार करेगी। पहला, मांग बढ़ाने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। शुरू में आयकर राहत के माध्यम से और अब जीएसटी दरों में कमी के जरिये मांग बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। क्या आरबीआई को दरें अपरिवर्तित रखनी चाहिए या नीतिगत दर में कटौती के साथ मांग का समर्थन करना चाहिए?

दूसरी बात, क्या मौजूदा स्तर पर ब्याज दर में कटौती वास्तव में मांग को ताकत देगी? उल्लेखनीय है कि नीतिगत दरों में कटौती का बाजार में ब्याज दरों में प्रसार सुचारू नहीं रहा है। 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पर यील्ड 6 जून को नीतिगत दर में 50 आधार अंक की कटौती के बाद वास्तव में लगभग 25 आधार अंक बढ़ गई है। इस तरह, मौजूदा स्तर पर ब्याज दर में 25 आधार अंक की एक और कटौती से बहुत मदद नहीं मिलेगी। लिहाजा, मौजूदा वृहद आर्थिक हालात को देखते हुए एमपीसी के लिए यथास्थिति बनाए रखना और अगले कुछ महीनों के दौरान आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और राजकोषीय स्थितियों पर नजर बनाए रखना ही उचित रहेगा।

# अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस

अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस हर साल 30 सितंबर को सेंट जेरोम के पर्व पर मनाया जाता है। सेंट जेरोम बाइबिल के अनुवादक थे जिन्हें 'अनुवादकों का संरक्षक संत' माना जाता है। 1953 में स्थापित होने के बाद से यह दिवस एफआईटी (अंतर्राष्ट्रीय अनुवादकों की अंतर्राष्ट्रीय संघ) द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। 1991 में एफआईटी ने आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस का विचार शुरू किया, ताकि दुनिया भर में अनुवाद समुदाय की एकता को बढ़ावा मिले। यह दिवस विभिन्न देशों में अनुवाद कार्य का महत्व प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। भूमंडलीकरण की प्रगति के युग में अनुवाद कार्य तेजीसे बढ़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन उन सभी लोगों को सम्मानित किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में संवाद में भाषा विशेषज्ञ के रूप में कार्य करके विकास तथा वैश्विक शान्ति को बढ़ावा देते हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस द्वारा साहित्यिक व वैज्ञानिक कार्य के शुद्ध तथा स्पष्ट अनुवाद कार्य को भी अति-आवश्यक माना जाता है।

### पृष्ठभूमि

अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 मई, 2017 में प्रस्ताव 71/288 को पारित करके स्थापित किया था। देशों को निकट लाने, संवाद में सहायता करने तथा सहयोग के लिए अनुवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह विश्व शांति तथा विकास में काफी योगदान देता है। बाइबिल के अनुवादक सेंट जेरोम के त्यौहार के कारण 30 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस चुना गया। सेंट जेरोम ने बाइबिल का अनुवाद किया था, उन्हें अनुवादकों का संरक्षक माना जाता है।

जिस प्रकार संयुक्त राष्ट्र के अन्य दिवस महत्वपूर्ण होते हैं, उसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस भी बहुत महत्त्वपूर्ण दिवस है क्योंकि इस दिवस के माध्यम से सभी देशों की भाषाओं में हो रहे अनुवाद कार्यों एवं अनुवादकों, भाषांतरकारों, दुभाषियों तथा भाषा एवं अनुवाद के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों और संस्थाओं की भूमिका को महत्व दिया जा सके और दुनियाभर के अनुवाद समुदाय के बीच एकता को बढ़ावा दिया जा सके। आज के दिन भारत सहित दुनियाभर के विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और अनुवाद सेवी संस्थाओं में अनुवाद से संबंधित विभिन्न संवाद, परिसंवाद, सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है और अनुवाद की स्थिति, परिस्थिति, महत्व, तकनीक, संभावनाओं, इतिहास एवं भविष्य पर सार्थक चर्चा की जाती है।

किसी एक भाषा को खो देना बहुत बड़ा नुकसान होता है क्योंकि भाषा में केवल शब्दों का ही नहीं बल्कि संस्कृतियों का समावेशन होता है। किसी एक भाषा के लुप्त हो जाने से एक पूरी संस्कृति लुप्त हो जाती है। अनुवादक तथा दुभाषिए एक प्राकर के सांस्कृतिक दूत अर्थात कल्चरल एंबेसडर होते हैं। इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस के अवसर पर अनुवाद को तथा अनुवाद विधा के महत्व को स्वीकारा है, जिससे यह संदेश दिया जा सके कि वैश्वीकरण के दौर में देशज भाषाओं को लुप्त होने से बचाया जाना अत्यंत आवश्यक है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो ज्ञात होता है कि अनुवाद का उद्गम धर्म तथा धार्मिक ग्रंथों के प्रचार-प्रसार से हुआ है लेकिन धीरे-धीरे समय बदलते हुए अनुवाद न सिर्फ धार्मिक क्षेत्र बल्कि सभ्यता, संस्कृति, संचार, वाणिज्य, व्यवसाय, अंतर सांस्कृतिक संवाद, पर्यटन, सॉफ्टवेयर, इंटरनेट आदि के लिए आवश्यक ही नहीं अपितु अपरिहार्य बन गया है।

### महत्त्व

अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस विभिन्न देशों में अनुवाद के पेशे को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। यह केवल ईसाई देशों के लिए ही नहीं है, बल्कि आज प्रगतिशील वैश्वीकरण के दौर में अनुवाद दुनिया के सभी देशों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। 24 मई 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 30 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस के रूप में घोषित करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस का महत्व एक दूसरे से जुड़ने वाले राष्ट्रों में पेशेवर अनुवाद की भूमिका को पहचानना और उसकी सराहना करना है। यह दिन दुनिया भर में अनुवाद समुदाय के लिए एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। यह विभिन्न देशों में अनुवाद के पेशे को बढ़ावा देने की एक कोशिश है और जरूरी नहीं कि यह केवल ईसाई देशों के लिए ही है। आज प्रगतिशील वैश्वीकरण के युग में अनुवाद विश्वभर के सभी देशों के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है।

### भारत में अनुवाद का महत्त्व

भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग के लोगों का मिश्रण ही नहीं, बल्कि भाषाओं की भी विविधता है। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम तक विभिन्न प्रांतों में भाषाओं की बोली बदल जाती है, लेकिन उनके भाव यथावत रहते है। जिन्हें हमें समझने के लिए अनुवाद की आवश्यकता होती है। जब हम दक्षिण भारत में जाते है, तो वहां की भाषा हमारे से भिन्न है, लेकिन कोई अनुवादक हमें हमारी भाषा में उसका अनुवाद करके बताए तो हम उसे समझ लेते है। इससे हमें जीवन में अनुवाद की आवश्यकता और महत्ता समझ आती है। 30 सितंबर को समूचे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस मनाया जाता है। इससे अनुवाद कितना जरूरी है, इसके बारे में भी पता चलता है। भारत में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग हिन्दी के रूप में किया जाता है। यहां लोग हिन्दी ही समझते है, जबकि वास्तविक हिन्दी लोगों को पता नहीं होती है। अंग्रेजी की अपेक्षा उसका हिन्दी कठिन होती है।

यूं तो भारतीय संविधान में सिर्फ 22 भाषा को मान्यता प्राप्त है, विभिन्न प्रांतों के अलग अलग क्षेत्र में ही भाषा और उनकी बोलियां बदल जाती है। एक आंकड़े के अनुसार ऐसी 121 भाषाएं देश में बोली और समझी जाती हैं। अपने मातृस्थल से कार्यस्थल पर जाने पर कई बार भाषाओं में अंतर आ जाता है। कार्यस्थल पर मातृभाषा नहीं चलती तो हमें अनुवाद की आवश्यकता होती है। हिंदी भाषी क्षेत्र में भी हिन्दी के कई प्रकार बोले जाते हैं। इनमें से एक प्रकार है खड़ी बोली। आम जन में यह रूप अत्यधिक प्रचलित है। इसमें कई देशी विदेशी शब्दों का समन्वय इस तरह हो जाता है जैसे ये शब्द हिन्दी के लिए ही बने है। आम बोलचाल में इनका इतना व्यापक प्रयोग किया जाता है कि कई बार उनके मूल हिन्दी शब्दों को हम चाह कर भी ढूंढ नहीं पाते या बड़ी कठिनाइ से प्राप्त होते हैं।

पहले अनुवाद को सिर्फ भाषायी गतिविधि समझा जाता था, लेकिन बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक से अनुवाद के क्षेत्र में एक प्रस्थान बिंदु आया है जिसमें अनुवाद को महज भाषाई गतिविधि न समझ कर सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय महत्व का कार्य समझा जाने लगा है। इसके प्रमुख कारण हैं-

पहला कारण यह है कि 21वीं शताब्दी अनुवाद की शताब्दी है इस युग में अनुवाद के बिना जीवन में कल्पना भी नहीं की जा सकती।

दूसरा कारण यह है कि अब गूगल, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, माइक्रोसॉफ्ट, अलीबाबा सहित विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां सभी देशों को अपनी वस्तुओं और सेवाओं को बेचना चाहती है तथा उन्हें भाषाई अवरोधों को तोड़ते हैं व्यापार में आगे बढ़ना है। आज फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, अलीबाबा, गो डैडी आदि प्रमुख कंपनियों की वेबसाइट का हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद होना इस बात का प्रमाण है कि अनुवाद का महत्व बढ़ रहा है।

तीसरा कारण यह है कि आज के वैश्वीकरण के दौर में सभी देश एक दूसरे पर काफी हद तक निर्भर हैं क्योंकि कोई भी देश अलग-थलग रहकर अपने नागरिकों को न तो अच्छी सुविधाएं प्रदान कर सकता है और न ही विकास कर सकता है। सभी साधन प्रदान के लिए किसी न किसी भाषा की आवश्यकता होती है। इसमें अनुवाद प्रमुख रूप में उभर कर सामने आता है।

चौथा कारण यह है कि विश्व के सभी देशों के नेताओं को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय मंचों के कार्यक्रम में जाने के लिए अनुवादकों तथा दुभाषियों की आवश्यकता पड़ती है।सभी देश अपने यहां अनुवाद एवं निर्वचन को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं।

भारत में साहित्य अकादमी, नेशनल बुक ट्रस्ट, प्रकाशन विभाग, राष्ट्रीय अनुवाद मिशन, केंद्रीय हिंदी संस्थान, हिंदी ग्रंथ अकादमी, आदि भाषा अकादमियां तथा संस्थाएं लिखित अनुवाद के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही हैं। इसी के साथ-साथ आई.आई.टी, सी. डैक, टीडीआईएल आदि संस्थाएं मशीन अनुवाद करने का काम कर रही है। साहित्य अकादेमी, नेशनल बुक ट्रस्ट जैसी कुछ संस्थाएं भारतीय भाषाओं से विदेशी भाषा तथा विदेशी भाषाओं से भारतीय भाषाओं में अनुवाद कार्य करने की परियोजनाएं चला रही हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# प्राकृतिक शहद की मिठास से आगंतुक हुए मंत्रमुग्ध, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में 'Rantrove Naturals (Meerut) स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 सितंबर 2025: ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर 2025 तक भव्य रूप से आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में Rantrove Naturals (Meerut) ने अपने उच्च गुणवत्ता वाले शुद्ध एवं प्राकृतिक शहद के साथ आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। पाँच दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में संस्था ने एक विशेष स्टॉल लगाकर लोगों को न केवल प्राकृतिक शहद की विशेषताओं से रूबरू कराया, बल्कि इसके स्वास्थ्यवर्धक लाभों के बारे में भी जागरूक किया।

संस्था Rantrove Naturals (Meerut) के बैनर तले कार्यरत है और इसका उद्देश्य शुद्धता, गुणवत्ता तथा स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ उपभोक्ताओं तक प्राकृतिक शहद पहुंचाना है। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भारत चौधरी के नेतृत्व में लगाई गई इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए आगंतुकों ने रुचि दिखाई।



मार्केटिंग हेड चीनू कुमार ने बताया कि कंपनी प्राकृतिक और जैविक पद्धति से प्राप्त शहद को बिना किसी रासायनिक प्रक्रिया के उपभोक्ताओं तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब बाजार में कृत्रिम और मिलावटी उत्पादों की भरमार है, ऐसे में Rantrove Naturals (Meerut) शुद्धता की गारंटी के साथ ग्राहकों के स्वास्थ्य का ध्यान रख रही है।

विक्रय प्रबंधन का नेतृत्व कर रहीं दीपिका शरवण ने बताया कि घरेलू बाजार के साथ-साथ अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी कंपनी ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी क्रम में निर्यात प्रमुख राखी ने जानकारी दी कि भारतीय शहद की गुणवत्ता को वैश्विक मंच तक पहुंचाने के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के दौरान कंपनी को कई बड़े विदेशी ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

इसी अवसर पर कंपनी को उगांडा से 1 कंटेनर (18.5 मीट्रिक टन), इंडोनेशिया से 5000 किलोग्राम और वियतनाम से 20000 किलोग्राम (20 टन) शहद निर्यात के ऑर्डर प्राप्त हुए, जो भारतीय शहद की गुणवत्ता और वैश्विक बाजार में उसकी बढ़ती मांग का प्रमाण है।

विपणन क्षेत्र में सक्रिय सुनील देवरथ और अंकुर कुमार ने भी आगंतुकों को शहद के उत्पादन प्रक्रिया, मधुमक्खी पालन, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में शहद उद्योग की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान

## महिला कल्याण विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग, गौतमबुद्ध नगर द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस ब्लॉक बिसरख स्थित विनोबा इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा लैंगिक समानता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर हब टीम से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी जी, जेंडर स्पेशलिस्ट सुनीता जी, कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल दिनेश तथा समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। छात्राओं की प्रस्तुति ने समाज में महिला-पुरुष समानता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से जन-जन तक पहुँचाया।



इसके साथ ही, जिले में आयोजित नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश प्रसारित करना रहा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यह विशेष अभियान 22 सितंबर से आगामी 30 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अवधि में महिला कल्याण विभाग विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, गोष्ठियाँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित कर रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का वातावरण निर्मित हो सके।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने वाले संदेश प्रस्तुत किए गए। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि दर्शकों को सोचने और समाज में परिवर्तन लाने की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

### मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान संचालित

# विकासखंड जेवर के ग्राम थोरा में महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या पूजन का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 सितंबर 2025: जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के कुशल निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनोज कुमार पुष्कर के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग, गौतमबुद्ध नगर द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम थोरा, विकासखंड जेवर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वन स्टॉप सेंटर जेवर की सेंटर मैनेजर रिंकी रानी ने बताया कि इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं की उपस्थिति में बालिकाओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कन्या पूजन के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बालिकाएँ किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं और उन्हें समान अवसर एवं सम्मान दिया जाना चाहिए।



महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए जनजागरूकता बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान 22 सितंबर से आगामी 30 दिनों तक पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, कार्यशालाएँ, गोष्ठियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा कन्या पूजन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजन ने न केवल महिलाओं के अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की, बल्कि बालिकाओं को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम

# विकसित भारत" की थीम पर आयोजित होगी चित्रकला प्रतियोगिता विजेता को मिलेंगे 51000

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 29 सितंबर 2025 : जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विकसित भारत की व्यापक थीम पर दिनांक को 30 सितम्बर, 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 में प्रातः 09 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों, कला विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि वे कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत की परिकल्पना और माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व को प्रदर्शित कर सकें।

प्रतियोगिता तीन वर्गों- क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जायेगी। सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का चित्रकार/कला प्रेमी प्रतिभाग कर सकता है।

सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 24 सितम्बर को राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-39 में आयोजित की गयी थी। दोनों वर्ग सीनियर वर्ग एवं सामान्य वर्ग को पुनः एक बार अवसर देते हुए दिनांक 30 सितम्बर, 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 में आमंत्रित किया गया है। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा गौरव त्यागी द्वारा बताया कि जिन प्रतिभागियों ने दिनांक 24 सितंबर को प्रतिभाग किया था उन्हें पुनः प्रतिभाग करने की आवश्यकता नहीं है।

प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। तीनो वर्गों में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रूपया 51,000/-, 21,000/- एवं 11,000/- की पुरस्कार राशि के साथ-साथ फ्रेम किये गये प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार मे विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें।

# जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधीगण भी रहे उपस्थित

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 29 सितंबर, 2025: जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट सुरजपुर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस गोदाम में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा से जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, कांग्रेस से एड0 कपिल भाटी, सपा से अनूप तिवारी, आम आदमी पार्टी से जिला अध्यक्ष राकेश अवाना व जीतू गुर्जर सहित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार/उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में निरीक्षण के दौरान ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस में पहुंचकर वेयर हाउस का बहुत ही गहनता के साथ अवलोकन किया, वहां की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने खिड़कियों एवं रोशनदान की सुरक्षा का भी जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में आयुष विभाग का भव्य प्रदर्शनी स्टाल"

## "1250 रोगियों को नाड़ी परीक्षण और 1500 आगंतुकों को आयुष सेवाओं की जानकारी, मेरठ मण्डल के विशेषज्ञों ने दी उत्कृष्ट मार्गदर्शन"

**समाज जागरण**

25 से 29 सितम्बर, 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस वर्ष भी आयुष विभाग ने अपनी प्रदर्शनी स्टाल का आयोजन किया। उद्घाटन समारोह दिनांक 25.09.2025 को प्रमुख सचिव आयुष श्री रंजन कुमार (आईएएस) एवं महानिदेशक आयुष श्रीमती चित्रा वी (आईएएस) द्वारा भगवान धनवंतरी और हनीमैन की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ।

पाँच दिवसीय इस आयोजन में आयुष पंडाल पर 1250 रोगियों ने नाड़ी परीक्षण कर अपने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किए, जबकि लगभग 1500 आगंतुकों ने आयुष विद्या, इसके उपयोग और विभागीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। मेरठ मण्डल के आयुष विशेषज्ञों ने जन सामान्य के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान किया।



इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा. राम निवास सिंह (गौतमबुद्ध नगर), डा. अशोक कुमार राना (गाजियाबाद), डा. संजीव कुमार एवं डा. प्रीती सिंघल (मेरठ) समेत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। डा. कुलदीप राज, डा. दीपिका, डा. दिव्या, डा. अंशू, डा. फरहाना खातून, डा. मेहर आलम, डा. नवीन चन्द्रा एवं डा. शालिनी जैसे विशेषज्ञों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर डा. राम निवास सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# रावण द्वारा सीता जी का हरण व राम-सुग्रीव मित्रता।

**समाज जागरण**

नोएडा। श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के अष्टम दिन मुख्य अतिथि नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व परियोजना अभियंता एमपी शर्मा,हिन्दू युवा वाहिनी नोएडा के अध्यक्ष टीसी गौड़,नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर रामलीला का शुभारंभ किया गया। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव डॉ॰मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

प्रथम दृश्य में रावण दरबार में सुर्पणखा विलापकरती हुई पहुंचती हैं। रावण सुर्पणखा की दशा देखकर उससे पूछता है कि उसका नाक किसने काटा। सुर्पणखा बताती है कि



राम लक्ष्मण दशरथ के पुत्र हैं । राम के छोटे भाई लक्ष्मण ने उसकी नाक कटी हैं और उन्होंने खरदूषण का भी वध कर दिया ।

रावण सोचता है खर दूषण को मारने वाला कोई साधारण मनुष्य नहीं हो सकता , निश्चित ही कोई अवतार है ।रावण मारीच के पास जाता है और राम से बदला लेने के लिए कपट मृग बनने को कहता है ।मारीच सोने का मृग बनकर पंचवटी से निकलता है तो सीता राम जी से उस स्वर्ण मृग की खाल लाने को कहती हैं ।राम जी उसके पीछे जाते हैं और उस स्वर्णमृग को एक बाण से मार देते हैं ।मारीच मरते समय, है लक्ष्मण! है लक्ष्मण! पुकारता है।

उधर मौका देखकर रावण साधु का वेश रखकर जबरदस्ती सीता को पुष्पक विमान में बैठा कर आकाश मार्ग से जाता है। जटायु रावण पर हमला कर देते हैं इसके बाद लंकेश जटायु के पंख तलवार से काट देता है ।

इधर राम लक्ष्मण पंचवटी पहुंचते हैं वहां पर सीता को न पाकर दुःखी होकर ढूंढने लगते हैं । रास्ते में घायल गिद्ध राज जटायु मिलते हैं वह सारा वृतांत बताते हैं और भगवान की गोद में अपने प्राण त्याग देते हैं ।

उसके बाद भगवान सबरी के आश्रम पहुंचते हैं जहां पर प्रेम भक्ति में सबरी के झूठे बेर खाते हैं। श्रीराम ने कबन्ध का भी उद्धार किया था, जिन्होंने उन्हें वानरराज सुग्रीव से मित्रता करने का सुझाव दिया था ।सुग्रीव का निवास-स्थल खोजते हुए राम-लक्ष्मण जब ऋष्यमूक पर्वत के पास पहुंचे तो उन्हें देखकर वानरदल को उन पर संदेह हुआ ।तब उन्होंने हनुमान से आग्रह किया कि पता लगाया जाए कि वे दोनों दिव्य पुरुष कौन हैं तब हनुमान ने साधु का रूप धारण कर राम और लक्ष्मण से मुलाकात की ।सुग्रीव से मित्रता होती है और सुग्रीव बाली की दुष्टता के बारे में बताता है। सुग्रीव और बाली का युद्ध होता हैं और भगवान राम बाली का वध कर देते हैं । इस प्रकार प्रभु श्रीराम बाली को अपने परम धाम पहुंचा देते हैं।

इसी के साथ अष्टम दिवस की लीला का समापन होता है।

अध्यक्ष धर्मपाल गोयल जी ने बताया कि 29 सितंबर को सीता खोज,सीता दर्शन,लंका दहन, विभीषण शरणागति, सेतु स्थापना आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा।

इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सलाहकार मनोज शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल,मुकेश गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, गौरव मेहरोत्रा, मुकेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, चक्रपाणि गोयल,अनंत वर्मा,राजेश माथुर, साहिल चौधरी,नवीन पोरवाल, दयाशंकर तिवारी, दीपक अग्रवाल, बाबूराम शर्मा सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

# विधान परिषद निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 सितम्बर 2025: जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य के संबंध में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले की तीनों तहसीलों में नामावली पुनरीक्षण कार्य हेतु 13 मतदान केंद्र/पदाभिहित स्थल निर्धारित किए गए हैं, जहाँ स्नातक मतदाताओं को फार्म-18 तथा शिक्षक मतदाताओं को फार्म-19 उपलब्ध कराए जाएंगे तथा भरे हुए फार्म प्राप्त किए जाएंगे।

**निर्धारित मतदान केंद्र इस प्रकार हैं—**

तहसील दादरीः श्री अग्रसेन आदर्श इंटर कॉलेज रेलवे रोड दादरी, एनटीपीसी विद्युत नगर दादरी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-39 नोएडा, पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर-91 नोएडा, बादामी देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिसरख, परसन्दी देवी पब्लिक स्कूल छपरौला।

# 694 पक्षियों के बसेरों का लोकार्पण, 'अंतिम निवास' प्रांगण में पक्षी संरक्षण की अनूठी पहल

**समाज जागरण**

नोएडा, 29 सितम्बर 2025: सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास प्रांगण में सोमवार को दोपहर 12:00 बजे 694 पक्षियों के लिए निर्मित बसेरों का भव्य शुभारंभ किया गया। इस विशेष पहल का उद्देश्य पक्षियों को एक सुरक्षित आश्रय और अनुकूल पर्यावरण प्रदान करना है। इस पुनीत कार्य का आयोजन सामाजिक संस्था लोकमंच द्वारा किया गया, जिसकी प्रेरक भूमिका में अशोक गेरा, दर्शन गेरा एवं सुरेन्द्र गेरा (सी-132, सेक्टर-9, नोएडा) रहे। इस लोकार्पण समारोह में क्षेत्र के कई प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें अशोक गेरा, दर्शन गेरा, मोहित गेरा, सुरेन्द्र गेरा, सुनील गदोक, महेश सक्सेना, विभा बंसल, लीका सक्सेना, आर.एन. श्रीवास्तव, जयश्री श्रीवास्तव, मुकुल बाजपेयी, निरु शर्मा, अल्का चौहान, हर विलास जी, राजेन्द्र, सुभाष सिंगल, कुशाग्र अवस्थी, मुक्ता गुप्ता, आशु सक्सेना, एस.के. जैन, दिनेश, अनिल सक्सेना, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. नन्दन प्रकाश, दीपक दावर, अरविन्द्र चौहान, विजय श्रीवास्तव, पंडित उदित नारायण मिश्रा, हरीश मिश्र, इस्तुति कक्कड़, वेद प्रकाश, गिरजा सिंह, लुबना, गौरव दुबे, अशोक शर्मा, राकेश कुमार, रोबिन, सविता, सरिता, सुनील, पावन झा आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य न केवल पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम है.

# भारत में फि ज़ियोथेरेपी की राह बनाने वाली डॉ. सुनीता सूद से फर्स्टवन टीम की प्रेरणादायी भेंट – मिली नई दिशा और उमंग

**समाज जागरण**

नोएडा। सोमवार को फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन सेक्टर 70 के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुष्मिता भाटी ने देश में फि ज़ियोथेरेपी को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने वाली अग्रणी हस्ती, आई.पी.एच. दिल्ली की प्रथम बैच की वरिष्ठ फिज़ियोथेरेपिस्ट एवं होली फैमिली अस्पताल में 40 से अधिक वर्षों तक सेवाएँ देने वाली डॉ. सुनीता सूद से भेंट की।

इस अवसर पर टीम ने डॉ. सूद से आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें आगामी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हेतु आमंत्रित किया। यह सम्मेलन विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस (4-5 अक्टूबर 2025) के उपलक्ष्य में गाज़ियाबाद में फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन एवं भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। भेंट के दौरान फाउंडेशन की ओर से बच्चों द्वारा तैयार की गई विशेष पत्रिका भी डॉ. सूद को भेंट की गई। यह पत्रिका बच्चों की रचनात्मकता और उनकी प्रतिभा का सुंदर प्रतिबिंब है।



डॉ. सूद से हुई यह मुलाकात फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन एवं भागीरथ सेवा संस्थान की टीम के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और उत्साहवर्धक रही। टीम ने व्यक्त किया कि वे डॉ. सूद के उस मार्गदर्शन और संघर्ष को सलाम करते हैं, जिसके बल पर उन्होंने भारत में फि ज़ियोथेरेपी के क्षेत्र की राह प्रशस्त की और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त नींव रखी।

# बालश्रम जागरूकता अभियान के दौरान जनता को जागरूक किया गया

**समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव थाना ए0एच0टी0 मय सयुंक्त टीम के साथ जनपद बलरामपुर के थाना को देहात में स्थित नहरिया निकट फुलवरिया बाईपास में फरीद आटो सर्विस के यहां से बाल श्रमिक को मुक्त कराते हुए अभिभावक को चेतावनी /निर्देश दिए गए तथा बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अर्न्तगत बालश्रम,बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। गया 1- थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव ,2- हेड कांस्टेबल रूपेश कुमार ,3- महिला आरक्षी अर्चना द्वारा अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को जागरूक किया गया होटल ढाबा वर्कशॉप मालिकों को हिदायत दी गई कि बाल श्रम करना व कराना दंडनीय अपराध है।

# आईएमएस लॉ कॉलेज में लैंडमार्क सुप्रीम कोर्ट केस पर प्रतियोगिता का आयोजन

नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस लॉ कॉलेज में लैंडमार्क सुप्रीम कोर्ट केस विषय पर प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। संस्थान के ह्लरेशियो रेसर्स-द लैंडमार्क जजमेंट्स सोसाइटीह्व के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में एलएलबी, बीए.एलएलबी एवं बीकॉम.एलएलबी के छात्रों ने अपने विधिक ज्ञान, विश्लेषण क्षमता एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में रोमांचक एवं विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों और चचाओं के बाद विजेताओं की घोषणा की गई।

कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने छात्रों को प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिस्पधाओं में हिस्सा लेने से आपका विधिक ज्ञान और विश्लेषण क्षमता विकसित होगी, साथ ही आपको वास्तविक न्यायिक मामलों और निर्णयों को समझने और उनके व्यावहारिक पक्ष को आत्मसात करने का अवसर भी मिलेगा। वहीं आईएमएस लॉ कॉलेज की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजुम हसन ने छात्रों को सलाह दी कि वे ऐसे कार्यक्रमों में नियमित रूप से हिस्सा लें, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे अपने भविष्य के विधिक करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। आईएमएस ह्लरेशियो रेसर्स-द लैंडमार्क जजमेंट्स सोसाइटीह्व के संयोजक व्यास कुमार यादव ने बताया कि आज की प्रतियोगिता छात्रों को सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णयों और संवैधानिक प्रावधानों की गहन समझ विकसित करने में मदद करेगी। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों की विधिक सोच और विश्लेषण क्षमता को मजबूत करेगा, बल्कि उन्हें वास्तविक न्यायिक परिदृश्य से जोड़कर उनके व्यावहारिक ज्ञान को भी समृद्ध करने का काम किया। उन्होंने बताया कि आज की प्रतिस्पर्धा में एलएलबी, बीए.एलएलबी एवं बीकॉम. एलएलबी के 50 छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी विधिक ज्ञान, विश्लेषण क्षमता और तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सह-संयोजक पुष्पेंद्र अनुरागी ने बताया कि आज के कार्यक्रम के अंत में रोमांचक एवं विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों और चचाओं के बाद विजेताओं की घोषणा की गई।

# जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय जनेटा का निरीक्षण किया।

**समाज जागरण**

बहजोई । जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड बनिया खेड़ा के कंपोजिट विद्यालय जनेटा का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में शौचालय का निर्माण करना सुनिश्चित करें एवं विद्यालय के जर्जर भवन को शीघ्र ही नीलाम करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत से एमडीएम का शेड बनवाना सुनिश्चित करें और उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य द्वार पीएम श्री विद्यालयों के द्वार के समान बनवाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने विद्यालय की साफ सफाई एवं अध्यापकों को अनुशासन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया । जिलाधिकारी ने गांव के लोगों के साथ वार्ता करते हुए समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए अधिक से अधिक सुझाव देने एवं लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा ज्योत्सना सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

## नवागत लोकप्रिय एसपी सिटी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह व एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार को एमआर पाशा ने दी गुलदस्ता देकर बधाई

**एसपी सिटी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह व एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने एम आर पाशा की साहस की प्रशंसा की**

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा ने सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिटी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिजनौर कार्यालय में पहुंचकर नवागत लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार को गुलदस्ता देकर बधाई दी।





लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बधाई देने के बाद एमआर पाशा की पीठ थपथपाई और कार्य की सराहना की।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार की कार्य करने की शैली की प्रशंसा की। तथा जब से दोनों एसपी साहब जनपद में आए हैं जनपद की पुलिस में कार्य करने की शैली में बदलाव देखने को मिला है इसको देखते हुए दोनों एसपी साहब जनता के प्रति अच्छा व्यवहार व पीडितों की शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारण कर रहे हैं। एमआर पाशा ने एसपी सिटी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार को दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया। नवागत लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने आश्वासन दिया है। कि जल्द ही आपकी सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। और मैं अपने स्तर से बिजनौर के सभी जनपद के थाना प्रभारियों व पुलिस क्षेत्रीय अधिकारियों को अवगत कराऊंगा। मैं आपसे आशा करता हूं। कि किसी भी राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों का शोषण नहीं किया जाएगा। अगर कहीं भी शोषण किया जाता है तो संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में लूट का आरोपी दबोचा, पैर में लगी गोली

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। शनिवार को दोपहर बाद जिला मेरठ, रामराज निवासी रामबहादुर अपनी पत्नी मोनिका के साथ गोसपुर से रामराज जा रहा था। इस दौरान मंडावर-बालावाली मार्ग पर गाँव गोपालपुर से आगे सैनी ढाबा और पेट्रोल पंप के बीच बाइक सबार बदमाश बाइक पर पीछे बैठी महिला मोनिका का सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए थे।आनन फानन में पुलिस अधिकारियो ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था।तथा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए थे। शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे पुलिस मंडावर बिजनौर रोड पर इनामपुरा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक पल्सर बाइक मंडावर की ओर से आती दिखाई दी जैसे ही बाइक सवार ने पुलिस को देखा तो वह बाइक वापस मोड़ कर भागने लगा तभी उसकी बाइक सड़क पर गिर गई जब पुलिस टीम उसके पास पहुंची तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उक्त व्यक्ति के पैर में गोली लग गई तथा वह घायल हो गया। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में घायल ने अपना नाम। हिमांशू पुत्र सुशील कुमार निवासी फूलगड़ हरिद्वार बताया तथा उसने पूछताछ में महिला का मंगल सूत्र लूटने का जुर्म कबूल किया पुलिस ने अभियुक्त से महिला का लूटा गया मंगल सूत्र,लूट में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक अवैध तमंचा 315 बोर व 4 जिंदा कारतूस व एक कारतूस का खोखा बरामद किया है।



# गंगा एक्सप्रेसवे से बिजनौर को जोड़ने की मांग को लेकर शिवसेना की बैठक

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर शिव सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक शिवसेना के क्षेत्रीय कार्यालय बागड़पुर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र उर्फ सोनू ने की, जबकि संचालन सोवीत गुर्जर ने किया।



बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मां भागीरथी गंगा का प्रथम प्रवेश द्वार बिजनौर है, इसके बावजूद गंगा एक्सप्रेसवे में बिजनौर को शामिल न करना, जनपदवासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि बिजनौर के जनप्रतिनिधि अपने निजी कार्यों में व्यस्त हैं और जनता की इस महत्वपूर्ण मांग पर मौन साधे बैठे हैं। शिवसेना जिला प्रमुख ने चेतावनी देते हुए कहा कि बिजनौर को गंगा एक्सप्रेसवे से वंचित किया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही एक बड़ी रणनीति बनाकर आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस आंदोलन में जिले के साधु-संत, अधिवक्ता, पत्रकार और विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों को भी साथ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि "गंगा एक्सप्रेसवे हम लेकर रहेंगे" और इसके लिए शिवसेना हर स्तर पर संघर्ष करेगी। बैठक में सूबे गुर्जर, सूरज सिंह, पुलकित शर्मा, वहीद, सुभाष शर्मा, आशीष कुमार, हेमराज, रवी, मुकुल, वेदपाल सिंह समेत कई शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# महिलाओं को दी गई सुरक्षा व स्वच्छता की जानकारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर , जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर सीएचसी स्याऊ में महिला कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं मिशन शक्ति 5.0 (नारी, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन) अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर टीम और हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम ने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।




कार्यक्रम में उपस्थित संवासिनियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की पात्रता व लाभ समझाते हुए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही महिलाओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी विस्तार से दी गई। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा या परेशानी की स्थिति में इन नंबरों के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इसके अलावा स्वच्छता संबंधी जागरूकता भी कराई गई। टीम ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन को भी मजबूत करता है।

# रामलीला महोत्सव के दसवें दिन हनुमान पहुंचे अशोक वाटिका, सीता से हुई भेंट

**समाज जागरण**

बबराला। नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव के दसवें दिन रविवार को मंचन में श्रद्धालुओं ने कई प्रेरक प्रसंगों का सजीव चित्रण देखा। इस अवसर पर भगवान राम और लक्ष्मण की शबरी से भेंट, सुग्रीव से मिलन, बाली वध और हनुमानजी के लंका गमन के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया।





रामलीला का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख आशीष यादव हनी एवं स्वच्छता मित्रों द्वारा सामूहिक आरती से हुआ। इसके बाद वृंदावन के सुप्रसिद्ध श्रीकृष्ण लीला संस्थान के कलाकारों ने मंचन का प्रारंभ किया। कथा के अनुसार, सीता की खोज में भटकते हुए राम और लक्ष्मण शबरी की कुटिया पहुंचे। शबरी ने उनके चरण धोकर स्वागत किया और उन्हें आगे का मार्ग बताया।

इसके बाद कथा किष्किंधा पर्वत पहुंची, जहां भगवान राम ने सुग्रीव की सहायता कर बाली का वध किया और सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाया। सुग्रीव के आदेश पर वानर सेना सीता की खोज में निकल पड़ी। इसी क्रम में हनुमान समुद्र पार कर लंका पहुंचे।

लंका में हनुमान अशोक वाटिका में पहुंचे, जहां रावण द्वारा बंदी बनाई गई सीता से उनकी भेंट हुई। हनुमान ने सीता को भगवान राम की अंगूठी देकर संदेश दिया। सीता ने राम से मुक्त कराने की प्रार्थना करते हुए हनुमान के साथ लौटने से इंकार कर दिया और कहा कि वे चाहती हैं कि भगवान राम स्वयं रावण का वध कर उन्हें मुक्त कराएं, जिससे रावण को राम के पराक्रम का आभास हो सके।

मंचन के दौरान उपस्थित दर्शक भक्तिभाव में डूबे नजर आए। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संजीव वर्मा, शुभम वार्ष्णेय, अरुण कुमार डिंपल, नितिन आइडिया, निशांत गुप्ता मंकित, प्रशांत वार्ष्णेय, दुष्यंत वार्ष्णेय, महेंद्र प्रजापति, गोपेश कुमार, सुधीर वर्मा और सुरेश कुशवाह का विशेष सहयोग रहा।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 28 सितंबर 2025 को नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद जिला बिजनौर में स्वच्छता ही सेवा 2025 के पखवाड़े के तहत भारत बैंकट हॉल में पर्यावरण संरक्षण के तहत अतिथिगण उप जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नजीबाबाद व पूर्व अपरजिला जज मोहम्मद आदिल जी व विद्यालय के प्रबंधक महोदय सुहैल उर रहमान सर व प्रधानाचार्या शबाना परवीन ने वृक्षारोपण किया उप जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नजीबाबाद ने लोगों को वृक्षारोपण का महत्त्व व मिशन शक्ति के बारे मे जानकारी दी व जज साहब ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये एक ऐसी पहल है जो भविष्य में आने वाली त्रासदी को रोका जा सकता है राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने कार्यक्रम संचालन किया जिसमें स्वयंसेविकाओ ने अहम भूमिका निभाई व प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने संबंधी शपथ ली और लोगों को जागरूक किया





सभी स्वयंसेविकाओं ने प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करने और पेपर बैग या जूट या कपड़े के बाग के इस्तेमाल करने और पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता से संबंधित शपथ ली स्वच्छता ही सेवा योजना चलाई विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने प्राकृतिक पर्यावरण प्राकृतिक संसाधनों की कम से कम बबार्दी और ऊर्जा एवं जल संरक्षण से संबंधित चर्चा करके छात्रों का मार्गदर्शन किया कार्यक्रम को सफल बनाने में तनवीर खान,मनतशा, हिना मुदस्सिर, व समस्त शिक्षिकाओं का योगदान रहा

# आमजन डिब्बा बंद खाना से करें परहेज, मोटापा कम कर हृदय रोग से रहें सुरक्षित-डॉ स्नेही

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर 29 सितंबर 2025:- जिलाधिकारी जसजीत कौर के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत हाल ही में नवरात्रि के अवसर पर एक व्यापक जन जागरूकता पहल का संचालन किया जा रहा है। 22 सितंबर 2025 से शुरू इसी पहल के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज सीएचसी स्योहारा में अधीक्षक डॉ 0बी 0के स्नेही की अध्यक्षता विश्व हृदय दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर हृदय रोगों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और लैंगिक समानता को मजबूत करना है।



इस दौरान अधीक्षक डॉ0 स्नेही ने बताया कि इसके कारण उच्च रक्तचाप, मधु मेह, मोटापा, धूम्रपान, अल्कोहल का उपयोग, तनाव शारीरिक निष्क्रियता आदि मुख्य रूप से है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप सभी पोषणयुक्त आहार का सेवन करे, पर्याप्त नींद ले, सक्रिय रहते हुए नियमित व्यायाम करें तथा धूम्रपान व अल्कोहल से परहेज करें।

मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के तहत महिला पुलिस स्टेशन स्योहारा द्वारा स्वास्थ्य, साइबर अपराध, लैंगिक असमानता और सामाजिक कुरीतियों पर संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए। मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल के माध्यम से बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री , जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम,108 एम्बुलेंस,गैर संचारी रोग अभियान,कन्या सुमंगला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, निराश्रित पेंशन और मातृ वंदना योजना जैसी सेवाओं को भी प्रचारित किया गया।

नाट्य कार्यक्रम जैसी गतिविधियों के माध्यम से समाज में लैंगिक समानता, बाल विवाह रोकथाम, शिक्षा में भेदभाव समाप्त करने और कार्यस्थलों पर समान अवसर देने का आह्वान किया गया।

सोशल मीडिया अभियान के जरिये जनसंख्या अनुपात, लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉपआउट, बाल विवाह, लैंगिक हिंसा और शोषण जैसे संकेतकों पर सुधार को लेकर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ आंचल त्यागी ने कहा कि इस तरह के प्रयास तभी सफल होंगे, जब समाज भी इन योजनाओं के कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी करे। यह पहल महिलाओं और बालिकाओं के लिए न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम बनी, बल्कि उन्हें कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों से भी अवगत कराया। नवरात्रि के अवसर पर शुरू हुआ यह कार्यक्रम राज्य में नारी सम्मान और समानता के संदेश को व्यापक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के स्नेही, डॉ आंचल त्यागी, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, ए आर ओ आलोक कुमार,बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डी ओ राशि, अनम आदि उपस्थित रही।

# बर्तन व्यापारी की दुकान पर कुबंल कर दिया चोरी को अंजाम

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर के मुख्य बाजार में एक दुकान से नगदी और जेवरात चोरी की घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस कप्तान सहित कई टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस कई बिंदुओं पर अपनी जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार बर्तन व्यापारी योगेश तायल की नगर का दिल माने जाने वाले चौक बाजार में बर्तन खरीदने एवं बेचने की एक दुकान है जिसमें रात को अज्ञात चोरों ने घुसकर चोरी कर ली। व्यापारी योगेश तायल जब सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का सामान बिखरा हुआ था जिसे देखकर वह दंग रह गया। घटना की



सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसपी सिटी डॉक्टर कृष्ण गोपाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण किया। पुलिस कप्तान अभिषेक झा ने घटना के खुलासे को लेकर कई टीमों का गठन किया है। एसपी सिटी डॉक्टर कृष्ण गोपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बर्तन व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खुलासे को लेकर स्वाट, सर्विलांस, फॉरेंसिक टीम के साथ लोकल पुलिस भी लगी हुई है। दो से ढाई लाख रुपए की नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण चोरी होने की सूचना मिली है जिसको लेकर भी जांच पड़ताल की जा रही

# बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक लाख 10 हजार रुपए वसूली की

**समाज जागरण**

गुन्नौर बिजली उपखंड के अंतर्गत एसडीओ ऋषि कुमार शुक्ला के नेतृत्व में बिजली चोरी व राजस्व वसूली अभियान चलाया गया जिसमें जुनाबई थाना क्षेत्र के गांव लहरा नगला समेत कई जगहों पर बिजली चोरी करने के



मामले सामने आए जिनके चलते 9 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली थाना पुलिस में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया जबकि 44 उपभोक्ताओं संयोजन बकाया पर विच्छेदित किए गए जबकि 1लाख 10 हजार रुपए की वसूली की गई ।

# आरव कश्यप ने किया भगवान श्रीराम का अभिनय

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में आरव कश्यप ने भगवान श्रीराम का अभिनय कर सभी का जीत लिया। आरव कश्यप के श्रीराम अभिनय करने पर अभिभावकों एवं स्कूल स्टॉफ ने उन्हें दशहरा पर्व की शुभकानाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। आगामी दशहरा पर्व को देखते हुए स्थानीय आकांक्षा विद्यापीठ विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा एक के छात्रा आरव कश्यप ने भगवान श्रीराम का अभिनय कर सभी का जीत लिया। आरव कश्यप ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की जीत पर आधारित है। सीता हरण करने पर भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। इसी उपलक्ष्य में दशहरा पर्व मनाया जाता है। आरव कश्यप के पिता विनीत कश्यप ने सभी से भगवान श्रीराम के आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर पूजा कश्यप, रियांश कश्यप, भव्या कश्यप आदि का सहयोग रहा।



# रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। शाखा प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान कहा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाना जरूरी। स्थानीय मंडी मोलगंज स्थित भूमि विकास बैंक शाखा के प्रबंधक विद्या शंकर पाल अपने साथियों गौरव अग्रवाल पेट्रोल पंप वाले, राजकुमार सेठी, अरविंद कुमार उर्फ छोटे, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, कमल कुमार के साथ सुबह 7 बजे नगीना रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाकर एक संदेश दिया। सार्वजनिक स्थानों पर काफी भीड़ भाड़ और कचरा पड़ा रहता है जिससे लोगों को परेशानियां तो होती हैं साथ ही गंदगी से छोटी बड़ी बीमारियां भी लग जाती है जिसका बचाव केवल और केवल साफ सफाई और स्वच्छता अभियान चलना है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्य कोई सा भी हो दिखावे का नहीं बल्कि पटेल पर खड़ा उतारना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान से देश को निरोगी बनाना है तो आज आप भी संकल्प करें की जिसको जितना समय मिले राजनीतिक लोग हो या समाजसेवी या फिर आधिकारिक कर्मचारी वर्ग हो सबको स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता करनी चाहिए।



# थाना प्रभारी के आगमन पर एडवोकेट एसोसिएशन ने किया स्वागत

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर। थाना प्रभारी के आगमन पर पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट एसोसिएशन व जिला बार एसोसिएशन बिजनौर गवर्निंग काउंसिल ने थाना प्रभारी पुष्पा देवी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर अंकित रस्तोगी एडवोकेट ने कहा कि नवनियुक्त थाना अध्यक्ष पुष्पा देवी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और भी मजबूत होगी तथा आमजन को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिलेगा।




थाना प्रभारी ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता की सेवा करेंगी।

एडवोकेट तलहा मकरानी गवर्निंग काउंसिल जिला बार एसोसिएशन बिजनौर ने थाना प्रभारी से कहा प्रतिवादी की भी बात पूर्ण रूप से सुनो।

स्वागत समारोह में एडवोकेट तलहा मकरानी, अंकित रस्तोगी एडवोकेट, समीर एडवोकेट आदि उपस्थित सभी लोगों ने नए थाना प्रभारी को शुभकामनाएँ दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# नवरात्र और दशहरा उत्सव धूमधाम पर बच्चों ने रामलीला में आकर्षक बनाया

**समाज जागरण**

बबराला में विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्र और दशहरा उत्सव धूमधाम से बच्चों ने रामलीला की आकर्षक प्रस्तुति देकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। धू-धू कर रावण के पुतले को जलते देखकर बच्चों ने सियावर रामचंद्र की जयकार लगाई व आतिशबाजी की। नवरात्रि और दशहरा उत्सव की शुरूआत मां जगदंबे की मनमोहक आरती और सामुहिक नृत्य से हुई। दशहरा उत्सव का समापन रावण दहन से किया गया। रावण के दस फीट ऊंचे पुतले का निर्माण स्कूल के शिक्षकों ने ही किया था। स्कूल के अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि राम कथा का हर चरित्र बच्चों को आदर्श बनाने में सक्षम है भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही हम नए समाज की संरचना कर सकते हैं।प्रबंधक कपिल गोयल, कार्तिक गोयल ने बच्चों को सच्चे मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। राम के रूप में नित्यम लक्ष्मण के रूप में युगल और माता सीता के रूप में राधिका ने अपनी भूमिका निभाई तथा अर्णव ने हनुमान का स्वरूप धारण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों को रावण दहन के संदर्भ में बताया तथा प्रभु राम के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण सोनल शर्मा , वनिता अग्रवाल, मीनाक्षी मिनोचा, वर्तिका ,अंशु, कुमकुम श्वेता गुप्ता, रुचि, रीता ,मीनल, मीनाक्षी यादव ,खदीजा, नव्या, नाज, रितुपर्णा, अंजलि, अमित विशाल ,मोहित इत्यादिक उपस्थित रहे।

# नन्हें देवियों संग गूंजा रॉक गोल्ड अकादमी का नवरात्रे व दशहरा उत्सव

**समाज जागरण**

शामली। सोमवार को जिलेभर के शिक्षण संस्थानों में नवरात्रि व दशहरा



उत्सव धूमधाम एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया।
सोमवार को शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में नवरात्रि व दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाईस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल व प्रधानाचार्य राजश्री ने माता रानी को पुष्पों की वर्षा से व दीप प्रज्जवल कर अभिनन्दन किया। बच्चों ने भजन, श्लोक व नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्ले से द्वितीय कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थी नौ देवियों के रूप में सजे, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बने। इस दौरान प्रधानाचार्या राजश्री द्वारा बच्चों को दशहरा पर्व के बारे में विस्तार से बताया गया। वही रावण के पुतलों का दहन भी किया गया।

# मनुष्य आनन्द की खोज में भौतिक सुखों से उलझ जाता है, जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली। दिगंबर जैन धर्मशाला में सोमवार को मुनि श्री 108 विव्रत सागर ने आनंद की तलाश क्षणिक सांसारिक सुखों की व्यर्थता और सच्चा सुख प्राप्त करने का आध्यात्मिक मार्ग विषय पर अपनें प्रवचनों का केंद्रित रखा।
मुनिराज ने कहा कि मनुष्य आनंद की खोज में भौतिक सुखो में उलझ जाता है, जो केवल क्षणिक आनंद देते हैं और अंततः दुख का कारण बनते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि लोग एक पसंदीदा सीरियल के लिए बच्चे की भूख तक को नजरअंदाज कर देते हैं, बाद में पछताना पड़ता है। यह दशार्ता है कि सांसारिक सुख अंततः पश्चाताप की ओर ही ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम खुद को बुद्धिमान मानते हैं, लेकिन वास्तव में बुद्धिहीन हैं क्योंकि तंबाकू के पैकेट पर कैंसर की चेतावनी जैसी स्पष्ट बातों को भी नजरअंदाज कर देते हैं। इसी तरह धार्मिक क्रियाएं जैसे मुट्ठी भर चावल चढ़ाना तब तक व्यर्थ हैं जब तक उनका वास्तविक प्रयोजन समझा न जाए। अंत में मुनिराज ने श्रोताओं से आह्वान किया कि वे सच्चे मार्गदर्शकों का आश्रय लें और आत्मा में स्थित परमेश्वरत्व को पहचानकर स्वयं सागर बनने का प्रयत्न करें। इस अवसर पर अर्चना जैन, विनोद जैन, राजेश जैन, सीमा जैन, सुनीता जैन, रेखा जैन, चिन्मय जैन, अरुण जैन, अनुज जैन आदि मौजूद रहे।

# सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) सोमवार को नगर के सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में दशहरे का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम



की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों ने रामायण पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें राम, रावण, सीता और हनुमान जैसे पात्रों का जीवंत अभिनय कर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। मंचन के दौरान संवादों और भाव-भंगिमाओं ने रामायण की घटनाओं को सजीव कर दिया। साथ ही बच्चों ने कविताएँ और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिनमें अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया।
विद्यालय प्रांगण में रावण का पुतला दहन भी किया गया, जिसे देखकर बच्चों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा और प्रधानाचार्य विधि शर्मा ने अपने संबोधन में दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सत्य, नैतिकता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने अंदर की बुराइयों को भी रावण की तरह समाप्त करना चाहिए।कार्यक्रम के समापन पर देशभक्ति गीत गाए गए। इस दौरान शशांक मित्तल,वरुण, भूरा, जितेंद्र, शुभम, अंकित, हुसैन, एकता, नेहा, शिवानी, खुशी, शशिबाला, पिंकी, अंशु, सीमा, प्रभा, इति, रचना और श्रुति आदि मौजूद रहे।

# कमेटी के रुपए मांगने पर की मारपीट, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजलीघर मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने अपने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर कमेटी के रुपए मांगने पर आरोपी पर उसके पिता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। सोमवार को थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी अजहर पुत्र जमील ने बताया कि उसने अपने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के यहां पर कमेटी डाल रखी है। पीड़ित के अनुसार उसकी कमेटी के रुपए निकाले हुए हैं आरोप है कि सोमवार को उसका पिता जमील कमेटी के रुपए लेने के लिए गया हुआ था और जब उसने अपने रुपए मांगे तो आरोपी ने उसके पिता के साथ डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। शोर सराबा होने पर पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए। और आरोपी से बीच बचाव करने के बाद उसके पिताजी को छुड़ाया। पीड़ित ने अपने घायल पिता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अलग-अलग स्थानो पर दो महिलाओं के साथ हुई मारपीट

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो महिलाओं के साथ पड़ोस के लोगों ने मारपीट कर दी घायल दोनों महिलाओं ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी महिला सविता ने बताया कि पड़ोस के लोग पीड़िता और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते आरोपियों ने रविवार की देर शाम पीड़िता के साथ जमकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित महिला के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। दूसरी और थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी संध्या ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर पड़ोस के लोगों ने पीड़िता और उसके परिवार के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया है। घायल संध्या के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने दोनों स्थानों पर हुई मारपीट के मामले में प जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आपातकालीन सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल रहे। मुख्य अतिथि सीओ सिटी अमरदीप मौर्य एवं



एसएचओ वीरेंद्र कसाना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या या संकट की स्थिति में उन्हें संकोच नहीं करना चाहिए और तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पर्चे भी वितरित किए गए, जिससे वे भविष्य में लाभान्वित हो सकें। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन और प्रधानाचार्या डॉ. रुचिता ढाका ने कहा कि नारी शक्ति देवी के रूप में पूजनीय है, इसलिए प्रत्येक बालिका को अपनी ऊर्जा को पहचानकर निर्भीक रहना चाहिए।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को हेल्प लाईन नंबरों की जानकारी दी गई वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।
सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मिशन शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डीएम व विधायक ने बालिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के



तहत जिले में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करना है। कहा कि बालिकाओं व महिलाओं का समाज में शक्ति का स्थान है। शारदीय नवरात्र में शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा होती है, उसी क्रम में कन्या पूजन का आयोजन किया गया है, जो सुरक्षा और स्वावलंबन का बड़ा संदेश है। डीएम ने छात्राओं को 112, 1090, 1076 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि ये नंबर उनकी सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बनाए गए हैं। विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसी की हिम्मत नहीं है कि वह बेटियों की ओर आंख उठाकर देख सके। इस दौरान डीएम, एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें तिलक लगाया, चुनरी भेंट की और अपने हाथों से प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर एसडीएम सदर अर्चना शर्मा, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौ. मुश्फैकीन मौजूद रहे।

# भभीसा बीआरसी पर शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**समाज जागरण**

कांधला। विकास खंड क्षेत्र के गाव भभीसा स्थित खंड संसाधन केंद्र,बीआरसी पर कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स श्री अन्न पुनरोद्धार राज्य सेक्टर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सविता डाबराल ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ सोनू कुमार ने शिक्षकों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी आदि के महत्व और पोषण मूल्य पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और यदि वे श्री अन्न के महत्व को समझकर बच्चों व समुदाय को प्रेरित करें तो यह पहल एक जनआंदोलन का रूप ले सकती



है। अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी अजय तोमर ने प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए ट्राइकोड्रमा, बिवेरिया वेसियाना, लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और ट्राइको कार्ड के उपयोग से फसलों की सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया।सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव उपाध्याय ने राजकीय कृषि बीज भंडार कांधला में उपलब्ध निवेश योजनाओं की जानकारी दी और निःशुल्क सरसों मिनी किट की बुकिंग के प्रति जागरूक किया।खंड शिक्षा अधिकारी सविता डाबराल ने कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों से श्री अन्न को विद्यालयी पाठ्यक्रम, मिड-डे मील और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# पिता ने पुत्री की गोली मारकर की हत्या, बेटा भी शामिल, पुलिस ने खुलासा कर भेजा जेल

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बेहटा में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई थी जब पिता ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर फील्ड यूनिट से साक्ष्य जुटवाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।सोमवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता के कब्जे से तमंचा बरामदकर जेल भेज दिया और पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने जानकारी देकर बताया की मृतका का पिता जुल्फान




पुत्र जहूर हसन अपनी बेटी सना के किसी युवक से फोन पर बात करने से नाराज था। बार-बार समझाने के बावजूद जब बेटी नहीं मानी तो उसने बेटे के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दे डाला। जुल्फान ने पूछताछ में बताया कि घटना वाले दिन वह और उसका बेटा बहाने से अपनी बेटी को छत पर ले गए, जहां बेटे ने युवती को पकड़ लिया और उसने तमंचे से गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याभियुक्त पिता जुल्फान को गिरफ्तार कर लिया जबकि बाल अपचारी बेटे को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा और नाल में फंसा खोखा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस ने अपनी ओर से अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता को जेल भेज दिया है और आरोपी नाबालिग पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

# बिजली चोरी पकड़ने गए जेई के साथ उपभोक्ता ने की मारपीट

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव मीमला में बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाने गई विद्युत टीम के साथ ग्रामीण ने अभद्रता करते हुए हाथापाई की। घटना के संबंध में जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।
विद्युत विभाग की टीम द्वारा बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे जेई नितीश कुमार ने बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने व नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।अभियान के दौरान जब टीम आस मोहम्मद पुत्र हासिम के घर पहुंची, तो वहां बिजली चोरी करते हुए पाया गया। जानकारी के अनुसार, विभाग द्वारा पिछले माह ही इस उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया गया था, इसके बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जब जेई नितीश कुमार ने इस पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की बात कही, तो आरोपी पक्ष आगबबूला हो गया और विभागीय अधिकारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जेई नितीश कुमार को हल्की चोटें आई है। जेई नितीश कुमार ने बताया कि आस मोहम्मद पर विभाग का लगभग सत्तर हजार रूपए का बकाया है और पहले ही कनेक्शन काटा जा चुका है। फिर भी उपभोक्ता के घर विद्युत आपूर्ति सुचारू मिली। विद्युत विभाग जेई ने टीम के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# नवरात्रि उत्सव भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सरस्वती शिशु मंदिर शिशु वाटिका में सोमवार को नवरात्रि एवं विजयदशमी उत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भक्ति-





संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का संचालन स्वाति बंसल एवं संगीता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन, प्रधानाचार्य संजय कुमार सैनी, रवींद्र कुमार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नव दुर्गा के रूप में सजी कन्याओं की अद्भुत झांकी तथा नाटिका राम वनवास और राजतिलक की भावपूर्ण प्रस्तुति रही। बच्चों ने अपने अभिनय और सजीव प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर रूबी, सोनी, ईना, रिचा, नीतू, प्रियंका, दीप, काजल, आंचल, चांदनी मौजूद रहे।

# गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।
बैठक में सीडीओ ने एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की और जहां कमी पाई गई, वहां सुधार के निर्देश दिए। गंगा समिति की समीक्षा में नगर पालिका कैराना व शामली से सूचना न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई और शीघ्र कार्यवाही कर सूचना भेजने के निर्देश दिए गए।
सीडीओ ने जल निगम ग्रामीण व नमामि गंगे को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों से कृष्णी नदी में जाने वाले नालों, नालियों के जल प्रवाह को नापने की कार्ययोजना तैयार करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को जैव विविधता पंजिका का कार्य शीघ्र




पूर्ण करने और नगर निकायों (शामली, कैराना, एलम, ऊन, झिंझाना) को भी पंजिका बनाने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग को ध्वनि व वायु प्रदूषण कम करने के लिए नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण समिति की समीक्षा में ग्रीन चौपाल आयोजित कर रिपोर्ट भेजने और कार्बन क्रेडिट हेतु अधिक वृक्षारोपण करने वाले किसानों के नाम प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को भेजने के निर्देश कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग व सभी बीडीओ को दिए गए। सभी विभागों को जनपद में कराए गए वृक्षारोपण की क्रॉस चेकिंग कर स्थलों की भली-भांति जांच करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह, सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# त्योहारी सीजन में शामली जनपद के बाजार साप्ताहिक बंदी के दिन भी रहेंगे खुले

'उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने की जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर, सहमति ली'

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम अरविंद कुमार चौहान से मुलाकात कर त्योहारी सीजन में व्यापार सुगम बनाने के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन बाजार खोलने की मांग की।
प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने डीएम को बताया कि आगामी एक माह त्योहारी सीजन का है, जिसमें बाजारों में ग्राहकों की भीड़ अधिक रहती है और व्यापारिक गतिविधियां विशेष रूप से सक्रिय होती हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस अवधि में शामली जनपद के सभी बाजार साप्ताहिक अवकाश के दिन भी खुले



रहें, ताकि व्यापारी वर्ग को सुविधा मिले और आमजन की आवश्यकताएं सुचारू रूप से पूरी हो सकें। डीएम ने कहा कि इस संबंध में श्रम विभाग को आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएंगे। अब शामली जनपद के प्रमुख कस्बे जैसे शामली, कांधला, कैराना, थानाभवन, जलालाबाद, झिंझाना, ऊन, चौसाना, बनत एवं एलम में बाजार सप्ताह के सभी दिनों में खुले रहेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग जैन, जिला महामंत्री संजीव कुमार, अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बाबू ने कार्यालय पर रोका, ग्रामीण ने डीएम से लगाई गुहार

**समाज जागरण**

कांधला। विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण ने जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात एक बाबू पर ग्रामीणों की सहमति से पास किए गए प्रस्ताव को रोकने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर पत्रावली को मंडल आयुक्त को भेजने की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण सरवर अंसारी ने सोमवार को जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजते हुए अवगत कराया की बीते दिनों ग्राम पंचायत गंगेरू में ग्रामीणों की खुली बैठक आयोजित की गई थी।खुली बैठक में ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरे, गढ़ी दौलत,व गढ़ी श्याम को अलग राजस्व ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के समक्ष प्रस्ताव पास किए गए थे। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गंगेरू ग्राम पंचायत बहुत बड़ी ग्राम पंचायत है जिसमें पांच गांव आते हैं। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों ने एल एम सी की बैठक कर प्रस्ताव पर मोहर लगाकर अपनी सहमति जताई थी। ग्रामीण का आरोप लगाया कि जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात एलआरसी बाबू ने फाइल को अपने कार्यालय पर रोक रखा है जिस कारण ग्राम पंचायत को अलग राजस्व का दर्जा नहीं मिल रहा है। पीड़ित ग्रामीण ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है की उक्त बाबू को निर्देशित कर ग्रामीणों की सहमति से पास की गई पत्रावली को मंडल आयुक्त सहारनपुर को भेजी जाए ताकि दोनों गांव को ग्राम पंचायत का दर्जा मिल सके।

# धू-धूकर जली रावण की सोने की लंका

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के गौशाला भवन में श्रीरामलीला के 12वें दिन माता सीता की खोज व लंका दहन की लीला का मंचन किया गया।
मंचन में दिखाया गया कि हनुमान लंका में सीता की खोज करने समुद्र पार करके जाते हैं। वहां पर अशोक वाटिका में बैठी माता सीता को राक्षसियों द्वारा परेशान करने तथा उन्हें तरह-तरह की यातनाएं दिए जाने का दृश्य हनुमान ने देखा। तभी कुछ क्षण बीतने के बाद हनुमान ने प्रभु श्रीराम द्वारा दी गई मुद्रिका को माता सीता के सामने जमीन पर डालकर उन्हें अपना परिचय दिया। इसके बाद अशोक वाटिका में मां सीता की आज्ञा लेकर वह फल खाने के लिए चले गए। जहां पर उन्होंने कुछ फल तोड़े तो कुछ वृक्षों को भी तोड़ा। उनको रोकने के लिए अशोक वाटिका के पहरेदारों ने प्रयास किया, लेकिन हनुमान को वह रोक नहीं सके। तब इसकी सूचना रावण को दी गई, जिस पर रावण ने अपनी सेना



के साथ पुत्र अक्षय कुमार को हनुमान को रोकने के लिए भेजा। हनुमान ने रावण के पुत्र को मारकर पूरी सेना परास्त कर दी। इसकी सूचना जैसे ही रावण को मिली, तो उसने क्रोध में आते हुए मेघनाथ को हनुमान को पकड़कर उसके समक्ष लाने का आदेश दिया। अंत में मेघनाथ हनुमान को ब्रह्मास्त्र में बांधकर अपने पिता रावण के पास ले जाते हैं। जहां पर हनुमान की उद्दंडता पर सभी उनकी पूंछ में आग लगाए जाने का सुझाव देते हैं, जिसके बाद सभी राक्षस मिलकर हनुमान की पूंछ में आग लगा देते हैं। पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने उसी समय लघु रूप धारण कर लिया और लंका के घरों में कूद-कूदकर विभीषण का महल छोड़कर लंका के सभी महलों में आग लगा दी।

# एक ऐसा सिद्ध मंदिर जहां होती है पलंग की पूजा

- 300 साल पुराना है बाबा जानकीदास मंदिर की इतिहास
- मंदिर में साध्वी को घोर तपस्या से मिली थी चमत्कारी शक्तियां

**समाज जागरण**

बागपत। नगर के ठाकु रद्वारा स्थित जानकीदास मंदिर का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है। यह ऐसा सिद्ध मंदिर है जहां साध्वी के पलंग की पूजा की जाती है। मंदिर में जानकीदास नाम की एक साध्वी ने घोर तपस्या की थी। जिससे उन्हें कई चमत्कारी शक्तियां मिली थी। उनकी घोर तपस्या के कारण ही साध्वी को बाबा की उपाधि मिली और उन्ही के नाम पर मंदिर का बाबा जानकीदास हुआ। मान्यता है कि मंदिर में विधि-विधान से पूजन करने से साधकों की मन्नतें सहज ही पूरी हो जाती है। सैकड़ों साल बीतने के बाद भी लोग साध्वी के चमत्कारों की गाथा सुनाते हैं। नवरात्र में मंदिर में विशेष पूजन कराया जाता है। मंदिर के मुख्य पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री बताते है कि साध्वी के जन्म को कोई प्रमाणा नहीं है, मगर नगर के बुर्जग लोग आज भी उनके चमत्कारों की कथा सुनाते हैं। मान्यता के अनुसार रघुवर भेड़िया नाम के एक व्यक्ति ने साध्वी को अपशब्द कर दिए थे, जिस पर उसने अपना जीवन मलेच्छ की तरह जीना पड़ा। कहा कि जाता है कि एक बार मंदिर में भंडारे के दौरान घी कम पड़ गया था। साध्वी ने अपने शिष्यों को यमुना नदी से घी लाने के भेजा, बताया जाता है कि कढ़ाई में डालते ही यमुना का जल घी बन गया था।



जानकीदास मंदिर में दरबार में साध्वी का पलंग

**कण-कण में बसी है साध्वी**

लोगों के अनुसार मंदिर के कण-कण मे जानकीदास साध्वी का वास है। लोगों को मंदिर में उनकी अनुभूति होती है। मंदिर में सच्चे मन की पूजा करने और साध्वी को चाद्दर चढ़ाने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

**मंदिर में लगाया गया साध्वी का 300 साल पुराना पलंग**

मंदिर में साध्वी का 300 साल पुराना पलंग है। जिस पर सफाई करने के बाद रोजाना सफेद चादर बिछाई जाती है। मान्यता है कि साध्वी इसी पलंग पर बैठकर ईश्वर ध्यान करती है। साध्वी के पलंग पर श्रद्धालु शुक्लपक्ष के रविवार को सवा पांच मीटर की सफेद चादर चढ़ाते हैं।

--बाबा जानकीदास जिले का ऐसा मंदिर है जहां पलंग की पूजा होती है। लोग साध्वी के पलंग का पूजन कर अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। मनोकामना पूर्ण होने पर पलंग पर चादर और प्रसाद चढ़ाने की परंपरा है। सच्चें मन से पूजा करने पर साधक पर साध्वी की कृपा बरसती है और उसके मनोरथ सिद्ध होते हैं। साध्वी को मंदिर में दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होने के कारण बाबा की उपाधि मिली और उन्हीं के नाम पर मंदिर का नाम बाबा जानकीदास रखा गया- ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री



--मंदिर की इतिहास 300 साल से भी अधिक पुराना है। मंदिर का नाम साध्वी जानकीदास के नाम पर पड़ा। मंदिर में सच्चें मन से पूजना करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोरथ सिद्ध होते है। -मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा



--मंदिर में मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार प्रसाद चढ़ाते है और मंदिर में बाबा जानकीदास मंदिर पर सफेद चादर चढ़ाने का विधान है। शुक्ल पक्ष रविवार को मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ रहती है। -मंदिर समिति के सह अध्यक्ष महेश शर्मा



--मान्यता है कि मंदिर में सच्चें मन से मांगी गई मुराद सहज ही पूरी हो जाती है। मंदिर में नवरात्र में माता का विशेष पूजन किया जाता है। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु साध्वी के पलंग पर सफेद चादर और प्रसाद चढ़ाते है। -मंदिर समिति के महामंत्री राजेश गौतम



---नगर के बाबा जानकीदास मंदिर बागपत ही नही बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां शुक्ल पक्ष में रविवार के दिन सफेद चादर और प्रसाद चढ़ाने का विधान है। -मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष अमित गौतम



---साध्वी के बारे में कथा प्रचलित है कि भंडारे में तेल खत्म होने पर उन्होंने यमुना के जल में प्रसाद बना दिया था। उन्हीं के चमत्कार के कारण मंदिर की दूर-दूर तक मान्यता है। मंदिर समिति के सह कोषाध्यक्ष दुर्गेश कौशिक



# मार्शल आर्ट प्रतियोगिता मे सिल्वर मेड़ल जीत स्कूल का नाम किया रोशन

- यूपी स्टेट निन्जा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट चेम्पियन में जीता सिल्वर मेड़ल

**समाज जागरण**

चांदीनगर। गाजियाबाद में हुई यूपी स्टेट निन्जा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट चेम्पियनशिप में गोल्डन गेट की छात्रा ने सिल्वर मेड़ल जीता स्कूल का नाम रोशन किया बड़ागांव के गोल्डन गेट स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा अलीना ने गाजियाबाद के मार्डन वेली स्कूल में हुई यूपी स्टेट निन्जा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट चेम्पियनशिप में भाग लेते हुए रोशन किया 28 सितम्बर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था 29 सितम्बर को स्कूल पहुचनें पर छात्रा को सम्मानित भी किया गया इस मौकें पर बोलते हुए स्कूल के डारेक्टर सुधीर चौधरी ने कहा की पढाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है खेल से जहा शरीर स्वस्थ रहता है वही केरियर भी बनाया जा सकता है इस मौके पर कालिज स्टाफ भी मौजूद रहा।



सिल्वर मेड़ल जीत स्कूल का नाम

# कहरका गांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

--बागपत की धरती ने देश को महान खिलाड़ी दिए है:- समाजसेवी रवि बैंसला

**समाज जागरण**

चांदीनगर। कहरका गांव में एक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए समाजसेवी रविं बैसला ने कहा की बागपत की धरती ने देश को महान खिलाड़ी दिये है और हमेशा देश का नाम रोशन करने का काम किया है। कहरका गांव में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी चन्द्र किरण त्यागी की याद में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सासंद राजकुमार सांगवान और विधायक योगेश धामा ने किया और खिलाड़ी यो का हौसला बढता समाजसेवी रवि बैसला भागौट भी पहुंचे जहा उन्होंने कहा की खेलकूद भी हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। जहा खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है वही केरियर बनाने की भी अपार सम्भावना है। उन्होंने कहा की बागपत की धरती ने एक से एक विभिन्न खेलो में खिलाड़ी दिए है। जिन्होंने देश के साथ साथ अपने बागपत का नाम भी रोशन किया है उन्होंने कहा की कबड्डी खेलने वाले खिलाड़ी आज आईपीएल की तर्ज पर खेलकर अपना केरियर भी बना रहे है।



# नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत गौरीपुर में कार्यशाला

**समाज जागरण**

बागपत। कृषि प्रसार भवन सभागार ग्राम गौरीपुर में सोमवार को इफको द्वारा नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप कृषि निदेशक श्रीमती विभाति चतुर्वेदी ने की। कार्यशाला में इफको क्षेत्र प्रबंधक शामली विवेक सिंह तथा क्षेत्राधिकारी इफको बागपत विशाल कटारिया विशेष रूप से मौजूद रहे। उप कृषि निदेशक ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के लाभों की जानकारी कृषकों तक अवश्य पहुंचाई जाए, जिससे लागत घटे और उत्पादन में वृद्धि हो। इफको क्षेत्र प्रबंधक विवेक सिंह ने उपस्थित कर्मचारियों को नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, जैव उर्वरक एवं जल विलय उर्वरकों के प्रयोग, विधि और लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्राधिकारी इफको बागपत विशाल कटारिया ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, इफको ई-बाजार केंद्र प्रभारी विनेश कुमार, विनित पँवार, सुधीर पँवार, इफको एसएफए हॉटस्पॉट सागर पँवार, एमडीई अमित कुमार, इफको-एमसी से सचिन चौधरी सहित 70 से प्रतिभागी मौजूद रहे।




# भाकियू नेता शिवदत्त शर्मा के चाचा का 84 वर्ष की आयु में निधन

**समाज जागरण**

बागपत भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला महासचिव शिवदत्त शर्मा के चाचा नाथूराम शर्मा का सोमवार निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गई। नाथूराम शर्मा की उम्र 84 वर्ष थी और वे गांव लहचौडा के सम्मानित नागरिक थे। नाथूराम शर्मा सामाजिक और पारिवारिक जीवन में एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार की तैयारियां स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न की जाएंगी। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रभारी विनोद चौधरी, एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा और समाज के अन्य सदस्य ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पंडित शिवदत्त शर्मा ने अपने चाचा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि उनके विचार और मार्गदर्शन हमेशा परिवार के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगे। नाथूराम शर्मा का निधन न केवल परिवार के लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ी क्षति है, और उनके योगदान को याद किया जाएगा।



# श्री बालाजी रामलीला में भगवान श्री राम ने किया बालि का वध

**समाज जागरण**

बागपत। श्री बालाजी रामलीला कमेटी खेकड़ा के तत्वाधान में चल रही भव्य रामलीला का शुभारंभ अंकुश जैन समाजसेवी व शुभम जैन ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम जी की आरती कर किया। मंचन के मुख्य अतिथि रोहन चौरसिया पुलिस क्षेत्राधिकारी खेकड़ा रहे। मंचन में अतिथि भोपाल वर्मा व लाला वर्मा रहे। रामलीला के मंचन में दिखाया गया कि सुग्रीव मित्रता के पश्चात राम लक्ष्मण उनकी शरण में रहने लगते हैं, जहां सुग्रीव श्रीराम को बताते है कि मेरे भाई बाली ने मेरे साथ छल-कपट किया है। श्रीराम सुग्रीव जी से कहते हैं कि वह बाली से युद्ध करने के लिए अपने गले में एक हार डाल कर जाए। श्रीराम बालि का वध कर देते हैं और बाली पुत्र अंगद को अपनी शरण में लेते हैं। श्रीराम सुग्रीव का राज्याभिषेक लक्ष्मण द्वारा कराते हैं। इसके पश्चात सुग्रीव हनुमान जी को कहते हैं कि वह माता जानकी का पता लगाने के लिए लंका में जाए। लंका में विभीषण राम नाम का जप करते रहते है, जिसे सुनकर हनुमान जी रुक जाते है और विभीषण से उनका हाल जानते है। विभीषण हनुमान जी को बताते है कि वे रावण के भाई है और उन्होंने सीता माता जी को अशोक वाटिका में कैद कर रखा है। हनुमान जी विभीषण से पता करके अशोक वाटिका में छिप जाते है, तभी लंकापति रावण माता जानकी के पास आते है और उन्हें अपनी पटरानी बनाने की सलाह देते है। माता जानकी उन्हें बहुत धिक्कारती है। रावण वहां से चला जाता है, जिससे हनुमान जी श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी को दिखाते है, जिसको देखकर समझ जाती हैं कि वो श्रीराम जी की ही अंगुठी है। हनुमान जी अपनी भूख मिटाने के लिए अशोक वाटिका से फल खाते है और पूरी अशोक वाटिका को उजाड़ते है और वहां के सभी सैनिकों को मार गिराते हैं। घायल सैनिक लंकापति रावण को जाकर बताते है कि किसी वानर ने अशोक वाटिका को उजाड़ दिया है तो वह अपने पुत्र अक्षय कुमार को उनको पकड़कर लाने को कहते है। हनुमान जी और अक्षय कुमार का भयंकर युद्ध होता है, जिसमें अक्षय कुमार हनुमान जी के हाथों मारा जाता है, की लीला का सुन्दर चित्रण के साथ मंचन किया गया। कलाकारों में मुख्य रूप से रावण की भूमिका में सजीव जैन के अभिनय ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर मनोज धामा और सुनील रूहेला की कॉमेडी ने भी दर्शकों को खूब हंसाकर लौट पोट किया। रामलीला का मंचन डायरेक्टर मुकेश गौड़,अतुल रूहेला के सहयोग से संपन्न हुआ। रामलीला में उपस्थित आनंद यादव, धर्मवीर यादव,नितिन जैन,अनंत यादव, सुनील रूहेला,राजेंद्र यादव, मनोज धामा चार्ली, संजीव जैन,विकास जैन, मनोज जैन,अनिल कुमार, अंकित जैन,अरुण जैन,गोविंद माहेश्वरी ,दीपक द्वितीय, बिट्टू शर्मा, राकेश,विनोद कुमार,सतेंद्र , जयसिंह ,नरेश कुमार, गौतम ,अनुभव मेकअपमैन,रोहित साउंड वाले, शेखर रूहेला,प्रशांत रूहेला, निखिल धामा,दीपक यादव,संजू शर्मा,दीपक पांचाल,गौरव वर्मा, अरुण यादव, मोहन वेदी,मोनू, सोनू, अनुज कश्यप, सूरज, मनोज, अम्बे प्रसाद, भूरे,रोहित आदि सभी कलाकारों का मुख्य सहयोग रहा।



श्री बालाजी रामलीला खेकड़ा में मंचन करते कलाकार

# रामलीला में रामझ्रसुग्रीव मित्रता व बाली वध की लीला का मंचन

**समाज जागरण**

बागपत। नगर के श्री रघुवर रामलीला समिति ठाकुरद्वारा बागपत पर सोमवार की रात रामायण प्रसंगों पर आधारित रामझ्रसुग्रीव मित्रता एवं बाली वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। मंचन को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और राम भक्त रस में सराबोर हो उठे। लीला में दशार्या गया कि जब सीता की खोज में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण वन-वन विचरण करते हुए किष्किंधा पर्वत पर पहुंचे तो उनकी भेंट सुग्रीव से होती है। सुग्रीव राम को अपना दुखद वृतांत सुनाते हैं और बताते हैं कि किस प्रकार उनके भाई बाली ने उन्हें किष्किंधा से निकाल दिया। सुग्रीव की व्यथा सुनकर भगवान राम उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन देते हैं और बाली का वध करने का संकल्प लेते हैं। लीला में बाली वध का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बाली के वध के बाद श्रीराम सुग्रीव को किष्किंधा का राजा घोषित करते हैं। इस प्रसंग को देखकर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीरामह्व के जयकारों से वातावरण गुंजा दिया। मंचन के दौरान कलाकारों ने अपनी अभिनय कला से रामायण के इस प्रसंग को जीवंत कर दिया। श्रीराम की भूमिका में संजय रुहेला, लक्ष्मण की भूमिका में पवन तिवारी, सुग्रीव की भूमिका में आलोक जैन तथा बाली का पात्र मिठु शर्मा ने निभाया। रामलीला मंचन के अवसर पर समिति के पदाधिकारी और नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सैकड़ों श्रद्धालु देर रात तक मंचन का आनंद लेते रहे। पात्रों में सोनू शर्मा, सुजीत लखेरा, मोंटी चौहान, जोंटी और दीपक गुप्ता शामिल रहे।



# मा अम्बा ड्रिगी कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम

**समाज जागरण**

बागपत। मा अम्बा ड्रिगी कॉलेज, ग्वालिखेडा विद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सोमवार को पोषण पखवाड़ा जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी/उपजिलाधिकारी अमर चन्द वर्मा ने छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालक और बालिकाओं के बीच समानता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और मूल्यवान विचारों व कृतियों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सीएससी प्रभारी डॉ. विभाष राजपूत ने बालिकाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. मोनिका सिंह ने स्तन कैंसर और डॉ. मिनाक्षी सिंह ने बच्चेदानी कैंसर से बचाव के बारे में जानकारी दी। एसएचओ ने साइबर क्राइम, महिला हेल्पलाइन और ह्लचुप्पी तोड़ो एवं आगे बढ़ोह्व अभियान की जानकारी दी। डॉ. गरिमा सिंह (यूनिसेफ) ने बताया कि 11 से 19 वर्ष की बालिकाओं में हीमोग्लोबिन कम से कम 12 यूनिट होना आवश्यक है, अन्यथा एनीमिया, थकान और नींद की कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने पोषण और हाइजीन के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर बालिकाओं को सेनिटरी पैड वितरित किए गए और कैप पहनाकर स्वास्थ्य जांच भी की गई। कार्यक्रम में एसएचओ सिघावली अहीर, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर, प्रबन्धक और विद्यालय स्टाफ सहित अनेक अधिकारी और उपस्थित रहे।




# डीपीएस जूनियर पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया दशहरा का पर्व

**समाज जागरण**

बागपत। नगर के डीपीएस जूनियर पब्लिक स्कूल में दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय में गरबा, डांडिया और रावण दहन का आयोजन किया गया, जिसमे सभी विधार्थियो तथा शिक्षको ने प्रतिभाग किया। राम, लक्ष्मण, हनुमान जी की वेशभूषा में सजे बच्चों ने अपने अभिनय व नृत्य से सभी का मन मोह लिया। मुख्य आकर्षण रावण दहन का कार्यक्रम रहा। गरबा में कक्षा पाँच से अनंत, कक्षा चार से सिद्धी, अशीर्का, अवनी, मेद्यांशी व कक्षा सात से राधिका, कक्षा आठ से श्रेया और अनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक नितिन कुमार मानव ने बच्चों को बताया कि केवल यह एक परंपरा नहीं है, बल्कि इस बात का प्रतीक है कि समाज में व्याप्त बुराइयो का अन्त अवश्य होता है। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या नुपुर शर्मा ने किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या, आलस्य व क्रोध जैसे विचारों को समाप्त कर जीवन मे सच्चाई, परिश्रम, अनुशासन और सदाचार को अपनाये। कार्यक्रम के आयोजन में रूचि, शैली,अनामिका, आकांशा, शादमणि, शिखा, पारुल, पूनम, ज्योति, कविता, सोनाली, सोनम, सोनिया, कीर्ति, भावना, मनीषा, चंचल, ज्योति, सुरभि, नंदिनी, मोनिका, रूपाली, अनिता आदि का सहयोग रहा।



बागपत के डीपीएस जूनियर स्कूल में दशहरा के पर्व पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

# चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान में हिंदी कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण**

बागपत। भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अधीन चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान, बागपत में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजभाषा हिंदी में कार्य करने की प्रतिज्ञा ली। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित केनरा बैंक के वरिष्ठ राजभाषा प्रबंधक एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बागपत के सचिव अभय नाथ मिश्र ने हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों, नियमों और कार्यालयीन प्रयोग पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी का प्रयोग केवल नियम पालन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता, संस्कृति और प्रशासनिक दक्षता को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है। संस्थान के संयुक्त आयुक्त डॉ संदीप कुमार सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रेरित किया कि वे हिंदी को पत्राचार, रिपोर्ट लेखन, नोटिंग और प्रस्तुति कार्यों में प्राथमिक भाषा बनाएं। सहायक आयुक्त एवं हिंदी अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएँ हिंदी के व्यावहारिक क्रियान्वयन और संवर्द्धन में मदद करती हैं। कार्यशाला में कार्यालय की तिमाही और छमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा हुई, तथा प्रतिभागियों को हिंदी में रिपोर्ट लेखन, नोटिंग और तकनीकी शब्दावली के प्रयोग की जानकारी दी गई। बागपत के विभिन्न कार्यालयों, बैंकों और शिक्षा संस्थानों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में सभी ने हिंदी को सरकारी कार्यों की प्रथम भाषा बनाने का संकल्प लिया।




# आदर्श पब्लिक स्कूल में हुआ गरबा नृत्य का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। यह नृत्य नवरात्रि पर्व के अवसर पर किया जाता है, जिससे शरीर में शक्ति, स्फूर्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने देवी के नौ रूपों झ( शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता,कात्यायनी,कालरात्रि व महागौरी) आदि देवी के रूपो को नृत्य नाटिका के द्वारा प्रस्तुत किया और नवदुर्गा की झांकी प्रस्तुत की। विद्यालय के भव्य डांडिया नृत्य समारोह में छात्र छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों ने सुसज्जित होकर भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य कोमल शर्मा ने छात्राओं को दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए मां के नौ रूपों के बारे में बताया और यह भी बताया कि स्त्री को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। स्त्री प्रकृति है और इस पूरे ब्रह्मांड की संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह पर्व समाज द्वारा सामूहिक रूप से कन्याओं और स्त्रियों के प्रति सम्मान का सूचक है। इस पर्व में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन करके इस बात का महत्व समझाया जाता है कि उनके बिना कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता। इस अवसर पर दुर्गा बनी छात्राएं अविष्का शर्मा, आर्य धामा, तनिष्का, गौरी बंसल, प्रीशा गोयल,सृष्टि वर्मा, वेदांशी, आराध्या ,शगुन आदि ने सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं नितिन अरोड़ा,सारिका रस्तोगी, रेखा शर्मा , नीतू पांडे, नीतू धामा,दीपा शर्मा, राधिका कौशिक,दीपा चौहान,डोली धामा,पायल धामा,शिवानी यादव , शिवानी वर्मा,खुशी धामा,आरजू ढाका आदि ने सहयोग किया।



आदर्श पब्लिक स्कूल में गरबा नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे

# खेकड़ा आईटीआई में आज होगा अप्रेंटिस मेला का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) खेकड़ा में मंगलवार को अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में लगभग चार प्रतिष्ठित कंपनियाँ और अधिष्ठान भाग लेंगे। आईटीआई प्रधानाचार्य परवेज खान ने बताया कि मेले का उद्देश्य आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। मेले में प्रतिभाग करने वाले उम्मीदवार सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से अपनी योग्यता के अनुसार अप्रेंटिसशिप और नौकरी के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। नोडल प्रधानाचार्य ने सभी योग्य प्रशिक्षार्थियों और छात्रों से आग्रह किया है कि वे समय पर संस्थान में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। यह मेले का आयोजन स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और युवाओं को व्यवसायिक अनुभव प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

# मां भगवती कात्यायनी का षोडशोपचार व महामंत्र के साथ पूजन

**: नवरात्रे देवी पूजन का पर्व ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान का संदेश भी देता है : श्री महंत डॉक्टर अशोकगिरि**

**दैनिक समाज जागरण,
( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। नवरात्रि के षष्ठी दिवस पर मां भगवती कात्यायनी का पूजन-अर्चन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। हालूवास गेट स्थित सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरी आश्रम में विशेष अनुष्ठान आयोजित हुआ। इस अवसर पर पीठाधीश्वर परम श्रद्धेय श्री महंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंगलाचरण कर मां कात्यायनी का षोडशोपचार पूजन संपन्न करवाया। महंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में बताया कि ऋषि कात्यायन की पुत्री ही कात्यायनी थीं, जिन्हें नवदुर्गा में षष्ठी तिथि पर पूजा जाता है। परंपरागत रूप से मां कात्यायनी का संबंध लाल रंग से माना गया है। योग साधना में इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है और पूर्ण आत्मसमर्पण से मां के चरणों में निवेदित हो जाता है। उन्होंने कहा कि मां कात्यायनी की पूजा प्रातःकालीन स्नानादि के बाद षोडशोपचार विधि से करनी चाहिए। मधु का भोग लगाना अनिवार्य है और लाल पुष्प अर्पित कर भगवती का जाप करना अत्यंत फलदायी माना गया है। श्री महंत जी ने आगे कहा कि स्कंदपुराण के अनुसार कात्यायन ऋषि याज्ञवल्क्य के पुत्र थे और उन्होंने श्रौतसूत्र व गृह्यसूत्र जैसे ग्रंथों की रचना की थी। मां कात्यायनी की आराधना से साधक को सहज रूप से देवी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होता है।पूरे आश्रम में मां कात्यायनी के महामंत्र कात्यायनि महामाये महायोगि न्यधीश्वरि की गूंज रही और वातावरण भक्तिमय हो उठा। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में आत्मसमर्पण कर सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज ने कहा कि छठे नवरात्रे पर मां कात्यायनी की आराधना से साधक को साहस, ज्ञान और विजय का आशीर्वाद मिलता है। मां कात्यायनी आज्ञा चक्र में स्थित साधना की अधिष्ठात्री हैं, जो आत्मबल और आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। नवरात्रि केवल देवी पूजन का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान का संदेश भी देता है। नारी ही सृष्टि की आधारशिला है, जो परिवार, समाज और राष्ट्र को ऊर्जा व प्रेरणा देती है। इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम मातृशक्ति का आदर करें, बेटियों को समान अधिकार दें और नारी सामर्थ्य को पहचानते हुए उनके योगदान को सच्चा सम्मान दें।



इस धार्मिक अवसर पर बाबा कैलाश गिरी, बाबा दशरथ गिरी, कामाख्या गिरी, पंडित कार्तिक शास्त्री, पंडित दीपक पाठक, उदय शर्मा, नवीन पंडित, जयदेव कौशल, पंडित देवेंद्र शर्मा, पंडित रामनिहर, आचार्य बसंत शास्त्री, लेहसु नाई सहित अनेक संत-महात्मा, गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं स्थानीय भक्तों ने माता के जयकारों के बीच विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा संचालित विभिन्न संस्थाओं का वार्षिक उत्सव 01 से 07 अक्टूबर 2025 तक

**दैनिक समाज जागरण,
[ महेन्द्र जावला बहल ]**

बहल, सितंबर। बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा ने जानकारी दी कि बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा संचालित विभिन्न संस्थाओं का वार्षिक उत्सव 01 अक्टूबर से आरंभ होकर 07 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस उत्सव में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल किए गए हैं। सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन श्री हरिकृष्ण चौधरी करेंगे। 01 अक्टूबर 2025 (सायं 7:00 बजे) : बाबा सत्यनारायण मौर्य की प्रस्तुति एक शाम राष्ट्र के नाम देशभक्ति पूर्ण मनोरंजन कार्यक्रम ज्ञानकुंज स्कूल कैंपस, बहल में रहेगा। 02 अक्टूबर 2025 (प्रातः 10:00 बजे) : बीआरसीएम शिशुकुंज स्कूल, बहल का 38वां वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। मुख्य अतिथि श्रीमती बिंदु स्वरूप, समाजसेवी एवं धर्मपत्नी श्री विक्रम स्वरूप (चेयरमैन एवं प्रबंध



निदेशक,पहाड़पुर कूलिंग टावर्स लिमिटेड, कोलकाता) एवं विशिष्ट अतिथि श्री राजन कुमार (सीबीएसई रिसोर्स पर्सन, बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी) रहेंगे। 03 अक्टूबर 2025 (प्रातः 10:30 बजे): बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, बहल का 38वां वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह स्वामी विवेकानंद सभागार विद्याग्राम कैंपस में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जगबीर सिंह (सूचना आयुक्त, हरियाणा राज्य सूचना आयोग), विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) पवन कुमार (चेयरमैन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी) तथा श्री विक्रम स्वरूप (चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, पहाड़पुर कूलिंग टावर्स लिमिटेड, कोलकाता) कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। 05 अक्टूबर 2025 (सायं 7:00 बजे): अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसकी मेजबानी साहित्य कवि राजेश चेतन (भिवानी),करेंगे। इसमें हास्य कवि डॉ. रूचि चतुर्वेदी (आगरा), योगेंद्र शर्मा (भीलवाड़ा), महेश दुबे (मुंबई), केसर देव मारवाड़ी (जयपुर), एवं दीपक सैनी (दिल्ली), अपनी कविताएं प्रस्तुत करेंगे। 06 अक्टूबर 2025 (प्रातः 10:00 बजे): बीआरसीएम के उच्च शिक्षण संस्थानों (कॉलेजों) का उड़ान 2025 सांस्कृतिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रो. दीप्ति धमार्णी (कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी) रहेंगी। 07 अक्टूबर 2025 (सायं 7:30 बजे): स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जो एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

# पेपरलेस रजिस्ट्री, पैमाइश तथा व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की शुरूआत से राजस्व कार्यों में आएगी पारदर्शिता एवं तत्परताः एसडीएम मनोज दलाल

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से पूरे प्रदेश के लिए लॉन्च की पेपरलेस रजिस्ट्री, पैमाइश और व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की योजनाएं लोहारू में इन योजनाओं की शुरूआत के लिए बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**दैनिक समाज जागरण,
[ महेन्द्र जावला बहल ]**



बहल- लोहारू, सितंबर। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्री, पैमाइश तथा व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की शुरूआत से राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं तत्परता आएगी। धन और समय की बचत होगी। कार्यालयों की बजाय घर बैठे ही सुविधा ले सकेंगे। एसडीएम मनोज दलाल सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली तथा पेपरलेस निशानदेही प्रणाली आदि योजनाओं की लॉन्चिंग अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से पूरे प्रदेश के लिए लॉन्च की पेपरलेस रजिस्ट्री, पैमाइश और व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली योजनाएं की शुरूआत की। इन योजनाओं की शुरूआत होने से लोगों को रजिस्ट्री व भूमि की पैमाइश कराना आसान हो जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि रजिस्ट्री कराने के लिए भूमि मालिकों को हरियाणा डीड रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाना होगा। वहां अपनी जमीन और व्यक्तिगत जानकारी भरनी होगी। उसके बाद भूमि मालिक के कागज संबंधित तहसील कार्यालय में पहुंच जाएगी। हरियाणा सरकार ने यह प्रोजेक्ट लोगों की सहूलियत के लिए तैयार किया है। यदि कोई कमी होगी तो उसी दौरान भूमि मालिकों को सूचित कर दिया जाएगा। सभी कागजात पूरे होने के बाद भूमि मालिक को ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट लेनी होगी ताकि फोटो ली जा सके और बायोमीट्रिक्स प्रक्रिया संपन्न हो सके। दस्तावेज पूरे होने के बाद ही पैसे जमा होंगे। पैसा जमा होते ही रजिस्ट्री हो जाएगी। उसी दौरान उपभोक्ता चाहे तो ऑनलाइन दस्तावेज निकाल सकेगा। हार्ड कॉपी डाक के माध्यम से उनके पते पर भेजी जाएगी।

उन्होंने बताया कि चेटबोट राजस्व विभाग से संबंधित सभी सवालों का जवाब देगा। राजस्व निगरानी प्रणाली की मदद से राजस्व से संबंधित केसों की निगरानी हो सकेगी। इस प्रणाली से पता चल सकेगा कि किस तहसील कार्यालय, उपमंडल में कौन-सा केस कितने दिन से लंबित है।

**इस तरह से होगी पैमाईश**

अब पैमाइश भी अब घर बैठे हो सकेगी। इसके लिए भूमि मालिक को सिर्फ राजस्व विभाग के पोर्टल पर अप्लाई करना होगा। इसमें भूमि और अन्य सभी जानकारियां भरनी होगी। उसके बाद तहसील अधिकारियों के पास दस्तावेज पहुंच जाएंगे जहां वे कागजों और भूमि का सत्यापन करेंगे। दस्तावेज पूरे होने के बाद तहसील से अधिकारी भूमि मालिक के घर जाएंगे और पैमाइश का काम करेंगे। पहले लोगों को पैमाइश के लिए ही तहसील दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे।

**राजस्व विभाग का चैटबॉट हुआ लॉन्च**

सीएम नायब सिंह सैनी ने राजस्व विभाग का चैटबॉट भी लॉन्च किया। चैटबॉट के इस्तेमाल से कोई भी व्यक्ति राजस्व विभाग से संबंधित किसी भी योजना या अन्य जानकारी हासिल कर सकता है। इसके लिए सरकार ने एक एजेंसी भी हायर की है। चैटबॉट एक कंप्यूटर प्रोग्राम है जिसे एआई की मदद से तैयार किया गया है। यह उपयोगकताओं के सवालों को समझता है और उपलब्ध जानकारी के आधार पर कुछ ही सेकेंड में जवाब उपलब्ध करा देता है। इस अवसर पर बीडीपीओ विनोद सांगवान, कानूनगो अनिल मेंचू, कानूनगो कृष्ण कुमार,एसईपीओ दीपक शर्मा, जयवीर गिल,सचिन श्योराण, सुशील,नरेश, संजय श्योराण, नवीन श्योराण,सतेंद्र,दिनेश सहित पटवारी,ग्राम सचिव व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहीदी नगर कीर्तन बैंगलोर से कर्नाटक के लिए रवाना हुआ

**नगर कीर्तन का विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं द्वारा किया गया स्वागत**

**(रघुनंदन पराशर जैतो
दैनिक समाज जागरण
चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, सितंबर : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा धोबाडी साहिब, असम से शुरू किया गया शहीदी नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा साहिब उर्सुल से अपने अगले पड़ाव हुबली, कर्नाटक के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाए गए, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया। इस दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जीवन परिचय संगत के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर हमें अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा दी। उन्होंने संगत से अपील की कि वे नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी और उनके प्रिय सिख भाई मति दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की 350वीं शहादत के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले समारोह में अपने परिवारों सहित शामिल हों। नगर कीर्तन के प्रस्थान के समय गुरुद्वारा साहिब के आयोजकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। नगर कीर्तन के प्रति संगत में भारी उत्साह था और रास्ते में विभिन्न धर्मों के लोगों ने श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया। संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की और गुरु साहिब को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के जूनियर उपाध्यक्ष स. बलदेव सिंह कल्याण, उप सचिव स. सिंह, बलविंदर सिंह, दीपक सिंह, जसपाल सिंह मेहता, मनदीप सिंह, नवजोत सिंह, गुरजंत सिंह, बीबी हरप्रीत कौर, बीबी प्रबीन कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।नगर कीर्तन की शुरूआत के अवसर पर संगतों द्वारा शिरकत का दृश्य

# राहुल गांधी वोट चोरी का एक भी केस नहीं बता पाए, कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर वोटों को चुरायाः अनिल विज

**प्रजातंत्र से खिलवाड करना कांग्रेस का इतिहास, इलाहबाद हाईकोर्ट ने गलत वोट डालने के कारण राहुल गांधी की दादी का चुनाव रद्द किया था :अनिल विज**

**(रघुनंदन पराशर जैतो
दैनिक समाज जागरण
चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**




चंडीगढ़, सितम्बर :हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सवाल करते हुए कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी का शोर डालते है मगर वो एक भी केस नहीं बता पाए कि एक भी वोट चोरी की गई हो जबकि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि कांग्रेस किस प्रकार से प्रजातंत्र व स्वतंत्र चुनाव पद्धति के साथ किस प्रकार से खिलवाड करती रही है, इसलिए इलाहबाद हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की दादी का चुनाव रद किया था। इसके अलावा, श्री विज ने कहा कि देश में शांति भंग करने के लिए किसी प्रकार का टूल किट का प्रयोग किया जाए, यह ठीक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए मुख्यमंत्री पूरी तरह से सक्रिय रहते हैं। श्री विज आज राहुल गांधी द्वारा भाजपा को पहले वोट चोर, अब पेपर चोर कहने पर मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए सवाल पर जवाब दे रहे थे।उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ बच्चों की बचपन में ही भाषा गंदी हो जाती है और वह अच्छी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते, वह अपनी बात को कहने के लिए इस प्रकार के अपशब्दों का ही इस्तेमाल करते हैं। अब राहुल गांधी क्या कहना चाहते है यह तो वहीं बता सकते हैं। श्री विज ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के बारे में बताने के लिए बहुत कुछ है, क्योंकि राहुल गांधी की दादी का चुनाव ही गलत वोट डलवाने के कारण रद्द हो गया था। तब इलाहबाद हाईकोर्ट ने इनकी दादी का चुनाव रद्द कर दिया था जिसके बाद कांग्रेस ने इमरजेंसी लगा दी थी। यह कांग्रेस का इतिहास है कि किस प्रकार से कांग्रेस ने प्रजातंत्र के साथ व स्वतंत्र चुनाव पद्धति के साथ खिलवाड़ किया, शायद वहीं इनके सपनों में बार-बार आती है। कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर वोटों को चुराया, ये झूठ बोलने में माहिर हैं - विज

कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान कि बिहार में प्रधानमंत्री वोट चोरी के साथ वोट रेवड़ी भी बांट रहे हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि महिला कल्याण के लिए हमारी सरकारें भिन्न-भिन्न प्रदेशों में काम कर रही है। लाडो लक्ष्मी योजना जैसे हरियाणा में लागू की गई है वैसे ही बिहार में भी लागू की गई है। कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर वोटों को चुराया है, इन्होंने गरीबी हटाओं का नारा दिया था और एक नारे पर यह तीन-चार बार सत्ता में आए। इसलिए यह झूठ बोलने में माहिर हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि टूल किट के माध्यम से देश में अशांति पैदा करने के नए प्रयोग किए जा रहे हैं।आई लव मोहम्मद ट्रेंड में कांग्रेस के कूदने व लखनऊ में आई लव मोहम्मद के होर्डिंग्स लगने पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि कोई किसी से लव करे, किसी को कोई एतराज नहीं है, मगर इसकी आड़ में कानून व्यवस्था हाथ में लेने, पत्थर चलाए, गोलियां चलाए, देश की शांति को भंग करे और एक षड्यंत्र के तहत देश की शांति को भंग करने का प्रयास किया जाए, यह ठीक नहीं। इसमें ऐसा प्रतीत होता है कि टूल किट के माध्यम से देश में अशांति पैदा करने के लिए नए प्रयोग किए जा रहे हैं।*अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण लगाने के लिए मुख्यमंत्री जी सक्रिय रहते हैं ।कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने टविट किया कि पूरे हरियाणा में अपराध चरम पर है और अपराधियों का सिक्का चल रहा है, के संबंध में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी हर समय इसके प्रति जागरूक रहते हैं और इस पर नकेल डालने के लिए प्रशासन को खुली छूट दे दी गई है। अगर सुरजेवाला अखबारें पढ़ते या चौनल देखते हैं तो थोड़ा पिछला उठाकर देखे कि कितने लोगों को धाराशाही किया जा चुका है, अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण लगाने के लिए मुख्यमंत्री जी सक्रिय रहते हैं।

# सीता -रावण के बीच तीखे संवादों के बाद,हनुमान ने लंकापति रावण के अशोक वाटिका को तहस-नहस कर डाला,आज होगी माता की चौकी

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**



जैतो, सितंबर : स्थानीय रामलीला मैदान में पिछले कई दिनों से श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब रजि जैतो रामायण पर आधारित राम लीलाओं का मंचन अत्यंत खूबसूरत ढंग से किया जा रहा है,जिसे देखने के लिए विभिन्न जातियों व वर्ग की जनता उमड़ रही हैं।श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब में चल रही ।श्री रामलीला के मंच पर आज बहुत ही बेहतरीन नाइट अशोक वाटिका का मंचन किया गया ,जिसमें हनुमान जी को उनके बल को याद दिलवा कर लंका में भेजना और हनुमान जी व विभीषण की मधुर भेंट एवं रावण का मां सीता जी को सतना और हनुमान जी का राम कहानी सुना कर माता सीता जी को श्री राम जी की अंगूठी देकर विश्वास दिलाना बहुत ही रोचक संवाद देखने लायक था।। हनुमान जी ने माता सीता से कहा कि अब जल्द ही उनकी रिहाई होगी इसके बाद देखते ही देखते हनुमान जी ने अशोक वाटिका को तहस-नहस कर डाला। वाटिका से फलों को तोड़कर पंडाल में बैठे भक्त जनों को अपने हाथों से वितरण किया। लंकापति रावण और हनुमान जी का संवाद भी देखने के काबिल था ।आज की इस लीला में माता सीता जी की भूमिका भावित गोयल और रावण पाला सिंह एवं हनुमान जी पंकज जिंदल ने बहुत ही बेहतरीन तरीके से निभाई। इन कलाकारों के जोरदार प्रदर्शन और तीखे संवादों के दौरान लोगों ने खूब सराहा और तालियां बजाकर आनंद माना।हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने का दृश्य देखकर पंडाल में बैठे लोगों ने खूब आनंद लिया।इस लीला शुभारंभ जाने -माने उद्योगपति श्री सेवक सिंह भट्टी एवं भूषण मित्तल सोढ़ी शिव शक्ति राइस मिल नैअपने -अपने परिवार सहित गणेश जी और माँ सरस्वती की आराधना करके किया। इस अवसर पर लीला के मुख्य अतिथियों को यादगार स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।क्लब के पी.आर.ओ.व समाज सेवी पंकज जिंदल के अनुसार इस मौके पर क्लब के प्रधान मानक शाह शर्मा, म्यूजिक डायरैक्टर सोनू वर्मा,चेयरमैन ईश्वर जिंदल , डायलॉग डायरैक्टर सुरेंद्र लूम्बा, श्री राम अवतार वर्मा ,अशोक गर्ग, मीडिया इंचार्ज संदीप लूंबा सोनू,टोनी डोड, नरेश मित्तल ,डगराकांत शर्मा, नरेश शिवा,नवल जैन, अनिल मित्तल ,निंदी शर्मा सहित अन्य सदस्यों के साथ क्षेत्र के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।टोनी शर्मा पाटिल ने स्टेट संचालन का दायित्व बाखूबी से निभाया । इस दौरान डी.एस.पी.जैतो मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि त्यौहारों को देखते हुए शहर में पुलिस की दिन -रात की गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रामलीला मंचन के दौरान वहां विशेष पुलिस फोर्स लगाई गई है। उन्होंने शरारती तत्वों को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने कोई भी शरारत की तो उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से पुलिस को अपना सहयोग देने का आग्रह किया।श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के कलाकारों द्वारा लीला मंचन के विभिन्न दृश्य।

# भगवान विष्णु के पद्मनाभ अवतार को समर्पित है यह एकादशी : पंडित जोशी

**पापांकुशा एकादशी 03 अक्तूबर को**

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

श्री मुक्तसर साहिब, सितंबरः पापांकुशा एकादशी व्रत (शुक्रवार) 3 अक्तूबर को आ रहा है। 'आश्विन मास के चंद्र महीने के दौरान शुक्ल पक्ष की 'एकादशी' 11 वें दिन पर पड़ती है। इस कारण इस एकादशी को अश्विनी शुक्ल पक्ष की एकादशी भी कहा जाता है। पापांकुशा एकादशी भगवान विष्णु के एक अवतार भगवान पद्मनाभ को समर्पित है। इस दिन भक्त पूरे समर्पण और उत्साह के साथ भगवान पद्मनाभ की पूजा करते हैं। पापांकुशा एकादशी व्रत रखने से, प्रेक्षक भगवान पद्मनाभ की कृपा, आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पापांकुशा एकादशी को लेकर यह जानकारी सनातन धर्म प्रचारक प्रसिद्ध विद्वान ब्रह्मऋषि पं. पूरन चंद्र जोशी ने जलालाबाद रोड आदराम स्ट्रीट स्थित मां बगलामुखी मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पापांकुशा एकादशी को महत्वपूर्ण एकादशियों में से एक माना जाता है क्योंकि इस दिन व्रत रखने वाले को उत्तम स्वास्थ्य, धन और अन्य सभी सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह भी माना जाता है कि पापांकुशा एकादशी व्रत का पालन किए बिना, व्यक्ति को पापों से कभी भी मुक्त नहीं किया जा सकता है। और उनकी बुरी क्रिया जीवन भर उनका पीछा करती रहती है। इस श्रद्धेय व्रत का गुण 100 सूर्य यज्ञ या 1000 अश्वमेध यज्ञ करने के बराबर है। एकादशी तिथि प्रारंम्भ 2 अक्तूबर गुरुवार शाम 7:1बजे से एकादशी तिथि की समाप्ति 3 अक्तूबर शुक्रवार शाम 6:34 बजे तक होगी। पारण समयः व्रत खोलने का शुभ समय 4 अक्तूबर को सुबह



6:25 से 8:44 बजे तक रहेगा। पं. जोशी ने कहा कि पापांकुशा के दिन एक कठोर व्रत या मौन व्रत का पालन करते हैं। इस व्रत के पालनकर्ता को जल्दी उठना चाहिए और स्नान करने के बाद साफ कपड़े पहनने चाहिए। पापांकुशा एकादशी का व्रत अनुष्ठान दशमी से शुरू होता है। इस दिन सूर्यास्त से पहले सिर्फ 'सात्विक'भोजन लिया जाता है। और एकादशी के अंत तक उपवास जारी रहता है। व्रत का पालन करते समय, भक्तों को झूठ नहीं बोलना चाहिए और न ही कोई पापपूर्ण कार्य करना चाहिए। पापांकुशा एकादशी व्रत का समापन 'द्वादशी' 12 वें दिन को होता है। व्रत तोड़ने से पहले भक्तों को ब्राह्मण को भोजन और कुछ प्रकार के दान अवश्य देने चाहिये[ धार्मिक-महत्व पापांकुशा एकादशी पापांकुशा एकादशी, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी, भगवान विष्णु के पद्मनाभ स्वरूप को समर्पित है। इस व्रत का पालन करने सेः पापों से मुक्ति (महाभारत में धर्मराज युधिष्ठिर ने इसका उल्लेख किया है।)

स्कंद पुराण के अनुसार 100 अश्वमेध यज्ञों के बराबर फल मिलता है। इस व्रत के पालनकर्ता को दिन और रात में बिल्कुल नहीं सोना चाहिए। वे अपना समय भगवान विष्णु की स्तुति में वैदिक मंत्रों और भजनों को सुनाने और गाने में लगाते हैं। 'विष्णु सहस्त्रनाम'को पढ़ना भी काफी अनुकूल माना जाता है। पापांकुशा एकादशी के दिन, भगवान विष्णु की पूजा अर्चना विधि विधान के अनुसार की जाती है। इस दिन भगवान विष्णु के 'गरूड़'पर विराजमान के रूप को अत्यंत भक्ति के साथ प्रार्थना की जाती है। श्री हरि के '[पद्मनाभ'रूप] की पूजा फूल, सुपारी, दीये और अगरबत्ती से की जाती है। पूजा अनुष्ठानों के अंत में, एक आरती की जाती है। पापांकुशा एकादशी के दिन दान करना भी बहुत फलदायक होता है। यदि कोई व्यक्ति व्रत नहीं रख सकता है, तो वे ब्राह्मणों को कपड़े, खाद्य पदार्थ और अन्य आवश्यक चीजें दान कर सकते हैं और समान गुण प्राप्त कर सकते हैं। कुछ लोग पापांकुशा एकादशी के दिन 'ब्राह्मण भोज'का भी आयोजन करते हैं। ऐसा माना जाता है कि पापांकुशा एकादशी के दिन दान देने वाले लोग मृत्यु के बाद भगवान यमराज के निवास नर्क में कभी नहीं पहुंचेंगे।

# मीडिया केवल सूचना देने का साधन ही नहीं बल्कि समाज का दर्पण है : डा.ईशा अग्रवाल

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



आबू रोड़/जैतो, सितंबर : ब्रह्माकुमारीज की राष्ट्रीय मीडिया कॉन्फ्रेंस में संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका बीके जयंती दीदी ने लंदन से शुभकामना देते हुए कहा कि सबसे अधिक महत्व संसार मे मीडिया का ही है। इन्फॉर्मेशन विश्व भर में घूमती है । अशांति के कार्य का समाचार तो प्राथमिकता से दिया जाता है, किंतु बाद में शांति स्थापित होने के समाचार उतने महत्व से नहीं दिखाए जाते हैं। मीडिया विंग के उपाध्यक्ष बीके आत्म प्रकाश भाई ने कहा कि दुनिया की स्थिति ऐसी है कि कभी भी विनाश हुआ कि हुआ। महाभारत सामने है। विशिष्ट अतिथि मधुकर द्विवेदी ने कहा कि जिसके हाथ में मोबाइल है, वह मीडिया की भूमिका निभा रहा है। मीडिया का दायरा बढ़ा है, उसमे विकृतियां भी आई हैं। बीके डॉ गंगाधर, संपादक ओमशान्ति मीडिया ने कहा कि यहां जो कोई आता है, यहां की आध्यात्मिक खुशबू लिए बिना नहीं जाता। बीके रंजन बहन ने कहा कि आज विश्व में अविश्वास का माहौल है। इसलिए एकता खत्म हो रही है, अशांति का अनुभव कर रहे हैं। डॉ बनारसीलाल शाह, सचिव मेडिकल विंग ने कहा कि नशे से लोग दुखी हैं, कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा। लोग व्यसन छोड़ते हैं, लेकिन फिर एक साल के बाद फिर नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. ईशा अग्रवाल, ग्लोबल ब्यूटी पेजेंट विनर और अभिनेत्री ने कहा कि मीडिया को चौथा स्तंभ माना गया है। यह केवल सूचना देने का साधन ही नहीं बल्कि समाज का दर्पण है। महात्मा गांधी ने भी कहा था कि सत्य और अहिंसा ही सही दिशा दे सकते हैं। आज आवश्यकता है कि हम सभी सत्य और अहिंसा की आवाज बनें। रायपुर से आईं बहन शारदा नाथ ने दिव्य गीत प्रस्तुत किया। नृत्यांगना नाट्य एवं कला केंद्र बीदर के कलाकारों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इग्नू के रीजनल डायरेक्टर डॉ. कमलेश मीणा की किताब समावेशी विचार का विमोचन किया।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया नवरात्र उत्सव

**-- ब्रह्माकुमारी संगीता दीदी व कमला दीदी ने बताया नवरात्रि पर्व का महत्व**

**(मन्नू शर्मा पराशर
दैनिक समाज जागरण
चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

पंजाब/श्री मुक्तसर साहिब, सितंबर : तिलक नगर गली नंबर 5 स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में सोमवार को नवरात्र उत्सव का आयोजन हुआ । जिसमें ब्रह्माकुमारी संगीता दीदी जी और कमला दीदी जी कोटकपूरा वालों ने श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व का का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि नवरात्र में नौ शक्तियों का क्यों पूजन किया जाता है और देवियों के हाथ में अस्त्र-शास्त्र क्यों दिखाए जाते हैं, इनका क्या कारण है यह सभी बातें विस्तार से बताई गई । संतोषी दीदी ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया । जबकि सचल दीदी ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके आशू भाई और सावित्री माता कोटकपुरा से भी विशेष रुप से पहुंचे हुए थे । इस मौके अष्टमी पूजन भी हुआ ।

बड़ी गिनती में ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े लोग भी उत्सव में शामिल हुए । ब्रह्माकुमारी संस्थान के नवरात्र उत्सव में शामिल ब्रह्माकुमारी दीदियां व अन्य लोग।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया के द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत भवन चिल्हारी में रक्तदान संगोष्ठी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

**समाचार जागरण**



भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया के द्वारा एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी आदरणीय धरणेंद्र कुमार जैन (कलेक्टर उमरिया) के मार्गदर्शन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति आदरणीय अखिलेश त्रिपाठी जी के कुशल नेतृत्व में मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन चिल्हारी में विशाल रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया जिसमें सेवा भाव से ग्राम चिल्हारी और उसके आस पास के ग्रामों के सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा रक्त दान किया गया जिसमें पहले चिल्हारी के लोगों में अनेक तरह की भ्रांतियां थी और वहां के लोग रक्तदान नहीं करते थे लेकिन रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने वहां गहन संपर्क किया और सामाजिक लोगो को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि यह नर सेवा नारायण सेवा है लोगों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया मुख्य वक्ता के रूप मे देवेंद्र जायसवाल जी ने सभी रक्तदाताओ को रक्तदान करने के लाभ बताये आम लोगो को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया समाज मे रक्तदान से फैली हुई भ्रान्तिओ से बचने और रक्तदान महादान की परिकल्पना को चरितार्थ करते हुई हम सब को समाज मे आगे बढ़ कर आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करना हैं रक्तदाताओं के नाम प्रकार है - प्रशांत सोनी,महेन्द्र सिंह, अखिलेश मिश्रा ,राहुल द्विवेदी, विकास श्रीवास्तव ,पवन गुप्ता,सत्यपाल गुप्ता, उत्तम सिंह,विजय द्विवेदी,राजू मजूमदार, विष्णु यादव,सुधीर जायसवाल, अजय तोमर,उमेश गुप्ता,संजय सेन,सहित 17 लोगों लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति के सदस्य श्री देवेंद्र जायसवाल,रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य आदरणीय बृजेश शर्मा जी, आदरणीय श्री मान सिंह जी,डॉ अमृतलाल जायसवाल, रामप्रसाद विश्वकर्मा,अतुल तिवारी जी,डॉ रमेश कोरी,विकाश श्रीवास्तव जी पंकज परिहार जितेश मिश्रा राजू मजूमदा के सहयोग से रक्तदान का आयोजन हुआ आयोजन मे आदरणीय श्री आशुतोष अग्रवाल जी ,आदरणीय श्री मिथलेश पयासी जी ,अजय शर्मा,जनपद सदस्य श्री विजय द्विवेदी जी,सरपंच प्रतिनिधि श्री दिनेश कोल जी,एवं ब्लड बैंक उमरिया की समस्त टीम उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद अस्पताल के गायनी विभाग की व्यवस्था चौपट

### ट्रेंड नर्सों का अभाव, 2020 के बाद अब तक नहीं हो पाई एक भी डिलीवरी

**समाचार जागरण**

रीवा। नगर के निपनिया स्थित आयुर्वेद अस्पताल के हालात कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। पता चला है कि यहां पर गायनी डिपार्टमेंट तो है लेकिन ट्रेंड नर्सों का अभाव अब तक बना हुआ है। इस वजह से गर्भवती महिलाओं को यहां पर कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। लिहाजा गर्भवती महिलाओं का सहारा संजय गांधी अस्पताल एवं जिला अस्पताल सहित प्राइवेट नर्सिंग होम बने हैं। बताया गया है कि यहां पर वर्ष 2020 के बाद अब तक प्रसुताओं की भर्ती व डिलीवरी नहीं हो सकी। इसके पीछे की वजह है ट्रेंड स्टॉफ का न होना बताया जा रहा है।




जानकारी अनुसार विभाग में एक डॉक्टर की पदस्थापना है लेकिन जो भी नर्स है वह डिलीवरी कराने के लिए अनट्रेंड हैं। इस वजह से यहां पर कई वर्षों से डिलीवरी नहीं हो पा रही है। जबकि लेबर रूम से लेकर वार्ड में 20 बेड भी है। लेकिन नर्सों के अभाव में गर्भवती महिलाओं को प्रसूति सुविधा मिल पाना मुश्किल हो रहा है। नर्सों को ट्रेनिंग दिलाने में अक्षम रहा एनएचएम - : उल्ले खनीय है कि निपनिया आयुर्वेद अस्पताल में तकरीबन एक दर्जन नर्सिंग ऑफिसर कार्यरत है। लेकिन जिले के सीएमएचओ एवं एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के डीपीएम की लापरवाही के चलते अब तक इन नर्सों को प्रसूति कराने (स्टिल वर्क अटेंडेंस ) की ट्रेनिंग तक नहीं दिल पाए। जबकि आयुर्वेद अस्पताल को डिलीवरी प्वाइंट पूर्व से ही बनाया गया था। जहां पर हर सुविधा प्रदान करने सीएमएचओ एवं डीपीएम की जवाबदारी बनती है। लेकिन उनकी उदासीनता के चलते वर्ष 2020 से अब तक डिलीवरी प्वाइंट को सुविधा विहीन रखा गया है। अगर यहां की नर्स को भी विशेष ट्रेनिंग दिलाई गई होती तो अस्पताल में भी किलकारियां गूंजने लगती। हालांकि इस मामले में अधिक जानकारी के लिए सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला को कई बार फोन लगाया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं डीपीएम राघवेंद्र मिश्रा का जवाब रहा की नर्स को ट्रेंड कराने की पहल की जाएगी। सीएमएचओ अटैच नहीं कर रहे ट्रेंड नर्स - : निपानिया स्थित आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया। हमारे द्वारा कई बार सीएमएचओ ऑफिस को पत्र भेज कर ट्रेंड नर्स की मांग की गई। अस्पताल में बनाए गए डिलीवरी प्वाइंट में अटैच कर दिया जाए ताकि यहां भी गर्भवती महिलाओं को प्रसूति की सुविधा मिल सके इसके बावजूद भी ना पूर्व के सीएमएचओ इस बात पर गौर कर सके और ना ही वर्तमान सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। सिर्फ आश्वासन पर हमारा भरोसा टिका हुआ है। डॉक्टर कुलश्रेष्ठ ने बताया कि अगर आयुष अस्पताल के डिलीवरी प्वाइंट को दक्ष नर्स मिल जाती तो यहां भी प्रसूति सुविधा मिलने लगती और संजय गांधी एवं जिला अस्पताल से गर्भवती महिलाओं की भीड़ का दबाव कमता।

# वैशाली में होगा तेजस्वी किसान मार्ट स्टोर का भव्य शुभारंभ

### मुद्रिका कृषक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय

**समाचार जागरण**

वैशाली, सितम्बर 2025। मुद्रिका कृषक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम विविपुर, प्रखंड पटेही बेलसर, वैशाली द्वारा आज निदेशक मंडल (BOD) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 12 अक्टूबर 2025 को तेजस्वी किसान मार्ट स्टोर के भव्य शुभारंभ का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के चेयरमैन श्री रजनीश कुमार ने की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि यह आयोजन किसानों के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा, जिससे स्थानीय उत्पादों को सीधा बाजार मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर तेजस्वी किसान मार्ट के प्रदेश प्रभारी श्री रमेश कुमार सिंह की प्रमुख उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि तेजस्वी किसान मार्ट का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना है। बैठक में यह तय हुआ कि शुभारंभ समारोह में किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही किसानों को एफपीसी से जुड़ने के लाभ और बाजार तक सीधी पहुँच के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक में कंपनी के निदेशकगण रमनीश कु०अंगरा, कुमार अभिषेक, सुबोध कु० पंवार, मो० हुसैन, विनोद कुमार, राकेश सिंह (नियंत्रकाधिकारी), मुकेश कुमार पोद्दार, अजय कुमार, विजय कुमार, मुकेश सिंह और बबलू सिंह उपस्थित रहे।

# मेरी मर्जी से होगा यहां काम...

### टेक्निकल इंस्पेक्टर में संभाली टेक्निकल कमान रोजाना हो रहा लाखों का खेल - किसका कितना तालमेल

**समाचार जागरण राजीव कुमार**

बुढार। काले हीरे का कारोवार भले हो कोयलांचल को चमकाया हुआ हो. लेकिन इस चमक पीछे कुछ ऐसा भी अंधेरा है जहां रोशनी डालने साले जिम्मेदार काली कोठरी में बैठे नजर आ रहे हैं। ऐसा इसलिये भी है कि इस कोठरी में बैठे इन मातहतों को मोटा लाभ मिल रहा है, आंखों पर पट्टी बांधे ये जिम्मेदार न सिर्फ लगातार दोहन हो रहे लाखों के इस खेल से कमाई कर रहे हैं यतिक इस कमाई के मूल सूत्रधार की अपना ऐसा संरक्षण दे रखे हैं कि वह खुलेआम यह कहनें में भी गुरेज नहीं करता कि यहां एसईसीएल के नियमों से नहीं बल्कि मेरी मर्जी से होगा काम। राजेंद्र खैरा उप क्षेत्र अंतर्गत खैरहा कालरी में हो रहा खेल एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की प्रमुख खदानों मे शामिल खैरहा भूमिगत खदान अपने कोयला उत्पादन के लिये उन चुनिंदा माईसी में शामिल है जिससे एसईसीएल की साख बची हुई है। इस खदान से लाखों टन कोयले का उत्पादन होता है। यहां उत्पादित कोयले की गुणवत्ता भी ऐसी है कि कोयला व्यापारियों से लेकर ऐसी तमाम बड़ी कंपनियां जो कोयले का आयात करती है यह प्रमुखता से इस माईस से उत्पादित कोमले को क्रम कर लेते हैं, जिसका सीधा लाभ यहां तैनात कर्मचारियों को मिल रहा है। जानकारों ने बताया कि कोयले की उपलब्धता से लेकर उच्च गुणवत्ता वाले कोयले का परिवहन कराकर यहां तैनात जिम्मेदार न सिर्फ मोटी कमाई कर रहे हैं बल्कि इनके ऐसे तमाम नियम भी लागू है जिसे तोड़ने पर ट्रांसपोर्टर या कय कर्ता को भारी कीमत तक चुकानी पड़ती है।

**हर टन पर रेट फिक्स, आरओएम व स्टीम का जानिये क्या है सिस्टम**

बात नियमों की करें तो कोयला खदानों से निकलने वले कोयले के विक्रय परिवहन के यह स्पष्ट नियम है कि जैसा कोयला उत्खनित किया जायेगा वैसा ही विक्रय किया जायेगा इसे आसान शब्दों में आरओएम मतलब रनिंग ऑफ माइंस के रूप से समझा जा सकता है। जिसका सीधा अर्थ है कि कोयला खदानों से जैसा जिस हालत में कोयला उत्सवनित होगा वैसा ही विक्रय किया जायेगा, जिम्में पाथर के टुकडे, खेल भी हो सकते हैं। लेकिन इन नियमों के विपरीत उत्खनित कोयल को सेवा शुल्क के आधार पर ट्रांसपोर्टर सहित कोल व्यापारियों को उपलब्ध कराया जाता है। जानकारी के मुताबिक कोल माइंस में यह खेल इस बड़े पैमाने पर हो रहा है कि यहां रोजाना लाखों का सिस्टम सेंट है। प्रतिटन कोयले के दर पर एक निश्चित सेवा शुल्क निर्धारित है जिसकी आदगी से कोयले की गुणवता तय होती है। लेकिन यहां तैनात पाल इस पूरे सिस्टम के ऐसे खिलाड़ी है जिनके सामने एसईसीएल के नियम से पयादा इनकी मर्जी मायने रखती है।

**सेवा शुल्क से मेवा बटोर रहे ट्रांसपोर्टर, लाखों का हो रहा वारा न्यारा**

जानकार बताते हैं कि लोडिंग से लेकर स्टीम कोपले की उपलब्धता के लिये इस कॉल माइंस में सेवा शुल्क का दर निर्धारित है। जानकारों ने बतागा यह दर ८० रुपये प्रति टन से लेकर 110 रुपये प्रति टन निर्धारित है। इसे आसान शब्दों में ऐसे समझा जा सकता है कि एक 39 या 40 टन का ट्रेलर यदि इस कोयला खदान से लोड होता है और ट्रांसपोर्टर उसमें स्टीम कोफ्ता चाहता है तो उसे सेवा शुल्क के नाम पर तकरीबन 4000 रुपये देने होते हैं। इसके अतिरिक्त लोडिंग कर रहे कटान का चार्ज अलग से प्रदाय करना होता है। जानकारों की मानें तो उक्त कोयला खदान से प्रतिदिन एक सैकड़ा से ज्यादा बाहन कोयला लेकर निकलते हैं जिनसे वसूली का एक अनुमान लगाया जाये तो लगभग 2 से 2.50 लाख रुपये की वशूली की जाती है।

**टेक्निकल इंस्पेक्टर के कमाई का टेक्निकल खेलः**

खैरहा माइस से कमाई के इस खेल में ऐसे तमाम टैक्निकल प्वाइंट है जिसे समझना आसान नहीं है। दरअसल इस खेल आरओएम, स्टीम, लोडिंग, बैंकर लोडिंग, लेबर लोडिंग, कोयला छंटाई जैसे ऐसे तमाम खेल हैं जो किसी भी कोमला रखदान में नियम विरुद्ध तरीके से चलाये जाते है। इस खेल में परोक्ष रुप से भले ही तमाम जिम्मेदारों की सहभागिता हो लेकिन इस पूरे नेटवर्क की प्रत्यक्ष जवाबदारी टेक्निकल इंस्पेक्टर की होती है, जिनके इशारे पर वशूली से लेकर कोयले से कमाई का यह पूरा खेल संचालित किया जाता है। जानकार बताते हैं कि प्रबंधन में ऐसे तमाम जिम्मेदार होते हैं जिन्हें इस पूरे गोल की जानकारी भी होती है लेकिन तय हिस्सेदारी होने से बे-रोक टोबा कमाई का यह खेल लगातार जारी है।

**कब जागेंगे जिम्मेदार, क्या खनिज संपदा का ऐसे ही होता रहेगा दोहन**

एक तरफ देश की अर्थव्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निर्वाहन करने वाला कीमती कोयला जहां उत्तृट्टृट्टृ क्षेत्र को भी आर्थिक मजबूती देने में अपना प्रमुख योगदान निभाता है वहीं इस खनिज संपदा की एवा तरीके से देखा जाये तो खुली लूट मची है। एक तरफ जहां जिम्मेदारों के इस खेल से सरकार को हर माह लातों का चूना लगता है यहीं ऐसे तमाम जिम्मेदार हैं जो इस खेल से अपनी जेबे भरते हैं। गौर करने वाली बात यह भी है कमाई के इस पूरे सिस्टम कि जानकारी नीचे से लेकर प्रबंधन में बैठे तमाम उपर के जिम्मेदारों को भी होती है लेकिन इस दिशा में कोई कार्यवाही न किया जाना इस बात को प्रमाणित करता है कि कमाई के इस खेल में सबकी सहभागिता है। एरिया में पदस्थ महाप्रबंधक एवं सेल्स विभाग के अधिकारी इस बात से वाकिफ है या नहीं यह तो वह ही बता सकते हैं। लेकिन जिस प्रकार से भ्रष्टाचार का आलम राजेंद्र एवं खैरह माइंस के रोड सेल विभाग में मचा हुआ है उसे पर अंकुश लगा पाना लगता है मुश्किल है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अमरपुर और इंदवार मंडल की बैठक संपन्न

**समाचार जागरण**



उमरिया। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के अंतर्गत मंडल अमरपुर एवं मंडल इन्दवार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला बैठक नवीन सामुदायिक भवन अमरपुर में आयोजित की गई। कार्यशाला बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल,वरिष्ठ नेता मिथिलेश मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष विमल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ' बैठक में जिलाध्यक्ष जी के द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान की जानकारी दी गई कि 25 सितंबर से लेकर 25 दिसंबर 2025 तक चलेगा जो भी बिंदुवार कार्यक्रम तय है उसे हम सभी को मिलकर करना है। कार्यशाला बैठक को वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष आदरणीय मिथलेश पयासी ने संबोधित करते हुए कहा कि विशेष तौर पर स्वदेशी उत्पादों का स्तेमाल करना होगा और आनलाइन मार्केटिंग को पूर्णतया बंद करना होगा तभी विकसित भारत का सपना वर्ष 2047 तक पूर्ण हो सकेगा ' उक्त बैठक में मुख्य रूप से मदन सिंह ,केशव गुप्ता,रमाकांत चतुवेर्दी, मौजीलाल चौधरी, प्रभात चतुवेर्दी, सूरज विश्वकर्मा , सुनील पाण्डेय ,राजबहादुर लोनी,केदार सोनी, अनिल ताम्रकार, रंगूलाल प्रजापति ,सोमचंद रजक ,अनिल पटेल, अनिल चतुवेर्दी,रामप्रसाद विश्वकमा ',राजेन्द्र तिवारी,नीरज सिंह परिहार ,अजय शर्मा,सचिन सिंह ,बबलू जायसवाल,गुलाब लोनी ,राजीव शुक्ला, विजय शर्मा, अशोक विश्वकर्मा, ऋषिराज सिंह एवं जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धुओ की उपस्थिति रही '

# राहुल गुप्ता पर जानलेवा हमला : दुकानदारी की रंजिश में महेश गुप्ता ने की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**समाचार जागरण**

कोतमा । कपड़े की दुकान संचालित करने वाले राहुल कुमार गुप्ता (32) पर 28 सितंबर की रात उस समय हमला किया गया, जब वह अपनी दुकान से घर लौट रहे थे। आरोप है कि पड़ोसी दुकानदार महेश गुप्ता पिता ललन प्रसाद, महेश कलेक्शन, हनुमान तिराहा, वॉर्ड 6 ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतमा पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपी महेश गुप्ता के खिलाफ भारत न्याय संहिता (BNS) की धारा 296, 115(2) और 351(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। शिकायतकर्ता राहुल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 28 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे, तभी महेश गुप्ता ने उन्हें रास्ते में रोककर पहले अपमानजनक बातें कहीं और फिर नाक पर घूंसा मारा। इसके बाद उन्होंने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। अगले दिन मिलोगे तो जान से खत्म कर दूँगा, झ यह धमकी राहुल ने अपनी रिपोर्ट में दर्ज कराई है।

**व्यापारिक प्रतिस्पर्धा बना विवाद की वजह**

दोनों दुकानदारों की दुकानें पास-पास हैं। राहुल की दुकान पर ग्राहकों की संख्या अधिक होने से महेश लंबे समय से ईर्ष्या रखता था। यह पुरानी प्रतिस्पर्धा अब निजी रंजिश में बदल गई, जिसका परिणाम यह हिंसक घटना रही। स्थानीय लोगों के अनुसार महेश गुप्ता पूर्व में भी कई बार विवादों में रहा है और उसके व्यवहार को लेकर पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं। उसका रवैया हिंसात्मक माना जाता है, लेकिन अब तक कठोर कार्रवाई नहीं होने से उसके हौसले बढ़ते गए।

**पुलिस कार्रवाई शुरू, गिरफ्तारी की तैयारी**

कोतमा पुलिस ने पुष्टि की है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। प्राथमिक जांच में आरोप गंभीर पाए गए हैं। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी, थाना प्रभारी ने बताया।घटना के बाद बाजार क्षेत्र में रोष है। व्यापार मंडल और स्थानीय नागरिकों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि लगातार उपद्रवी गतिविधियां क्षेत्र की शांति भंग कर रही हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो सामूहिक विरोध किया जाएगा। यह घटना व्यापारिक प्रतिस्पर्धा से उपजी निजी रंजिश का भयावह रूप है, जो अब सामाजिक सुरक्षा के लिए खतरा बनता जा रहा है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोक सकती है।

# मां शारदा धाम में VIP-दर्शन का खेल, आम भक्त लाइन में, खादी-खाकी मिनटों में!

**समाचार जागरण**



मैहर। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शारदा धाम में रोजाना लाखों श्रद्धालु दूर-दराज से दर्शन करने पहुंच रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन व पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी से डटे हुए हैं, परंतु मंदिर प्रांगण में खादी और खाकी का वीआईपी-वीवीआईपी नजारा भक्तों के बीच असमानता का ज्वलंत उदाहरण बन गया है। जहां आम भक्त घंटों लंबी कतार में खड़े रहकर दर्शन के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं सफेद कुतार्धारी नेताओं, रसूखदारों और अधिकारियों के रिश्तेदारों के लिए चंद मिनटों में स्पेशल दर्शन का प्रोटोकॉल तैयार हो जाता है। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे और प्रत्यक्षदर्शी यह गवाही दे रहे हैं कि बराबरी के नाम पर हर साल गाया जाने वाला गीत यहां बेमानी हो चुका है। यह वीआईपी संस्कृति अब किसी व्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि मंदिरों की आस्था पर लगा कैंसर बन चुकी है। सेवा-भाव से तैनात पुलिस जवान निश्चित रूप से सलाम के हकदार हैं, लेकिन यह भी सच्चाई है कि उनके कंधों पर ही वीआईपी-वीवीआईपी विशेष दर्शन का बोझ भी लाद दिया गया है। अगर कोई जिम्मेदार अधिकारी या संस्था हमारे तथ्यों को गलत साबित कर दे और आमजन भी इसे असत्य माने, तो हम खुले मंच से माफी मांगने को तैयार हैं कहे कि बात हमारे मंदिर से जुड़ी है। लेकिन आज का सच यही है कि मां शारदा धाम में आस्था से ऊपर वीआईपी व्यवस्था खड़ी हो चुकी है।

# विराटेश्वरी धाम में महाअष्टमी की आरती, नवमीं को विशेष श्रृंगार ,विशाल भंडारा, जवारा विसर्जन का होगा आयोजन

### मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर माँ विराटेश्वरी के दरबार में महाआरती का होगा भव्य आयोजन

**समाचार जागरण**

शहडोल नगर के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महाष्टमी महाआरती का भव्य आयोजन होने जा रहा है श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने जानकारी देते हुए सोमवार को बताया है कि शारदीय नवरात्रि के नौदिनी महापर्व के पावन अवसर पर नवरात्रि महाष्टमी के दिन माँ भगवती की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी श्री आशीष राज तिवारी व श्री जयंतराज तिवारी ने बताया है कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रथम दिन से ही जगत जननी मां भगवती की भव्य पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी व भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर एवं प्रसाद का भोग लगाकर पूर्ण श्रद्धा भाव भक्ति के साथ माता की आराधना की जा रही है उन्होंने बताया कि नौदिनी महापर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ विराटेश्वरी जी की महाअष्टमी की महाआरती का भव्य आयोजन दिनांक 30/9/ 2025 दिन मंगलवार को किया जाएगा एवं 1अक्टूबर दिन बुधवार को महानवमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार मां भगवती का किया जाएगा व 2 अक्टूबर दिन गुरुवार को हवन पूजन एवं कन्या भोजन के पश्चात मां विराटेश्वरी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन होगा तो वहीं 3



अक्टूबर दिन शुक्रवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा विसर्जन यात्रा का आयोजन किया जाएगा मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय मोहन राम तालाब में विसर्जित किए जाएंगे इस अवसर पर आप सभी माता रानी के भक्तगणों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती के दरबार में पहुंचकर महाअष्टमी आरती, नवमी विशेष श्रृंगार ,विशाल भंडारा, जवारा विसर्जन यात्रा में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाएं। वही बताया गया कि इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री दुर्गा माता सेवा समिति के द्वारा समिति की ओर से मंदिर आने वाले भक्तों के लिए सभी व्यवस्था निशुल्क है , जूता चप्पल एस्टेंड ,मोटर साइकिल स्टैंड ,नारियल तोड़ने ,पानी ,लाइट , प्रसाद वितरण ,भक्तो के कथा पूजन के बाद साफ सफाई ,अष्टमी को महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया किया जाएगा श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार मंदिर के पुजारी जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी,अंकितराजतिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी ,विकास तिवारी, एवं श्री दुर्गा माता सेवा समिति के संरक्षक श्री नारायण पांडे, श्री मोहन श्रीवास्तव श्री अशोक मिश्रा ,बाटे भैया ,अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता ,अनिल सैनी भालू ,विनोद नामदेव,विनय केवट , राजेश त्रिपाठी नंदकिशोर बहरानी ,राम चन्द चेलानी,अजय श्रीवास्तव ,मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर ,सोमू गुप्ता, शुभम अग्निहोत्री, पंकज मौर्या, शिवम दुबे ,शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, , रामकिशोर केवट, रवि केवट ,जतिन मंगलानी, गौतम राज , लवली, रंजन गुप्ता, आकाश चौधरी अज्जू विश्वकर्मा के सेवादार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी सेवाएं निरंतर माता के दरबार में दे रहे हैं।

# सलैया में रेत का अवैध खनन

**समाज जागरण**

चंदिया। उमरिया जिले के अंतर्गत अखडार सलैया में रेत का अवैध उत्खनन ग्राम के कुछ दबंग लोगों द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है। वन परिक्षेत्र चंदिया के अंतर्गत बीट सलैया के अंतर्गत नदी एवं नालों से कई महीनो से रेत की अवैध निकासी की जा रही है। और तो और जिन दबंग लोगों द्वारा रेत की अवैध निकासी की जाती है उनके द्वारा शासकीय कर्मचारी से मारपीट भी की जाती है। कुछ दिन पूर्व ही ग्राम सलैया में वन विभाग के कर्मचारियों के साथ रेत चोरों द्वारा मारपीट की घटना प्रकाश में आई जिसकी सूचना पीड़ित वन कर्मी ने चंदिया थाने में भी दी है।

# पुलिस द्वारा अवैध गिट्टी लोडिंग पर कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शहडोल। रविवार को कस्बा देहात भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम केशवाही का मोहम्मद ताहिर मिनी ट्रक 407 ब्राउन रंग में खनिज गिट्टी लोड कर अवैध परिवहन एवं बिक्री करने हेतु केशवाही की ओर आ रहा है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रेड कार्यवाही की गई और केशवाही में मिनी ट्रक 407 वाहन क्र. एम.पी. 18 जी.ए. 2116 को वाहन में अवैध खनिज गिट्टी सहित जब्त किया गया। वाहन चालक की पहचान मो. ताहिर पिता अब्दुल गनी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम केशवाही चौकी केशवाही थाना बुढार जिला शहडोल (म.प्र.) के रूप में हुई। वाहन स्वामी आनंद मिश्रा निवासी जमुनिहा बताया गया। वाहन में अवैध खनिज गिट्टी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज (टी.पी.) प्रस्तुत नहीं किया किया गया। उक्त कार्यवाही में मामला प्रथम दृष्टया धारा 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध पाया गया। उक्त कार्यवाही में कुल कीमत ₹5,05,000/- की अवैध खनिज गिट्टी और मिनी ट्रक को पुलिस द्वारा जब्त किया गया। आरोपी वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध इस्तगासा क्र. 16/25 धारा 4/21 खनिज अधिनियम पंजीबद्ध किया गया है।

# एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओ सी एम में आरकेटीसी कंपनी में चल रहा महा खेला।

### बीटीसी ट्रेनिंग सेंटर में बिना ट्रेनिंग किया और मेडिकल ना होने पर भी श्रमिक कर रहे कार्य

**समाचार जागरण**

बरगवां अमलाई ।साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओपन कास्ट में ओबी हटाने कोयला निकासी भंडारण का कार्य और आर के टी सी नामक कंपनी के द्वारा ठेके पर लिया गया है जिस पर बिना बीटीसी ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग ना करते हुए बिना ट्रेनिंग प्रमाण पत्र के प्राइवेट कंपनी के द्वारा श्रमिकों को कार्य पर लिया गया है सूत्रों को कहना है कि अभी तक टेंडर के प्रावधान के अनुसार ओपन कास्ट में 50 मेंन पावर के साथ मशीनरिया ओपन कास्ट खदान में उतार दिया गया है यही नहीं श्रमिकों को कार्य में उतारने से पहले मेडिकल का प्रावधान है जहां पर मेडिकल सर्टिफिकेट लेने के नाम पर वसूली का कार्य भी चल रहा है और अपने चहेते और रिश्तेदारों को आरकेटीसी कंपनी में कार्य दिलाने के लिए मुंह मांगा रकम भी लिए जाने की खबर है यही नहीं एसईसीएल के कुछ तथा कथित दलाल नेताओं के द्वारा भी अपने लोगों को आरकेटीसी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में कार्य पर लगाने के लिए एड़ी चोटी की ताकत लगाई जा रही है जिसके कारण प्रभावित




किसान स्थानीय मजदूर श्रमिक उनके इस कृत्य के कारण आरकेटीसी कंपनी और एस ई सी एल के द्वारा दी जाने वाली लाभ से वंचित होने की स्थिति में साफ तौर पर दिख रहे हैं। पुलिस वेरीफिकेशन जो आज की स्थिति में कार्य पर उतरने से पहले या फिर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा श्रमिकों को अपने कार्य में उतारने से पहले ऑनलाइन या फिर थाने से वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य है ऐसा ना कर आर केटीसी कंपनी के अधिकारी लोगों की सिफारिश और चापलूसी के आधार पर उनके लोगों को कार्य पर उतार रही है। मजदूरी भुगतान में भी लफड़े बाजी एलपीसी के नियम के अनुसार एस ई सी एल द्वारा निर्धारित मजदूरी भुगतान किया जाना चाहिए किंतु प्राइवेट कंपनी लिमिटेड के द्वारा मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी भुगतान करने की अफवाह उड़ रही है यही नहीं जहां कर्मचारियों से 8 घंटे काम लेने की बात इनके ठेका प्रावधान में निहित है उन सभी नियम को दरकिनार करते हुए 12 घंटे कार्य करने की जुगत लगाई जा रही है। इस ठेका कंपनी के द्वारा स्थानीय मजदूर एवं श्रमिक की जगह वह राज्यों के श्रमिकों और मजदूरों से काम पर लिया गया है जिससे आसपास के प्रभावित ग्राम के स्थानीय मजदूर और श्रमिक रोजगार से वंचित होकर बेरोजगारी का दंश झेलने के लिए मजबूर हैं।

# सघन स्वच्छता अभियान के तहत दो सौ स्वयंसेवकों ने किया साफ सफाई

*जीवन मे सफाई दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनेगा का लिया संकल्प।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी जीवन अमूल्य है इसके लिये हर व्यक्ति को नैतिकता के आधार पर घर के साथ वाह्य वातावरण,निर्धारित आवश्यक हिस्सों में साफ सफाई रखना जरूरी है। आज देश के पीएम ने इस पुनीत कार्य मे स्वयंसेवकों को भी हिस्सा लेकर दायित्व निभाने का आह्वान किया है।

आज सोमवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी परियोजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के गंगापुर तथा राजातालाब परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाकर झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया और संकल्प लिया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 स्वयंसेवकों के साथ शिक्षक गण शामिल होकर पुण्य कार्य कर राष्ट्रीय उत्थान की मनसा को साकार किया। कल जहां गंदगी दिखती रही आज चमन साफ सुथरा नजर आने लगा।

इस कार्यक्रम में अधिकारी डॉ0 अखिला नन्द सिंह, डॉ0 अर्चना सिंह, मुख्य अनुशासक अंगद प्रसाद यादव,परिसर प्रभारी डॉ0 उमेश कुमार, प्रो0 मंजू मिश्रा, प्रो0 अलोक कश्यप, डॉ0 आशाकुमारी ,डॉ0 सत्यप्रकाश सिंह सहित प्राध्यापक कर्मचारी,स्वयंसेवक शामिल रहे।

# हरहुआ रिंग रोड पर ट्रक और फॉर्च्यूनर में टक्कर, बाल बाल चार लोग

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ (वाराणसी)। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाजिदपुर स्थित रिंग रोड चौराहे पर बीती रात लगभग 2 बजे ट्रक और फॉर्च्यूनर कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग बाल बाल बच गए। हल्की चोट पर घायल का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात बाबतपुर से राजातालाब की ओर जा रही फॉर्च्यूनर रिंग रोड चौराहे के समीप पहुंची ही थी कि सन्दहा की तरफ से आ रहा ट्रक (TN29AR9698) अचानक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गया। टक्कर से फॉर्च्यूनर क्षतिग्रस्त हो गई।

कार में चालक आकाश दुबे (32 वर्ष) निवासी शिवपुर, अनुज सिंह निवासी गोकुलपुर थाना बड़ागांव, दिवांशु मिश्रा निवासी भारलाई शिवपुर व योगेंद्र नारायण दुबे निवासी वासुदेवपुर शिवपुर सवार थे।

ट्रक चालक अरविंद पुत्र गोविंदन (30 वर्ष) व सहचालक सतीश कुमार दोनों निवासी तमिलनाडु, को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना की सूचना मिलते ही हरहुआ पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर चौकी परिसर में खड़ा कराकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड चौराहे पर रात के समय ट्रकों की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सिग्नल व सीसी कैमरे लगाने की जरूरत है।

# लोकजन सोशलिस्ट पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। बाबतपुर स्थित लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर सोमवार को स्थापना मनाया गया। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विरेंद्र विश्वकर्मा ने कहाकि अब हमें अपने वोट का इस्तेमाल करना है अपने हक और अधिकार के लिए करना चाहिए। गलत जगह वोट देने पर 5 साल रोना पड़ता है ।




पार्टी के प्रमुख ने गरीबी, बेरोजगारी,शिक्षा,चिकित्सा और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार इन सभी मुद्दों पर सफल नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहाकि 9 नवंबर को लखनऊ अयोजित रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुचने की अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री घनशाम यादव व संचालन के कैलाश विश्वकर्मा एवं समापन राधेश्याम विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान अब्बास शेख, मनीष शर्मा, साहिल, श्यामधनी भारती, संतलाल, मनीष राजभर, यशवंत सिंह, रवि पटेल, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ विश्वकर्मा प्रदेश प्रभारी नरेश समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# भटके हुए बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**समाज जागरण अतुल सोनी**
**चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर (बहलोलपुर) में सोमवार दोपहर 09 वर्षीय मंदबुद्धि बालक परिजनों से भटककर सड़क पर घूमता हुआ मिला। स्थानीय क्षेत्र पंचायत सदस्य व चोलापुर पुलिस के सहयोग से एक घंटे के भीतर ही परिजनों को सूचना मिली तथा परिजन चंदापुर चौकी से आकर अपने बच्चों को सकुशल साथ ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंसा थाना क्षेत्र के ऊंचेगांव का रहने वाला ऋषभ गिरी (09) अपने परिवार के साथ चोलापुर क्षेत्र में ही स्थित रिश्तेदारी में आया हुआ था। जहां से अचानक बिना किसी को बताए घर से एक किलोमीटर दूर नहर पर निकल गया। जहां रास्ता भ्रमित हो गया मंद बुद्धि होने के कारण कुछ बता पाने में असमर्थ था। सड़क पर बच्चे को भटकता देख आसपास के लोग बच्चे से पूछताछ करने लगे लेकिन बच्चा कुछ बता नहीं सका। मौके पहुंचे स्थानीय क्षेत्र



पंचायत सदस्य अजय चौबे ने बच्चे को आसपास के गांव में ले जाकर पहचान कराया लेकिन सफलता नहीं मिलने पर सकुशल अपने घर ले जाकर भोजन आदि कराया। उसके पश्चात चंदापुर चौकी पर जाकर प्रभारी अभिजीत सिंह को इसकी जानकारी दिया। चौकी प्रभारी अभिजीत सिंह व क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय चौबे द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चे के लापता पाए जाने की फोटो प्रसारित होते देख पिता धीरज गिरी चंदापुर चौकी पर पहुंचे तथा अपने बच्चों को सकुशल पाकर पुलिस और क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय चौबे का धन्यवाद व्यक्त करते हुए बच्चे को अपने साथ ले गए।

# सभी किसान एमपैक्स के सदस्य बने और विकास की कहानी खुद लिखें : संजीव गोंड

## चोपन मे आयोजित हुआ विशेष सदस्यता अभियान

वाराणसी।

विकासखंड चोपन के सभागार मे सोमवार को एमपैक्स सदस्यता महाअभियान अंतर्गत किसान गोष्ठी आयोजित हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री समाजकल्याण , अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग उत्तरप्रदेश संजीव गोंड ने कार्यक्रम मे बोलते हुए कहा कि सभी किसान भाईयो को सहकारी समितियो का सदस्य बनकर अपने विकास की कहानी खुद लिखनी चाहिए। सहकारिता से हर किसान परिवार जुड़ेगा तभी गाँवो को हम आर्थिक रूप से मजबूत कर सकेंगे।

सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि सहकारी समिति की सदस्यता लेने पर किसान को समिति और जिलासहकारीबैंक की सभी योजनाओ के लाभ प्राथमिकता से प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलासहकारीबैंक मिजार्पुर के डायरेक्टर संतोष सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसानो और ग्रामीण परिवारो को एक बेहतर भविष्य देना है।



सहकारी समिति की सदस्यता लेने पर किसानो को यूरिया , डीएपी व अन्य उत्पाद प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाएगी।धान व गेंहू क्रय मे समिति के सदस्यो को ही वरीयता दी जाएगी।

सचिव महाप्रबंधक जिलासहकारीबैंक राजकुमार यादव ने कहा कि सोनभद्र जैसे कृषि प्रधान जनपद मे सहकारिता से जुड़ना किसान के जीवन मे गुणात्मक परिवर्तन आयेंगे।

भाजपा नेता मोहन मौर्य ने कहा कि एमपैक्स की सदस्य संख्या बढ़ने से उर्वरक की समस्या का भी समाधान होगा।खाद के लिए लंबी कतार मे खड़ा नही रहना पड़ेगा।

कार्यक्रम मे मौके पर 29 कृषको ने एमपैक्स की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्य अतिथि द्वारा 15 सदस्यो को प्रमाणपत्र तथा कृषक पंजिका भी वितरित की गई।

एमपैक्स चोपन के सचिव रामअनंत द्वारा बताया कि अभियान मे अब तक कुल 62 नये सदस्य बने है । जल्द ही समिति के कार्य क्षेत्र में अवशेष बचे कृषको को भी सदस्य बना लिया जाएगा

कार्यक्रम का संचालन लवकुश भारती ने किया।

कार्यक्रम मे मे बैंक डायरेक्टर संतोष सिंह वैश्यवार,बलदेव सिंह, एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह , एडीओ चोपन अखिलेश कुमार, शाखा प्रबंधक चोपन जगदीशनारायण समेत सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डांडिया का धमाल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरहुआ वाराणसी में महाविद्यालय की छात्राओं ने डांडिया नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक साहित्यकार डॉ0 राघवेन्द्र नारायण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर शक्ति की उपासना सनातन धर्म में आदिकाल से प्रचलित है। सम्पूर्ण चराचर जगत शक्ति से संचालित है। शक्ति का कोई धर्म जाति वर्ण नस्ल नहीं है। वह अमूर्त होकर भी मूर्त रूप में प्राणियों और सृष्टि के कण कण में व्याप्त है। डांडिया नृत्य के माध्यम से देवी दुर्गा की आराधना की जाती है। 'या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता' श्लोक देवी की शाश्वतता और सार्वभौमिकता को प्रतिस्थापित करता है।






महाविद्यालय की छात्राओं ने देवी गीत,भजन के साथ डांडिया नृत्य प्रस्तुत करके समस्त वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। छात्राओं में स्नातक पंचम सेमेस्टर की छात्राएं रिया,त्रिषा, दिव्या और एम ए की कात्यायनी, शिखा , श्वेता,स्वाती और स्नेहा ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त छात्राओं और शिक्षकों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रो0 इकबाल अहमद, प्रीति राय, शालू गिरि, सरोजा देवी, डी0 के0 तिवारी, ज्योति गुप्ता अविनाश मौर्य,संदीप सिंह, शालिनी कन्नौजिया तथा ज्योति सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रिया सिंह और धन्यवाद ज्ञापन उपनिदेशक अंशुमान सिंह ने किया।

# लेखांकन से समूह के वित्तीय कार्यों में आएगी पारदर्शिता : सुरेश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। लेखांकन की सही प्रक्रिया अपनाने से समूहों के वित्तीय कार्यों में आएगी पारदर्शिता और सदस्यों का समूह के प्रति बढ़ेगा आपसी विश्वास।

उक्त बातें सरायकाजी काशीपति लॉन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से चयनित लेखपाल (बुक कीपर) का मॉड्यूल-2 विषयक चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए डिस्ट्रिक रिसोर्स पर्सन सुरेश पाण्डेय ने कही।



उन्होंने कहा कि नियमित रूप से समूह की खाता बही लिखने से सदस्यों में विश्वास होता है कि उनकी बचत सुरक्षित है। समूह का नियंत्रण स्वयं समूह सदस्यों के पास ही होता है और समूह अपने वित्तीय प्रबंधन पर सदस्यों की सहमति के आधार पर निर्णय लेने में सक्षम होता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डीआरपी सुरेश पाण्डेय द्वारा प्रतिभागियों को लेखांकन क्या होता है, लेखांकन का महत्व एवं लेखांकन की प्रक्रिया तथा समूहों में तैयार किए जाने वाले अभिलेख मुख्य रूप से कार्यवाही पुस्तिका, बचत पुस्तिका व ऋण पुस्तिका और सूक्ष्म ऋण योजना (एमसीपी), समूह को मिलने वाले फंड स्टार्टअप फंड, रिवाल्विंग फंड व सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए फॉर्मेट पर अभ्यास कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी के विकास खण्ड हरहुआ से चयनित 58 बुक कीपर दीदियों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान समय - समय पर उपयुक्त स्वतः रोजगार वाराणसी पवन कुमार सिंह एवं जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह का मार्गदर्शन प्रतिभागियों को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर सीता गुप्ता, सरिता, प्रियंका कुमारी, पुष्पा, रेखा, अनीता, संजू, लक्ष्मीना, प्रमिला, संगीता, संध्या, उर्मिला, सुमन, ऊषा, बैजन्ती, शिवकुमारी, विमला, स्नेहा, शीला, राधिका, ममता, पूनम, नीतू, गीता, मेनका, प्रेमलता, समिता, इंदू, अमृता, चन्दा, प्रीती, बिन्दु आदि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में आयोजक संस्था एएफसी इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि राहुल कुमार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सत्र का समापन किया गया।

# हरहुआ क्षेत्र में नवरात्रि सप्तमी को भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ क्षेत्र में नवरात्रि के सप्तमी तिथि पर जहाँ कई पंडालों में सविधि पूजनोपरांत मूर्ति का स्थापना किया गया वहीं पर दर्शन के लिए पंडालों में देर रात तक भीड़ उमड़ी रही।

श्रद्धालु नवरात्रि में सप्तमी को माँ कालरात्रि की पूजा करते हैं जो देवी दुर्गा माता का उग्र रूप माना जाता है।पंडाल के पास माला ,फूल,चुनरी ,नारियल की दुकानों पर खरीददारी के लिए भीड़ लगी वहीँ पंडाल में दर्शन कर श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी हुई। हरहुआ ,आयर, बेलवरिया ,वीरापट्टी ,सरायकाजी ,मुर्दहा ,व्यासबाग, दुनियापुर ,करोमा, सोहिला सहित देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ ने दर्शन किया और प्रसाद ग्रहण किया।



# फूलपुर के करवल बस्ती में चला नशा मुक्ति अभियान

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। उत्तर प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु संचालित मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत एसीपी पिण्डरा प्रतीक कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति गैर सरकारी संगठन के सहयोग से फूलपुर स्थित करवल बस्ती में विशेष नशा मुक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय महिलाओं एवं पुरुषों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, युवा एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं। इसके दौरान उपस्थित लोगों को नशा करने के दुष्परिणाम, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।लोगों को नशा त्यागने के लिए प्रेरित किया गया तथा जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु सतत प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया गया।एसीपी द्वारा करवल बस्ती की महिलाओं को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि अब वे अवैध शराब न बनाएँगी और न ही बनाने देंगी। अवसर पर नशा मुक्ति अभियान टीम व प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार, निरीक्षक अपराध कृष्ण चन्द मिश्रा, उ0नि0 मुनिशंकर वर्मा, उ0नि0 रवि प्रकाश यादव, मिशन शक्ति टीम प्रभारी उ0नि0 गोविद यादव व म0उ0नि0 अनुराधा मौर्या, हे0का0 ओम प्रकाश यादव, म0आ0 इन्द्रकला एवं करवल बस्ती की स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर नन्द - यशोदा और कन्हैयालाल की झांकी दिखाई गई

**समाज जागरण**
**ज्ञान दास गुप्त संवाददाता**

ड्रमंडगंज( मीरजापुर ) ।ड्रमंडगंज बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर के पण्डाल में नवयुवक बाल समिति द्वारा कराए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा में रविवार की रात्रि नन्द -यशोदा और कन्हैयालाल की झांकी दिखाई गई। पण्डाल में लगातार भीड़ बढ़ रही है। कथावाचक ज्ञानदेव महाराज की कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पण्डाल में पहुंच रहे हैं। भजन कीर्तन से भक्तिमय वातावरण बन गया है। ड्रमंडगंज पुलिस व पत्रकार भी पण्डाल में बैठकर समय दे रहे हैं। शाम होते ही श्रीमद्भागवत कथा की तैयारी पूरी हो जाती है और लगभग 9बजे तक भक्तों से पण्डाल भर जाता है। कथा के बीच -बीच में हरिनाम का संकीर्तन होता रहता है। श्रीमद्भागवत कथा के अंत में झांकी दिखाई जाती है उसके अंबे गौरी की सामूहिक आरती उतारी जाती है। अध्यक्ष सोनू केशरी, संचालक पिन्टू केशरी, प्रभारी शशांक केशरी के निर्देशन में नवयुवक बाल समिति के कार्यकर्ता व्यवस्थित ढंग से प्रसाद का वितरण करते हैं। कथा सुनने के बाद लोग श्रीरामलीला मैदान में पहुंच कर श्रीरामलीला का आनंद लेते हैं।



# सात आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों ने संभाला कार्यभार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।स्थानीय विकास खंड के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में सोमवार को अन्यत्र जगहों से आयी सात आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों (मुख्य सेविका) ने कार्यभार संभाला।

सीडीपीओ दिलीप केसरी ने बताया कि विकास खंड में नवनियुक्त सातों आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को परिक्षेत्र का आवंटन कर दिया गया है।

बतादें कि हरहुआ विकास खंड में आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों के 11सृजित पद के सापेक्ष 5 सुपरवाइजरों की तैनाती थी। पिछले दिनों एक सुपरवाइजर का सीडीपीओ पद पर प्रोन्नति होने के चलते गैर जनपद स्थानांतरण हो गया था।जिसके चलते चार सुपरवाइजर ही शेष रह गई थी। सात बार की तैनाती हो जाने अब तैनात सुपरवाइजरों की संख्या 11 हो गयी है। विकास खंड में आंगनबाड़ी केंद्र की संख्या 301 है।

# डांडिया महोत्सव में छात्राओं ने मचाया धूम, बिखेरा जलवा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय ब्लाक के वीएसवी इंटरमीडिएट कालेज वार ,काजीसराय में आज सोमवार को नवरात्र पर्व पर डांडिया व गरबा नृत्य महोत्सव सम्पन्न हुआ।



विद्यालय शिक्षिकाओं के नेतृत्व में छात्राओं ने आकर्षक साज-सज्जा संग ढोल बाजे पर नृत्य व गायन की प्रस्तुति कर जलवा बिखेर धूम मचाई।

विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की।

विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती नीतू त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्राओं को मेडल से पुरस्कृत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ओवरब्रिज से दारू बोतल फेकने से बाइक गैराज क्षतिग्रस्त

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। ओवरब्रिज पर पिलर नंबर 37 के पास बने पार्किंग ब्रिज पर रोजाना इकठ्ठा होकर दारू बियर की पार्टी करने वाले शोहदो के आतंक से स्थानीय लोग व व्यवसायी त्रस्त हो चुके हैं।



बीती देर रात ओवरब्रिज पर दारू पार्टी कर रहे शोहदो नें दारू पीकर ऊपर से बोतल नीचे एक बाइक शोरूम के गैरेज पर फेंक दिया। दो बोतले फेके जानें से बन्द गैराज का सीमेंट शेड तोड़कर नीचे अंदर खड़ी बाइको पर गिरने बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। शोरूम संचालक अंकुश सिंह नें हरहुआ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि इसके पूर्व भी ओवरब्रिज से बोतले फेकी गयी थी जिससे सिर्फ सीमेंट शेड टूटा तो उसको बनवा दिया गया था। लेकिन अब ओवरब्रिज के ऊपर शोहदो की हरकतें बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों अनिकेत सिंह, बिपिन चौबे, मोहन प्रसाद, शोभनाथ आदि नें बताया कि देर रात तक ऊपर वाहन खड़े करके तेज आवाज में गाना बजाकर दारू पार्टी करते समय काफी हल्ला भी करते हैं। कभी कभी फायर जैसी आवाजे भी आती हैं जिससे लगता है कि शोहदे ओवरब्रिज पर हवाई फायरिंग भी करते होंगे। शोहदो के आतंक से नीचे रहने वाले नागरिक व दुकानदार काफी भयभीत रहते हैं। इसकी शिकायत पर पहले पुलिस नें एक दो बार ऊपर जांच किया किन्तु अब फिर शोहदो का आतंक बढ़ गया है।

# पुलिस बल न मिलने से नही हो सका ध्वस्तीकरण

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में 20 बीघे जमीन में हो रही अवैध प्लाटिंग को ढहाने पहुची नगर निगम की टीम को पुलिस बल न मिलने पर बैरंग वापस लौटना पड़ा।

जोनल अधिकारी नगर निगम शिवाजी मिश्रा ने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों को पहले नोटिस जारी की गई थी लेकिन उसके बाद भी बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कार्य जारी रखा गया। उसी क्रम में टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर ध्वस्तीकरण के लिए पहुची लेकिन पुलिस बल की अनुपलब्धता के चलते नही हो सका।

# लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## अभी पासी समाज मेहनत मजदूरी के अलावा व्यापार रोजगार से न जुड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहा है

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच विकास खण्ड रिसिया ग्राम ककरा में लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी समाज जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम में विश्राम पासी ने कहा पासी समाज अपने-अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़े और सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जुड़ने की जरूरत है हमारा पासी समाज जानकारी के अभाव से अभी सरकारी, गैरसरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहा है पासी ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि सभी पासी बाहुल्य गांवों में लाखन आर्मी टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिससे हमारा पासी समाज एकजुट होकर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो। हम सबको मिलकर पासी समाज के भाईयों को रोजगार व्यापार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है अभी हमारा समाज मेहनत मजदूरी के अलावा व्यापार रोजगार से न जुड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहा है



पासी समाज को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा क्योंकि अभी पासी समाज के बच्चे विद्यालय न जाकर बालश्रम कर रहे हैं

कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम के जिला उपसंगठन मंत्री राम स्वरूप पासी, उप प्रचारक देवीपाटन मंडल गोंडा के मनीष कुमार पासी,जिला प्रचारक बहराइच के रामनारायन पासी,उप संगठन मंत्री अजय कुमार पासी,गुलाब चन्द्र पासी,लल्लू राम पासी, रामदीन पासी,राम अचल पासी, सतगुरु प्रसाद पासी,वंशी लाल पासी, जगजीवन पासी, रामदयाल पासी,मेड़ई लाल पासी,विशुन नाथ पासी, रविन्द्र कुमार पासी, रमेश कुमार पासी, सोहन लाल पासी, कमलेश कुमार पासी, सुधीर कुमार पासी, घनश्याम पासी के साथ-साथ सैकड़ों पासी समाज के सदस्यों ने प्रतिभाग किया

# कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। होटल अविनाश के सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि माननीय मंत्री संजीव गोंड ने की। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह अभियान जनजातीय समाज को केवल लाभार्थी बनाकर सीमित नहीं रखेगा, बल्कि उन्हें विकास का सह-निमार्ता और परिवर्तन का वाहक बनाएगा।आदि कर्मयोगी अभियान केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है – जो शासन और समाज को साथ लेकर हमें विकसित भारत 2047 की ओर अग्रसर करता है। विधायक सदर भूपेश चौबे ने कहा कि यह प्रशिक्षण जनपद में योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होगा। माननीय विधायक जी ने अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साझा प्रयास की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष श्री जीत सिंह खरवार ने अपने वक्तव्य में समाज के सशक्तिकरण और सहभागिता को इस अभियान की आत्मा बताया।

प्रशिक्षण सत्र में राज्य मास्टर ट्रेनर एवं अपर सांख्यिकीय अधिकारी श्री अरविंद कुमार तथा जिला मास्टर ट्रेनर एवं खंड विकास अधिकारी चतरा श्री रूपेश कुमार मंडल ने अभियान की कार्यप्रणाली और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया तथा अंत में मुख्य विकास अधिकारी मैडम ने कार्यक्रम का सार प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# "मेरी नाक गई तो गयी, तुम अपना नाक बचाओ न" – शूर्पणखा के संवाद से गूंजा सीता हरण मंचन

**उपेन्द्र तिवारी/ समाज जागरण**



महुली/ सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के श्री राजा बरियार शाह खेल मैदान, महुली में चल रहे श्रीरामलीला मंचन के आठवें दिन रविवार की रात सीता हरण लीला का मंचन बड़े ही रोमांचक और भावनात्मक ढंग से किया गया। इस दौरान शूर्पणखा का किरदार और उसके तीखे संवाद दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बने। लीला की शुरूआत पंचवटी प्रसंग से हुई। शूर्पणखा राम और लक्ष्मण को देखकर मोहित हो जाती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है। दोनों भाइयों के इंकार करने पर वह सीता पर हमला करने दौड़ पड़ती है। तभी लक्ष्मण उसकी नाक और कान काट देते हैं। अपमानित शूर्पणखा विलाप करते हुए लंका पहुँचती है और रावण से कहती है–

मेरी नाक गई तो गयी, तुम अपना नाक बचाओ न।

शूर्पणखा के इस उकसावे से रावण का क्रोध भड़क उठता है। उसने पहले अपने सेनापति खर-दूषण को राम-लक्ष्मण से युद्ध करने भेजा। युद्ध का दृश्य बेहद रोमांचकारी रहा, जिसमें राम ने अपनी अद्वितीय वीरता से खर-दूषण और उनके असुरों का संहार कर दिया। इसके बाद रावण ने अपने मामा मारीच की शरण ली। मारीच स्वर्ण मृग का रूप धारण करके पंचवटी पहुँचा। सीता उस सुनहरे हिरण को देखकर मोहित हो जाती हैं और राम से उसे पकड़कर लाने का आग्रह करती हैं। राम जब हिरण के पीछे जाते हैं, तो मारीच अपने आखिरी प्राणों से "हे सीते, हे लक्ष्मण" पुकारता है। इस पुकार को सुनकर सीता व्याकुल हो जाती हैं और लक्ष्मण को राम की खोज में भेजती हैं। इसी अवसर का लाभ उठाकर रावण साधु के वेश में सीता के पास पहुँचता है और छलपूर्वक उनका हरण कर लेता है। जब रावण सीता को पुष्पक विमान में बैठाकर ले जा रहा था, तभी गिद्धराज जटायु ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। जटायु और रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें जटायु घायल होकर भूमि पर गिर पड़े। यह दृश्य देखकर उपस्थित दर्शकों की आँखें नम हो गईं। रामलीला के इस मंचन में कलाकारों की अदाकारी और संवादों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। दर्शकों ने जगह-जगह तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष अरविंद जायसवाल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कन्नौजिया, अमित कुमार कन्नौजिया , दिलगज राम कन्नौजिया, बुधनाथ कन्नौजिया, अमानुल्लाह सहित समिति के अन्य पदाधिकारी और सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रामलीला मंडली के व्यास दिलीप कुमार कन्नौजिया ने बताया कि अगली कड़ी में राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध और लंका दहन का मंचन किया जाएगा।

# विंढमगंज सरकारी अस्पताल का घिनौना कारनामा डिलीवरी मरीज से मांगे 500 रुपये, हालत बिगड़ी, नहीं दी तो रेफर

**उपेन्द्र तिवारी/ समाज जागरण**



विंढमगंज/ सोनभद्र। क्षेत्र के सरकारी अस्पताल विंढमगंज में लापरवाही और घूसखोरी का शर्मनाक मामला सामने आया है। हरनाकक्षार निवासी सुनील कुमार पनिका सोमवार सुबह करीब 5:00 बजे अपनी पत्नी को प्रसव हेतु अस्पताल लेकर पहुँचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ ने न तो कोई जांच की और न ही समय रहते इलाज। सुबह 11:00 बजे डिलीवरी करा दी गई। डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर डॉक्टर सत्येंद्र प्रसाद और एएनएम कुंती देवी ने लड़के के जन्म की जानकारी देते हुए मरीज को रेफर कर दिया। पीड़िता की सास उर्मिला देवी ने खुलासा किया कि "सुबह 5 बजे बहू को भर्ती किया गया, लेकिन कोई जांच नहीं हुई। डिलीवरी के बाद डॉक्टर और नर्सों ने 500 रुपये और दाई का खर्च मांगा। जब हमने पैसा देने से इनकार किया तो हमें जबरन रेफर कर दिया गया।" एंबुलेंस उपलब्ध न कराए जाने पर परिजनों को मजबूरी में निजी वाहन से महिला को दुद्धी सीएचसी अस्पताल ले जाना पड़ा, जहाँ इलाज जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर और नर्स वेतन सरकारी खजाने से लेने के बावजूद गरीब मरीजों से खुलेआम 500 से 1000 रुपये तक वसूलते हैं। गाँव के लोगों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि "सरकारी अस्पताल विंढमगंज भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। यहाँ न इलाज सही से होता है और न ही मरीजों को सम्मान मिलता है।" ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल इस पूरे प्रकरण की जाँच कर दोषी डॉक्टर और स्टाफ पर कठोर कार्रवाई की माँग की है।

# महुली में नवरात्रि का भव्य उत्सव : सप्तमी पर खुले मां दुर्गा के पट , श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**उपेन्द्र तिवारी/ समाज जागरण**



विंढमगंज/ सोनभद्र। शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्टेशन रोड पर पीतरम गौड़ के घर के पास स्थापित भव्य दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।

भव्य श्रृंगार से सजी मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आरती के दौरान घंटे-घड़ियाल और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे पंडाल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी आरती में सम्मिलित होकर मां के चरणों में नतमस्तक हुए। इस अवसर पर संरक्षक जुबेर आलम (जिला पंचायत सदस्य बाघडू), बुंदेल चौबे (ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पतरिहा), क्लामुदीन सिद्दीकी, गुलशन गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे और मां दुर्गा की पट खुलते ही पूजन व आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह गोंड, नितेश कुमार कन्नौजिया, विक्की चौरसिया, अंजनी कुमार गोस्वामी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा और व्यवस्था में सक्रिय रूप से जुटे रहे। समिति द्वारा की गई आकर्षक सजावट, सुदृढ़ व्यवस्था और प्रसाद वितरण ने भक्तों को अलौकिक अनुभव प्रदान किया।

इस दौरान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह गोंड, नितेश कुमार कन्नौजिया और गुलशन गोस्वामी ने बताया कि महा नवमी के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि सहयोग करते हुए भंडारे में शामिल हों और पुण्य के भागी बनें। मां दुर्गा की आराधना और सप्तमी की विशेष पूजा ने पूरे महुली क्षेत्र को भक्ति और आस्था के महासागर में डुबो दिया। यह सप्तमी का पर्व महुली में आस्था का विराट उत्सव बनकर लोगों के हृदय में अविस्मरणीय छाप छोड़ गया।

# पढ़ो और पढ़ने दो, परेशान मत करो

-प्रधानाचार्य की भूमिका में मानती ने समझाई

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र/ओबरा। शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रधानाचार्य की भूमिका में मानविकी वर्ग कक्षा 12 वीं की छात्रा मानती ने छात्रा रागिनी जायसवाल की शिकायत पर छात्रा ज्योति सोनकर को समझाते हुए कही कि कॉलेज आप पढ़ने के लिए आते हैं, न कि किसी को परेशान करने के लिए। छात्रा रागिनी ने प्रधानाचार्य कक्ष में आकर शिकायत थी कि ज्योति पढ़ते, लिखते समय हमसे बातें करती है, जबकि हम मना करते हैं तो नहीं मानती है। शिकायत पर प्रधानाचार्य छात्रा मानती ने ज्योति को प्यार से समझाया और कहा कि वह अब दुबारा ऐसा नहीं करेगी।

सबसे पहले प्रधानाचार्य मुकुंद सिंह गौर ने आज की प्रधानाचार्य छात्रा मानती को प्रधानाचार्य की कुर्सी आदि को व्यवस्थित करते हुए आदर पूर्वक बैठाया। प्रधानाचार्य की कुर्सी संभालते ही एक छात्रा ने दूसरी छात्रा की शिकायत की। शिकायत का त्वरित समाधान प्रधानाचार्य ने किया। आज की प्रधानाचार्य ने अर्ध वार्षिक परीक्षा सहित विविध विषयों पर विचार विमर्श हेतु शिक्षकों की बैठक बुलाने की सूचना लिखी। इस दौरान प्रधानाचार्य कक्ष में प्रवक्ता प्रमोद चौबे, शिक्षक विजय भान, शिवकुमार सिंह मौजूद रहे। बता दें कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु एक दिन के लिए बेटियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जा रहा है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय यादव ने की, माता रानी के पंडाल में पूजा अर्चना

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। नवरात्रि पर्व के अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय यादव ने म्योरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत पड़री टोला खंता में स्थापित माता रानी के पंडाल में पहुंचकर पुजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों



की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। आयोजित कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष प्रेम चंद यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुभाष चंद्र यादव, अंजय यादव,बबई सिंह, संतोष दयाल, के दारनाथ यादव, अमरेश कुमार यादव समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय यादव ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की साधना पर्व है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मां दुर्गा की कृपा से समाज में सद्भाव, शान्ति और समृद्धि का संचार होगा समृद्धि का संचार होगा।

# "पेड़ हैं तो प्राण हैं" अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण - संदीप मिश्रा

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



रॉबर्ट्सगंज/ सोनभद्र। विधानसभा 401 के धरती माता मन्दिर प्रांगण चरका में 'पेड़ हैं तो प्राण हैं' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसी दौरान अभियान के संयोजक संदीप मिश्रा ने कार्यक्रम में नवरात्रि की शुभकामनाएं दिया व लोगों को अपने घर के आस पास अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह कियाव नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया साथ ही परिवार की एकता कैसे बनी रहे इस पर चर्चा हुई और कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई साथ ही साथ देवी माँ से सबके जीवन में सुख शान्ति व शक्ति की कामना के साथ लोगों को प्रदूषण रुपी महिषासुर के बध का एक यही तरीका है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाया जाय। उपस्थित सभी लोगों को पौधे वितरित किए और उन्हें पेड़ लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर श्रीकान्त, शत्रुधन, आकाश चौहान, विजय, प्रदुमन बिन्द, रामकुमार शर्मा, सन्तोष पासवान, सदीप पासवान, सलमान अली, छोटू विश्वकर्मा, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारा इंटर मीडिएट कॉलेज की छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी, चोपन थाने की संभाली कमान

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। मिशन शक्ति सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार का दिन गुरुद्वारा इण्टर कालेज के लिए ऐतिहासिक बन गया। स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा फलक को एक दिन का चोपन थाना प्रभारी बनने का अवसर मिला। फलक गुरुद्वारा इंटर कॉलेज की कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। सुबह निर्धारित समय पर जब फलक चोपन थाने पहुँचीं, तो पुलिसकर्मियों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें थानाध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन कराया। इसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी का दायित्व संभालते हुए थाने में आने वाली फरियादियों की समस्याओं को सुना। महिला एवं अन्य पुलिस संबंधित मामलों को उन्होंने पूरी गंभीरता से लिया और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहल न केवल बेटियों में आत्मविश्वास भरती है, बल्कि उनमें जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना भी विकसित करती है। यह समाज को यह संदेश देती है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और अवसर मिलने पर वे हर जिम्मेदारी बखूबी निभा सकती हैं। फलक शेख ने भी इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह अनुभव मेरे जीवन का अविस्मरणीय पल है। थाना प्रभारी बनकर मैंने महसूस किया कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना कितना बड़ा दायित्व होता है। यह अनुभव मेरे लिए प्रेरणादायक रहेगा और मुझे आगे बढ़ने की शक्ति देगा। स्थानीय नागरिकों एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और भरोसा पैदा करती है। साथ ही, इससे बेटियां अपने भविष्य के प्रति और अधिक गंभीर एवं आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होती हैं। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चियों में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखने की उत्सुकता झलक रही थी। यह आयोजन मिशन शक्ति अभियान की सार्थकता को साबित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# एसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, आम जन को कराया सुरक्षा का अहसास

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज, प्रभारी निरीक्षक यातायात तथा अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उनके साथ मौजूद रहे।

पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य बाजार, भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया गया। आम जनता एवं व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा संबंधी अपेक्षाएं जानी गईं। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। अनावश्यक रूप से खड़े संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी कराई गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में अपराध एवं असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, तथा जनसामान्य में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार की नियमित गश्त जारी रहेगी।

# "मिशन शक्ति 5.0" के अंतर्गत जनपद सोनभद्र की छह छात्राएं बनीं एक दिन की प्रतीकात्मक थाना प्रभारी

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल "मिशन शक्ति 5.0 नारी सशक्तिकरण अभियान" के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता को सशक्त करने हेतु एक अनूठी पहल की गई। जनपद के छह अलग-अलग थानों में मेधावी छात्राओं को "एक दिन की प्रतीकात्मक थाना प्रभारी" नियुक्त किया गया, जहाँ उन्होंने पुलिसिंग कार्यों की बारीकियों को समझा, फरियादियों की समस्याएं सुनीं, और महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण से संबंधित निर्देश दिए। यह पहल पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्रीय क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में संपन्न हुई।1. थाना विंढमगंज रीता कुमारी भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज, विंढमगंज की कक्षा 12वीं की छात्रा रीता कुमारी को एक दिन का प्रभारी बनाया गया। उन्होंने फरियादियों की सुनवाई की, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया, और कार्यप्रणाली को समझा।

**2. थाना पन्नूगंज रूबी बानो**

प्रियदर्शिनी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्नूगंज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रूबी बानो ने पुलिसिंग व्यवस्था को जाना, महिला सुरक्षा के मुद्दों पर संवाद किया और कागजी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। 3. थाना कोन कुमारी गोल्डी श्री पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कौन की छात्रा कुमारी गोल्डी ने महिला सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता पर स्थानीय बच्चियों व नागरिकों को संबोधित किया, जनसुनवाई की और प्रशासनिक कार्यों की समझ प्राप्त की। 4. थाना चोपन फलक गुरुद्वारा इंटर कॉलेज, चोपन की कक्षा 11वीं उ की छात्रा फलक को थाना चोपन का प्रभारी नियुक्त किया गया। उन्होंने महिला एवं अन्य फरियादियों की समस्याएं सुनीं, CCTNS, महिला शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उनकी संवाद शैली, समझदारी, और प्रभावी नेतृत्व क्षमता की सराहना सभी उपस्थितों ने की। 5. थाना जुगैल आराधना ग्राम जुगैल खास, थाना जुगैल निवासी आराधना (पुत्री स्व. चंद्रिका प्रसाद), जो B.P.R.D. पब्लिक स्कूल जुगैल की कक्षा 8वीं की छात्रा हैं, को थाना जुगैल का प्रतीकात्मक प्रभारी नियुक्त किया गया। आराधना ने महिला सुरक्षा से जुड़े कार्यों को समझा, उपस्थित पुलिस अधिकारियों से संवाद किया और अपने विचार साझा किए। उनकी मासूम परंतु आत्मविश्वासी उपस्थिति ने सभी को प्रभावित किया। 6. थाना हाथीनाला अंजना यादव<रेणुकूट स्थित PGN स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा अंजना यादव (पुत्री श्री अभय यादव) को थाना हाथीनाला का प्रतीकात्मक प्रभारी नियुक्त किया गया। अंजना ने थाने का कार्यभार संभालते हुए महिला हेल्प डेस्क, अभिलेख निरीक्षण, तथा सुरक्षा विषयों पर कर्मचारियों से संवाद किया। उनकी सक्रियता, समझदारी और आत्मविश्वास ने उपस्थित पुलिसकर्मियों व अन्य जनों को प्रेरित किया। इन आयोजनों ने यह सिद्ध किया कि बेटियाँ नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं। यह कार्यक्रम उनके आत्मबल, निर्णय क्षमता, और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूती प्रदान करता है।

# व्यापारी बन्धुओं/बैंक मित्रों के साथ की गयी बैठक, समस्याओं को लेकर किया गया विचार-विमर्श

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा के सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियो, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में जनपद के प्रमुख



व्यापारियों, उद्यमियों, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ उनकी सुरक्षा एवं आगामी त्यौहार के दृष्टिगत नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने दुकानों/संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु बताया गया । साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी व उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा उनको सुरक्षा के सम्बंध मे पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया । इस मौके पर जनपद के व्यापारीगण/पेट्रोल पम्प मालिक/सरार्फा व्यापारी/बैंक मित्र मौजूद रहे ।

# जिम्मेदारी की कुर्सी पर बैठी बेटी : विंढमगंज में छात्रा रीता बनीं एक दिन की थानाध्यक्ष

**उपेन्द्र तिवारी/ समाज जागरण**



विंढमगंज/ सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार का दिन विंढमगंज थाने के लिए खास रहा। कक्षा 12 की छात्रा रीता कुमारी पुत्री गुलाब चंद्र ने न केवल थाने की कमान संभाली, बल्कि फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन देकर सबको चौंका दिया। थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठते ही रीता कुमारी ने मातहत पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि महिला संबंधी मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाने में देरी न हो। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। रीता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा,थाने की जिम्मेदारी संभालना आसान नहीं है। यह काम कठिन होने के साथ-साथ समाज के प्रति बड़ी जवाबदेही भी है। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि यह आयोजन मिशन शक्ति की भावना को साकार करता है, जिससे छात्राओं को नेतृत्व, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता का अवसर मिलता है। उन्होंने बालिकाओं से अपील की कि किसी भी समस्या या असुरक्षा की स्थिति में सबसे पहले माता-पिता, अध्यापिका या बड़ी बहन से साझा करें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल करें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक शाहिद खान, मु. अहमद सिद्दकी, महिला कांस्टेबल आराधना यादव, छात्राएं रिंकी कुमारी, नूरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत छात्रा रिया सिंह को करमा थाना प्रभारी बनाए जाने की प्रेरणादायक पहल

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। मिशन शक्ति फेज-5 पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में

को जनसेवा इण्टर कालेज, जुड़वरिया की कक्षा 11वी की मेधावी छात्रा रिया सिंह को एक दिन के लिए थाना करमा का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर छात्रा रिया सिंह ने पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की और महिला सुरक्षा,साइबर अपराध,घरेलू हिंसा आदि से जुड़े मामलो की विवेचना की प्रक्रिया को नजदीक से समझा। उन्होने महिला हेल्प लाइन 1090,112,181 जैसे सेवाओं के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए रिया ने थाने पर शिकायत लेकर आयी पीड़ित महिलाओ की सम्सयाओ को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण हेतु बताया गया तथा बालिकाओं/महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने,अपने अधिकारो के प्रति जागरूक रहने तथा जरूरत पड़ने पर कानून की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। सभी ने रिया के आत्मविश्वास की सराहना की और इस पहल को छात्राओ के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। ह्णमिशन शक्तिह्ण के इस नवाचार का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओ में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, उन्हे समाज में अपने अधिकारो के प्रति सजग बनाना तथा प्रशासनिक तंत्र से जोड़ना है।

# कन्नौज: एफएसडीए ने छापामार कर खाद्य पदार्थो के 7 नमूने भरे, कोल्ड स्टोरेज को भी आगाह किया

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। नवरात्रि पर्व पर, जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर, सर्वेश कुमार आदि के छापामार दल द्वारा कन्नौज नगर पालिका एवं तहसील क्षेत्र में विभिन्न बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए, देविन टोला, कन्नौज से घी का 01 नमूना, मंडी के पास, हरदोई रोड, कन्नौज से सरसों का खाद्य तेल 01 नमूना, हरदोई रोड, पूर्वी बाईपास, कन्नौज से खुला बेसन का 01 नमूना, मेहंदी घाट से खोये की मिठाई का 01 नमूना, मियागंज, कन्नौज से बेसन का 01 नमूना, जसोदा से बेसन एवं सरसों के खाद्य तेल का 01-01नमूने सहित कुल 07 विधिक नमूने जांच के लिए संग्रहित किये गये। आज संग्रहित सभी 07 नमूनों को जांच हेतु



प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ हरगोविंद दास एग्रो फार्म, बहादुरपुर, न्यू कन्नौज कोल्ड स्टोरेज, रितुकला, आशिया बानो कोल्ड स्टोरेज, हरदोई रोड, सरस्वती कोल्ड स्टोरेज, पूर्वी बाईपास, बसंती कोल्ड स्टोरेज, जलालाबाद, लिली कोल्ड स्टोरेज, हजरतपुर, चकोर शीतालय, जसोदा, आदि 07 शीत भंडार गृहों का सघन निरीक्षण किया। भंडार गृहों के मलिक एवं प्रबंधको को रंगीन आलू भंडारित करने तथा विक्रय हेतु परिवहन न किए जाने के संबंध में जागरुक करते हुए, सचेत किया गया। इसके साथ ही साथ दल द्वारा जनपद की विभिन्न मंडियों में भी रंगीन एवं केमिकल युक्त आलू के विक्रय के संबंध में गहन निरीक्षण किया गया। दल को कहीं भी रंगीन अथवा केमिकल युक्त आलू विक्रय होते हुए मौके पर नहीं पाया गया।

जनपद में आमजन को गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुसार अभियान नियमित रूप से चलाया जाता रहेगा।

# कन्नौज: ईंट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा मानकों का शतप्रतिशत पालन करें: एडीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज।अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जनपद के ईंट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों के हित एवं सुरक्षा से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि ईंट भट्टों की स्थापना हेतु निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ईंट भट्ठा स्वामी यह सुनिश्चित करें कि जिस नंबर की ईंट तैयार की जा रही है, उसी के अनुसार चट्टे लगाए जाएं तथा समस्त लेखा-पुस्तिकाएं सही एवं अद्यतन स्थिति में रखी जाएं, जिससे निरीक्षण के समय सटीक लेखा-जोखा उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि भट्ठों में कार्यरत सभी श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए ताकि किसी आकस्मिक घटना की स्थिति में उन्हें शासन की ओर से देय मुआवजा एवं लाभ प्राप्त हो सके। बिना पंजीकरण के श्रमिक किसी भी लाभ के पात्र नहीं होंगे। यह भी स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के



बच्चों से कार्य कराना पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध है।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए आवास, शौचालय, शुद्ध पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल श्रमिकों के प्रति किसी भी प्रकार का शोषण न हो और उनके प्रति सम्मान की भावना रखी जाए। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने सभी ईंट भट्ठा स्वामियों से कहा कि एक साझा ग्रुप बनाया जाए, जिससे शासन की नवीन गाइडलाइनों की जानकारी समय-समय पर सभी तक तुरंत पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करें। बाहरी प्रदेशों से आने वाले श्रमिकों का पूरा विवरण रखा जाए ताकि कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि हम सभी को मिलकर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। उन्होंने भट्ठा स्वामियों से कहा कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सभी भट्ठों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें तथा किसी भी दशा में अवैध गतिविधि नहीं होनी चाहिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनपद के ईंट भट्ठा स्वामीगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति पेज 5 के तहत अदीबा बनी एक दिन की थाना प्रभारी परौर

**समाज जागरण**

परौर शाहजहांपुर मिशन शक्ति पेज के तहत श्री शेर बहादुर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौही की छात्रा अदिबा को परौर थाने का एक दिवसीय प्रभारी बनाया गया शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति पेज 5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विधिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी क्रम में एसपी राजेश द्विवेदी की कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सोमवार को थाना परौर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत श्री शेर बहादुर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौही की कक्षा दस की छात्रा अदीबा पुत्री मोहम्मद सलीम निवासी कौही को एक दिवसीय का परौर थाना प्रभारी बनाया गया कार्यक्रम के दौरान



कुमारी अदिबा को एक दिन का थाना परौर का चार्ज सौपा गया वही थाना परौर मे एक शिकायत करता राहुल पुत्र अनिल निवासी जुही ने एक दिन की बनी थाना प्रभारी परौर को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिस पर एक दिन की थाना प्रभारी अदिबा ने तत्काल तुरंत हल्का उप निरीक्षक को आदेशित कर कर कार्रवाई करने का आदेश दिया तथा प्रतीक स्वरूप उन्होंने थाना प्रभारी का पद ग्रहण कराया गया इस पहल का उद्देश्य यह संदेश देना हैं की बालिकाओं समाज का भविष्य है और उनमें नेतृत्व क्षमता आत्मविशवास एवं निर्णय लेने की शक्ति विकसित कर उन्हों जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए परौर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने कुमारी अदिबा का स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर बालिका को पुलिस कार्यप्रणाली थाने के दायित्वों अपराध निवारण तथा महिला सुरक्षा से संबंधित कार्यों की जानकारी भी दी गई

# जन कल्याण इण्टर कॉलेज छात्रा दिपांशी श्रीवास्तव थाने की एक दिन की प्रभारी बनी।

## थाना प्रभारी हरिकेश ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

**समाज जागरण**

गढ़िया रंगीन/शाहजहांपुर मिशन शक्ति पेज के तहत जन कल्याण इंटर कॉलेज छात्रा दीपांशी श्रीवास्तव थाने की एक दिन की प्रभारी बनाया गया उन्होंने दिनभर थाने में आने वाले लोगों की शिकायतें सुनीं। साथ ही समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान दीपांशी श्रीवास्तव ने केवल थाने के कामकाज को संभाला, बल्कि फरियादियों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए, जिससे पुलिसिंग प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला।

यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति' अभियान का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत महिलाओं पर हो रहे अपराधों



के प्रति जागरूकता फैलाई गई और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

जैसे विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई और इसके अतिरिक्त, उन्होंने गढ़िया रंगीन कस्बे के मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोका और उन्हें हेलमेट पहनने की चेतावनी दी। उन्होंने महिलाओं को भी जागरूक किया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अपराध होने पर वे तुरंत पुलिस को सूचित करें और उन्हें महिला संबंधी अपराधों की शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर (1090, 1098, 1076, 112, 181, 108) और साइबर अपराध के लिए 1930 जानकारी भी दी एवं दीपांशी श्रीवास्तव का स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर बालिका को पुलिस कार्यप्रणाली थाने के दायित्वों अपराध निवारण तथा महिला सुरक्षा से संबंधित कार्यों की

# कन्नौज: नारी सशक्तिकरण थीम पर साइकिल रैली को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने ह्लनारी सशक्तिकरणह्व थीम पर आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में जनपद की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की 300 से अधिक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज की प्रगति की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना ही सशक्त भारत का प्रतीक है। इस प्रकार की रैली से न केवल जनजागरूकता बढ़ती है, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का



भी विकास होता है।

यह साइकिल रैली विनोद दीक्षित हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर के.के. इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई। रैली के दौरान बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, ह्लशिक्षित नारी, सशक्त नारी जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

रैली में जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, डी.सी. (संग्रह शिक्षा), विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभाग करने वाली सभी बालिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज की यह रैली नारी सम्मान और समानता के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करेगी।

# कन्नौज: पी.एम. पोषण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिल रहे पौष्टिक मौसमी फल: बीएसए

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए प्रत्येक सोमवार को ताजे फल निरन्तर उपलब्ध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को संतुलित आहार के साथ अतिरिक्त पोषण मिलना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे स्वस्थ शरीर और सशक्त मन के साथ शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ सकें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद के 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, 60 इंटर कॉलेज, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय एवं 01 संस्कृत विद्यालय को मिलाकर कुल 1576



शिक्षण संस्थानों में फल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने बताया कि पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के तहत अब विद्यार्थियों को निर्धारित मेन्यू के साथ-साथ केला, अनानास जैसे मौसमी फलों का भी वितरण किया जा रहा है। ये फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि विटामिन-सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो पाचन शक्ति को बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने, त्वचा में निखार लाने तथा संपूर्ण स्वास्थ्य सुधार में सहायक हैं।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की यह पहल बच्चों में कुपोषण की रोकथाम, स्वास्थ्य में सुधार और विद्यालयी भोजन व्यवस्था को अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस नवाचार से विद्यार्थियों में फल खाने की आदत विकसित होगी और पोषण स्तर में निश्चित रूप से सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

# छात्राओं की सुरक्षा हेतु चलाये गए अभियान में दी गई कानून की जानकारी

## एक दिवस के लिए छात्रा को बनाया गया प्रधानाचार्य

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत विगत दिन अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा शुबेन्दु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुंदर तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ऊंचडीह स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10वीं की छात्रा नैंसी को एक दिवस के लिए प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्त किया गया। उक्त विद्यालय का कार्यभार भी सौंपा गया, और प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी द्वारा बालिकाओं बालकों को संबोधित कर अनेक जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला कांस्टेबल द्वारा मिशन शक्ति के तहत चलाए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के उपयोगिता और और अन्य क्रियाकलाप सरकार द्वारा



चलाए गए अभियानों को बताया गया और मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जागरूक किया गया। महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरों 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई। और कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये विभिन्न योजनाएं व यातायात अभियान के तहत जागरुक किया गया। इस मौके पर एस आई राजेंद्र साही कांस्टेबल नितिन यादव हेड कांस्टेबल प्रदीप पाल महिला कांस्टेबल में अल्का त्रिपाठी व वृजमा निषाद मौजूद रहीं।

# मिशन शक्ति फेस 5.0 : बी.ए. छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी, महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल

**समाज जागरण**

शाहजहाँपुर। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना जलालाबाद में सोमवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कोमल पाल पुत्री विनोद पाल, निवासी मोहल्ला सरदार नगर, छात्रा बी.ए. अंतिम वर्ष, राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद को एक दिवसीय प्रभारी निरीक्षक बनाया गया।



### छात्रा ने संभाली थाने की कमान

थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठते ही छात्रा कोमल पाल ने महिला संबंधित शिकायतों की सुनवाई की और शिकायत निवारण की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा उन्होंने थाने के दैनिक कार्यों का संचालन किया और पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े अहम पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

### क्षेत्र भ्रमण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा

कार्यक्रम के दौरान छात्रा को थाने के विभिन्न प्रकरणों की जानकारी दी गई। उन्होंने थाना क्षेत्र का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और आमजन को महिला सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक भी किया।

### सीओ जलालाबाद का संदेश

क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन शक्ति फेस 5.0 का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना है। ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने के साथ उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव कराते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ह्लमहिला सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है, और शाहजहाँपुर पुलिस इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

### सशक्तिकरण का संकल्प

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी जलालाबाद, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से महिला सुरक्षा और सम्मान को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अनूठे आयोजन ने यह संदेश दिया कि बेटियाँ अब सिर्फ सपने देखने तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए हर जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं।

# कन्नौज: डीजे, डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार जिलाधिकारी कन्नौज, आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक कन्नौज, विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार कन्नौज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

आज जिला न्यायाधीश, चंद्रोदय कुमार जिलाधिकारी, आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार का औचक




निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी बैरकों तथा बन्दियों एवं उनके स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे एवं निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

# स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महिलाओं को स्वस्थ रहने का दिया टिप्स

## अभियान- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा क्षेत्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. संदीप द्विवेदी, नगर पंचायत



अध्यक्ष विकास जायसवाल एवं समाजसेवी सुरेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉ. संदीप द्विवेदी ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, स्वच्छता और समय पर टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि महिला स्वस्थ रहेगी तो पूरा परिवार और समाज स्वस्थ एवं सशक्त बनेगा। नगर अध्यक्ष विकास जैसवाल ने सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं से इनका लाभ उठाने की अपील की। सुरेश मिश्रा ने महिलाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कई महिलाओं ने स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों ने मौके पर ही किया। अंत में सभी वक्ताओं ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, ताकि परिवार और समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकें।

# डीएम ने छात्रा को एक दिन के लिए बनाया डीएम

## डीएम बनीं छात्रा ने सुनी फरियादियों की फरियाद।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के डुमरियागंज स्थित राजकीय इंटर कालेज की छात्रा सिमरन साहनी को एक दिन के लिए जिला अधिकारी ने जिलाधिकारी बना



दिया। इतना ही नहीं जिला अधिकारी बनी छात्रा ने फरियादियों की फरियाद भी सुनी। और फरियाद को निस्तारण का आश्वासन। मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने छात्रा को बनाया एक दिन का जिलाधिकारी। डीएम की कुर्सी पर बैठकर छात्रा ने फरियाद सुनी। वहीं बगल में बैठे जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी। बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल 40 छात्राओं को भी पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया।

# आवास विकास कॉलोनी में आंगनवाड़ी केंद्र की मांग तेज

**युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, कहा 15 साल से वंचित हैं बच्चे और महिलाएँ**

**समाज जागरण**

शाहजहाँपुर। भारतीय युवा कांग्रेस शाहजहाँपुर ने सोमवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी से मुलाकात कर आवास विकास कॉलोनी, बरेली मोड़ में आंगनवाड़ी केंद्र की तत्काल स्थापना और कार्यकर्ता की नियुक्ति की मांग की।जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी एड ने कहा कि कॉलोनी को बने पंद्रह वर्ष से अधिक समय हो गया है। लेकिन आज तक यहाँ आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना नहीं हो सकी। जिसके चलते बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरियों को केंद्र सरकार की आईसीडीएस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री अवस्थी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र की अनुपस्थिति से पोषण सहायता, पूर्व प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, किशोरी बालिका योजना और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम ठप पड़े हैं। यह स्थिति कॉलोनी के गरीब और कमजोर वर्गों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक विकास पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना अस्वीकार्य है। जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई कर समस्या का समाधान करना चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी ने कहा कि मांग को गंभीरता से लिया गया है। इसे शासन को भेजा जाएगा और जल्द ही जनहित में कॉलोनी में आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित करने की कार्वाई की जाएगी।

इस मौके पर जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, जितेंद्र पाल, सुधांशु मिश्रा, प्रशांत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हजारीबाग में दुर्गा पूजा के अवसर पर बनाए गए हैं आकर्षक पूजा पंडाल

**मटवारी गांधी मैदान में थल सेवा भवन बनाया गया है । श्रद्धालुओं और भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है ।**

**मिंटू कुमार**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग में दुर्गा पूजा के अवसर पर कई आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए हैं । इसमें मटवारी मैदान स्थित शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति द्वारा बनवाए गए पंडाल में दिल्ली के थल सेवा भवन की थीम पर 80 फीट ऊंचा पंडाल बनाया गया है जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की घटनाओं को प्रमुखता से दशार्या गया है। इस पंडाल को बनाने में लगभग 25 लाख रुपए खर्च की लागत आई है। इसी मैदान में बच्चों, महिलाओं सहित अन्य लोगों के लिए डिज्नीलैंड मेला लगाई गई है जिसमें आकर्षक



झूले और तरह-तरह के मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं ।

इसके अलावा काली बाड़ी दुर्गा पूजा समिति, बड़ा बाजार में वृंदावन मंदिर का मॉडल ,नूतन नगर दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा बनाया गया झारखंड विधानसभा का प्रारूप , हुरहुरु दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा बनाया गया ढाका के स्वामी मंदिर का प्रारूप सिंघानी सरौनी अमृत नगर रोला सहित कई अन्य पूजा पंडालों को आकर्षक रूप देने के लिए लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, और आकर्षक और भव्य तरीके से बनाया गया है। विद्युत साज- सज्जा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ।

श्रद्धालुओं और भक्त जनों का कहना है कि मां दुर्गा हिंदू धर्म में एक प्रमुख देवी हैं जिन्हें शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है। यह असुरों के राजा महिषासुर का वध करने के लिए जानी जाती हैं जो देवताओं और मानवता के लिए खतरा था। मां दुर्गा की पूजा नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से की जाती है जिसमें 9 दिनों तक उनकी विभिन्न रूपों में पूजा की जाती है ।

# दुर्गा पूजा में प्रखंड पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण कटकमदाग**

कटकमदाग प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में शान्ति पूर्वक दुर्गा पूजा संपन्न हेतु कटकमदाग थाना के पुलिस अपनी टीम के साथ कटकमदाग क्षेत्र में फ्लैक मार्च किया। कटकमदाग थाना इंस्पेक्टर शहीद रजा एवं थाना प्रभारी प्रमोद



कुमार राय की अध्यक्षता में फ्लैग मार्च किया गया है। वहीं थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय ने कहा कि दुर्गा पूजा में कोई आसामाजिक व्यक्ति के द्वारा किसी प्रकार का व्यवधान ना पहुंचाएं इसके लिए प्रखंड प्रशासन ने शांति बहाल के लिए सुल्ताना चौक से लेकर डेगुरा तक शांति व्यवस्था का जायजा लिया है,और उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील किए हैं कि अगर किसी भी प्रकार से का संदेह होने पर अभिलंब प्रशासन से संपर्क करके सूचना दे ।प्रखंड प्रशासन आपकी सुरक्षा हेतु 24 घंटा तात्पर्य है। इस मौके पर शहीद राजा इंस्पेक्टर कटकमदाग,थाना प्रमोद कुमार राय थाना प्रभारी, एस आई रुस्तम अली, एस आई लक्ष्मण तिवारी, एस आई अजय रजक, एस आई विकी ठाकुर, एस आई चिरंजन कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डाडीकलां पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में एक अभियुक्त वारंटी को भेजा जेल।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव डाडीकलां पुलिस ने एनआई एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त वारंटी चेपाखुर्द निवासी रितेश कुमार महतो, पिता बाबूलाल महतो को गिरफ्तार करके हजारीबाग माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल



भेजने का कार्य किया। अभियुक्त आरोपी के विरुद्ध कोर्ट केस संख्या 1990/20 में चेक बाउंस का मामला दर्ज था करवाई में मुख्य रूप से डाडीकलां ओपी थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ,एएसआई चंद्रमोहन झा के अलावे पुलिस जवान के सशस्त्र दल शामिल थे।

# झामुमो नेता संजय सिंह ने विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को गुलदस्ता देकर औपचारिक मुलाकात किया

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के धर्मपत्नी विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को गिरिडीह कार्यक्रम के जाने का दौरान विष्णुगढ़ के पास झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ हजारीबाग जिला सचिव संजय कुमार सिंह के द्वारा गुलदस्ता देकर भव्य रूप से स्वागत किया गया और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को



बड़कागांव के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। आश्वासन देते हुए विधायक ने कहा यहां के जो भी मूल समस्या है उस पर विशेष रूप से मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान कराने का प्रयास करूंगी मौके पर झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी आईटी सेल सदस्य संजय भुइयां ,इंद्रदेव राम,राजेंद्र भुईयां गणेशा राम,मोती भुईयां ,नंदकिशोर भुईयां,शंकर साव , संजय करमाली,नरसिंह तुरी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# द्वारिका नैचुरोपैथी एंड वैलनेस सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से लोगों ने पाया स्वास्थ्य लाभ**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग के बाबू गांव चौक स्थित श्याम सुंदर नगर, शाह मार्केट के पास द्वारिका नैचुरोपैथी एंड वैलनेस सेंटर की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 20 लोगों ने विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया और वैकल्पिक उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी प्राप्त



की। सेंटर के संस्थापक पुरुषोत्तम कुमार पाठक ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को दवा और सर्जरी के बजाय प्राकृतिक तरीकों से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली, तनाव और भागदौड़ के कारण बढ़ रही बीमारियों का प्रभावी समाधान रिफ्लेक्सोलॉजी और नैचुरोपैथी जैसी पारंपरिक पद्धतियों से संभव है। सेंटर की डायरेक्टर श्वेता और निक्की कुमारी ने बताया कि यहां मुख्य रूप से रिफ्लेक्सोलॉजी का प्रयोग किया जाता है। इस विधि में पैरों, हाथों और कानों के खास बिंदुओं पर दबाव देकर शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य को संतुलित किया जाता है। इससे सिरदर्द, माइग्रेन, कमर और जोड़ों का दर्द, तनाव, नींद की कमी, पाचन संबंधी गड़बड़ी, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, सर्दी-खांसी, हार्मोनल असंतुलन, पीरियड्स की समस्या और गठिया जैसी परेशानियों में राहत मिल सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक कई लोग यहां उपचार करवा चुके हैं और उन्हें सकारात्मक परिणाम मिले हैं। इस मौके पर टीम द्वारा रिफ्लेक्सोलॉजी तकनीक का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही लोगों को योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी गई।

शिविर में शामिल लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया।

सेंटर की ओर से बताया गया कि आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग प्राकृतिक चिकित्सा के लाभ से जुड़ सकें।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया

**पूजा समितियां प्रशासन के दिशा निदेर्शों का पालन करें: उपायुक्त**
**उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पूजा समितियों व जिलेवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी**



**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा पंडालों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पूजा आयोजकों से अपील की कि जिला प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करते हुए

शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न कराएं। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरण, भीड़ प्रबंधन एवं आपातकालीन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी अपील की कि वे प्रशासन को सहयोग प्रदान करें ताकि यह महापर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ संपन्न हो सके।अवसर पर उन्होंने सभी पूजा समितियों एवं हजा रीबा गवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# 50वीं वर्षगांठ पर ओरिया में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 का हुआ आयोजन।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

शारदीय दुर्गा पूजा के षष्ठी के पावन अवसर देर रात्रि सदर प्रखण्ड स्थित ग्राम ओरिया में सार्वजनिक दुर्गा महासमिति के द्वारा 50वीं वर्षगांठ पर भव्यता को निरंतर बरकरार रखते हुए नवनिर्मित दुर्गा मंडप पूजा पंडाल समिप स्थित मंच पर प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 का भव्य आयोजन हुआ। इसमें वर्तमान वर्ष मैट्रिक, इंटरमीडिएट एवं अन्य विशेष क्षेत्रों में अव्वल एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को महासमिति द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुफ्फसिल थाना प्रभारी रौशन कुमार बर्णवाल, इंटर साइंस कॉलेज के प्राचार्य बसंत झा, सदर प्रखण्ड के उपप्रमुख गोविन्द सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य रामनिवास दूबे एवं रवि प्रकाश ने शामिल होकर सभी अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर हौसला अफजाई किया एवं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही स्वर्णिम भविष्य की अभ्यर्थियों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने पूजा पंडाल में जाकर जगजननी माँ दुर्गा के समक्ष माथा टेका एवं सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इससे पहले महासमिति के सदस्यों ने चुनरी देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान अभ्यर्थियों को विशेष सम्मान के साथ नवाजा गया। मंच संचालन अभय शंकर पासवान ने किया। मुख्य अतिथि मुफ्फसिल थाना प्रभारी रौशन कुमार बर्णवाल ने कहा कि आज के इस समारोह में आकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। प्रतिभाओं को सम्मानित करना उनके लिए प्रोत्साहन के साथ समाज के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है। मैं महासमिति को इस भव्य आयोजन और समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरने के लिए धन्यवाद देता हूँ। साथ ही, सभी सम्मानित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। इंटर साइंस कॉलेज के प्राचार्य बसंत झा ने कहा कि आज हम जिन छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर रहे हैं, वे हमारे समाज का भविष्य हैं। इनकी मेहनत, लगन और सफलता हमें यह विश्वास दिलाती है कि अगर सही मार्गदर्शन और प्रेरणा मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र के



छात्र भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन कर सकते हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूँ और उन्हें आगे भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देता हूँ। सदर प्रखण्ड के उपप्रमुख गोविन्द सिंह ने कहा कि पचास वर्षों से महासमिति द्वारा जो सामाजिक और सांस्कृतिक कार्य किए जा रहे हैं, वे प्रशंसनीय हैं। आज के इस प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है, युवा वर्ग में प्रतिस्पर्धात्मक भावना भी जागृत हो रही है। मैं सभी प्रतिभाओं को ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे अपने क्षेत्र, जिला और राज्य का नाम रोशन करें। आचार्य रामनिवास दूबे ने कहा कि महासमिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का आयोजन कर युवाओं को सम्मानित करना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। इससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है, सकारात्मक वातावरण भी तैयार होता है, जहाँ हर छात्र आगे बढ़ने की प्रेरणा पाता है। उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे शिक्षा, संस्कार और सेवा भाव को कभी न छोड़ें, यही हमारे समाज की असली पूंजी है। मुख्य रूप से सार्वजनिक दुर्गा पूजा के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष बासुदेव साव, सचिव उमेश पासवान, उपसचिव हरीश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान, उप कोषाध्यक्ष हरेन्द्र गुप्ता उर्फ राहुल, संयुक्त सचिव रितेश कुमार सिन्हा, आचार्य संतोष पांडे, पूजा प्रभारी अभय शंकर पासवान, राजेन्द्र शर्मा, शैलेश पासवान, आशीष कुमार, राजेश कुमार दास, मीडिया प्रभारी विजय यादव, संरक्षक कौलेश्वर साव, दिलीप पासवान, शम्भू गोप, जीतु यादव, बबलू यादव, राजदीप कुमार, रंजीत यादव, निरंजन यादव, उमेश पासवान, गिरजा पासवान, संजय पासवान, मानकी साव, रवि पासवान, विजय साव, सुधीर यादव, बालेश्वर साव, उदय शंकर पासवान, कुंजलाल गोप, प्रेम कुमार, गोविन्द यादव, हीरालाल कुमार, व्यवस्थापक बालेश्वर साव, गोविन्द यादव, कुंजलाल गोप, मानकी साव, रंजीत यादव, बादल पासवान, मनोरंजन मंत्री गणपति, मोहन साव, कुंजलाल गोप, महेश साव, कीर्तन मंडली के सदस्यगण, विनय यादव, जयपाल यादव, नारायण यादव, बबलू पासवान, बादल कुमार, आलोक कुमार, सुरेश साव, सुरेश यादव, दीपक कुमार, मोहन साव, राजेश रविदास सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# रेगनियाँ में दुर्गा पूजा की कलश स्थापना के साथ निकली भव्य जल यात्रा

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर (पलामू)। रेगनियाँ में नवरात्रि के शुभ अवसर पर आज महा सप्तमी को दुर्गा पूजा की मूर्ति स्थापना हेतु कलश स्थापना से पहले पारंपरिक जल यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुगण भक्ति गीतों के बीच गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक वस्त्र में भक्तिमय होकर जल उठाने के लिए देवी मंदिर रेगनियाँ से देवगन धाम के प्रसिद्ध स्थल बतरे जलाशय के लिए निकले। इस जल यात्रा में मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर श्रावण राम व पंडित अरुण मिश्रा ने मुख्य यजमान धनेश यादव, उपेंद्र यादव, राहुल यादव, सुनील यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं को कलश देकर जल के लिए विदा किए। देवगन धाम पहुंचते ही माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मंत्रोचारण व पूरे विधि विधान से बतरे नदी के उद्गम स्थल से पवित्र जल लाकर कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन के पूजा हेतु नियुक्त मजिस्ट्रेट श्री करण कुमार, डॉ श्रवण राम, श्री रामस्वरूप दुबे, जितेंद्र यादव, सूर्यदीप राम, विनोद राम, मनोज यादव, दिलीप दुबे,



संतोष प्रजापति, सुदामा प्रजापति, महेंद्र यादव, महावीर यादव, बालकेश यादव, बलस्वरूप यादव, नागेंद्र दुबे के साथ पूजा कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, सुदर्शन यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, राहुल यादव, सचिव धर्मेंद्र प्रजापति, आशीष यादव, उपसचिव गुड्डू यादव, सूरज चंद्रा, कोषाध्यक्ष सुनील यादव, बिपिन यादव, उपकोषाध्यक्ष सरोज कुमार व नीतीश यादव के साथ साथ लालदेव यादव, अर्जुन यादव, दशरथ यादव, सूरज यादव, संजय यादव, अजय यादव, विकाश यादव, मनीष यादव, गोल्डेन यादव, सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# महागामा में दुर्गा पूजा की धूम

**समाज जागरण**
**मनोज कुमारसाह गोड्डा**

महापर्व शारदीय नवरात्र के महा सप्तमी के दिन सभी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मां भगवती ने श्रद्धालुओं को दर्शन दिए आज सोमवार को मंदिर का पट भक्तों के लिए खोल दिए गए आज श्रद्धालुओं ने बेल भरनी मां की पूजा की सप्तमी के दिन बेल भरनी मां के रूप मेंपूजा कर दुर्गा मंदिर में मां के आगमन को लेकर पुरुष श्रद्धालुओं ने अरहर के पौधे से झाड़ू दिए तथा महिलाएं रास्ते में दूध गुड बेलपत्र फूल आदि सामग्री मिट्टी की बर्तन में लेकर बिछाती हुई जाती थी जिसे छर्रा कहते हैं इस परंपरा के तहत हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने छर्रा दिया दिया वहीं श्रद्धालुओं ने दंड देकर मां की अगुवाई की यह परंपरा करीब महागामा प्राचीन मंदिर में करीब सैकड़ो वर्षों से चली आ रही है इस दौरान भक्त श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई जो बसवा चौक पेट्रोल पंप तक पहुंच गया था भक्तों की भीड़ को देखते हुए कमेटी ने 5:00 बजे से ही झाड़ू एवं छर्रा के दिन भीड़ छूटने लगी थी इस दौरान मंदिर परिसर ढोल बाजे स्वर से क्षेत्र के वातावरण भक्ति में हो गया महागामा दुर्गा मंदिर में पहली पूजा से ही राज परिवार के वंशज द्वारा तांत्रिक विधि से कीपूजा आराधना की जाती है मौके पर दया शंकर ब्रह्म तारकेश्वर ब्रह्म हेमंत ब्रह्म पप्पू ब्रह्म आदि कई लोग शामिल थे जबकि भीड़ को संभालने के लिए पुलिस की काफी संख्या में तैनाती की गई एस डीपीओ चंद्रशेखर आजादऔर महगामा थाना प्रभारी केनेतृत्व में भीड़ को संभालने मैं लगे हुए थे

# हजारीबाग की युवा लेखिका 20 वर्षीय अंतरा, अपने भावनाओं को दिया उड़ान,

**शब्दों से रचा राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मुकाम**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

नवरात्रि का पावन पर्व जो मातृ शक्ति के सम्मान 4और सनातनी आस्था का प्रतीक है, अपने आखिरी तीन दिनों में ज्ञान और रचनात्मकता की देवी मां सरस्वती की आराधना का अवसर लाता है। ऐसे समय में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के मुख्यालय हजारीबाग से एक ऐसी युवा साधिका का परिचय आवश्यक है, जिसने अपनी कलम और कला से न सिर्फ अपनी पहचान बनाई है, बल्कि वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है।

हम बात कर रहे हैं युवा लेखिका, चित्रकार और कहानीकार अंतरा की जिन्होंने महज 20 वर्ष की उम्र में साहित्य लेखन के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फलक पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

**सोशल मीडिया से दूर, साहित्य में मग्न एक युवा आवाज**

एक ओर जहाँ देश की वर्तमान युवा पीढ़ी अपना बहुमूल्य समय सोशल मीडिया और पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में खपा रही है, वहीं हजारीबाग शहर के दीपूगढ़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की रहने वाली अंतरा ने एक अलग राह चुनी। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कठिन तपस्या, एकाग्रचित्ता और आत्मचिंतन के बल पर लेखन और चित्रकारिता को अपना माध्यम बनाया। झारखंड सशस्त्र पुलिस 7 में कार्यरत रहे स्व. राजेश कुमार और गृहिणी अनामिका सिंह की सुपुत्री अंतरा ने माउंट कार्मेल स्कूल, हजारीबाग से 10वीं उत्तीर्ण की और कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी भी की। फिलहाल अंतरा ऑस्ट्रेलिया की कैंपस दुबई में वालोंगोंग यूनिवर्सिटी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डाटा साइंस में स्नातक कर रही हैं। फि लहाल अपनी व्यस्तता के बावजूद उन्होंने अंग्रेजी भाषा में तीन बेहतरीन पुस्तकें लिखी हैं। जिसमें। हार्मोनिज ऑफ एटरनीटी, मोजैक ऑफ मिस्ट्रीज और डिकोड द गैप शामिल है।

**डायरी लेखन से अंतर्राष्ट्रीय**



**सम्मान तक का तय किया सफर**

अंतरा के इस साहित्यिक सफर की शुरूआत एक गहरे भावनात्मक मोड़ से हुई। वर्ष 2014 में एक सड़क दुर्घटना में पिता के आकस्मिक निधन के बाद वह बहुत खामोश रहने लगी थीं। तब उनके नाना अरिंजय कुमार सिंह उन्हें कहानियाँ सुनाकर मन बहलाया करते थे। इसी दौरान उनके भाई उत्कर्ष ने उन्हें डायरी लिखने की सलाह दी, जो जल्द ही एक हॉबी में बदल गई। उनकी लेखनी को निखारने में उनके दादाजी स्व. कपिल देव सिंह का अतुल्य योगदान रहा। अंतरा बताती हैं कि जब भी वह लेखन से पूर्व भावनाओं में गोता लगाती हैं, तो उनके दादाजी द्वारा बचपन में सुनाई गई लघु कहानियाँ स्मरण में आ जाती हैं, जो उन्हें परिवार का महत्व और जीवन में आगे बढ़ने की सीख देती हैं।

**उपलब्धियाँ जिन्होंने हजारीबाग को दिलाया गौरव**

अंतरा की लेखन कला को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति उनकी दूसरी किताब हमोजैक ऑफ मिस्ट्रीज से मिली। इस पुस्तक को मिड-डे द्वारा 2025 की टॉप 16 पुस्तकों में स्थान मिला। इसे टीएओआई अवॉर्ड में 'बेस्ट बुक ऑफ द ईयर' का दुर्लभ सम्मान भी मिला।अंतरा को रवि वर्मा अवॉर्ड और इंटरनेशनल टैगोर अवॉर्ड फॉर लिटरेचर जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा गया है।

**डिकोड द गैप पुस्तक, पीढ़ियों के अंतर पर है एकभावनात्मक सेतु**

हाल ही में प्रकाशित अंतरा की पुस्तक डिकोड द गैप ,विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह पुस्तक दो पीढ़ियों के बीच की अनकही बातों को समझने और उन्हें एक सेतु की तरह जोड़ने का सकारात्मक प्रयास करती है। यह उन सभी लोगों के लिए है जो "तुम कभी नहीं समझोगे..." कहकर चुप हो गए या "हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था..." सुनकर थक चुके हैं। यह भावनात्मकता और विचारशीलता का एक संगम है जो हमें सिर्फ पीढ़ियों के अंतर को नहीं, बल्कि उनके भीतर छिपे जज्बातों और इरादों को भी समझने की प्रेरणा देता है। उनकी पहली पुस्तक हार्मोनिजिज ऑफइंटरनिटी वर्तमान वास्तविकता को दशार्ती लघु कहानियों का एक संग्रहण है, जो सामाजिक एकता और परस्परता को दशार्ते हुए जीवन में एक-दूसरे का साथ देने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। अंतरा की पुस्तकें अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। वाकई मां शारदे की उपासक रूपी अंतरा जैसी युवती वर्तमान समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत हैं। संपूर्ण हजारीबाग को आप जैसी युवा मातृशक्ति पर गर्व है। हम माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि आपकी सृजनात्मक और लेखन क्षमता दिन-प्रतिदिन प्रबल हो और आप इसी प्रकार अपनी अद्भुत लेखनी के बदौलत हजारीबाग का नाम देश और दुनिया में फैलाती रहें ।

# ड्रोन कैमरा की निगरानी में निकाला गया फ्लैग मार्च दुर्गा पूजा दशहरा में शांति व्यवस्था को लेकर।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**

पलामू (झारखंड)दुर्गा पूजा 2025 के अवसर पर नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आज थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों एवं संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में इंस्पेक्टर द्वारिका राम नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी एवं नौडीहा बाजार प्रखंड अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें सरईडीह पिकेट प्रभारी, एस आई उदय यादव, एस आई मनोज सिंह,सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल, के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च नौडीहा बाजार से प्रारंभ होकर नवाटांड पूजा पंडाल,के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों झ्र बाजार क्षेत्र, होते हुए नामुदग, सरईडीह, शाहपुर, खैरादोहर एवं विभिन्न पूजा पंडाल के भ्रमण किया गया। इस दौरान आम नागरिकों को भी सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा शांति और



सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने बताया कि सभी संवेदनशील इलाकों में ड्रोन की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।पलामू पुलिस आम जनता से अपील करती है कि दुर्गा पूजा के इस पावन अवसर पर शांति, भाईचारे एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ पर्व का आनंद लें तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर तुरंत संपर्क करें।

# देवर ने चाकू से किया हमला,भाभी की दर्दनाक मौत ,दो भतीजे लड़ रहे हैं मौत और जिंदगी की लड़ाई

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांवः प्रखंड अंतर्गत हरली पंचायत के डम्हाडीह गांव मे आपसी क्लेश में रविवार रात को देवर अनिल पांडे ने भाभी राधा देवी के पेट में छुरा घोप कर हत्या कर , दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। वहीं घटना में अनिल ने दोनों भतीजे को भी नहीं छोड़ा और छुरा घोप कर कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी 45 वर्षीय अनिल पांडे अपने 23 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। 38 वर्षीय राधा देवी पति विकास पांडे की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतिका के दोनों पुत्र 20 वर्षीय सूरज कुमार एवं 18 वर्षीय विशाल कुमार को भी अनिल ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।दोनों का इलाज रांची हॉस्पिटल में किया जा रहा है। सूरज के पेट का अंतड़ी बाहर आ गया । घटना के समय राधा के पति विकास पूजा पाठ के लिए दूसरे मंदिर में गए थे। वहीं गंभीर रूप से घायल विशाल ने मंदिर में भजन कीर्तन करने गई अपनी दादी को जाकर जानकारी दी दादी से कहा की चाचा ने मां को और भैया को चाकू से मार दिया है। इस दौरान मंदिर में अधिक साउंड होने के कारण हो हल्ला होने व घटना की जानकारी नहीं मिल पा रही थी और घटना का अंजाम देने के बाद अनिल पांडे अपनी पत्नी पूजा कुमारी के साथ नदी की ओर से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़कागांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर तीनों को इलाज के लिए हजारीबाग ले गई। परंतु डॉक्टर ने राधा देवी को मृत्य घोषित कर दिया। घटना के एक घंटा पूर्व पुलिस ने दोनों परिवार के बीच सुलह कराई थी बताते चलें कि शनिवार को अनिल और विकास पांडे के परिवार के बीच मारपीट मामले को लेकर पुलिस मामले का समाधान करवाई थी। रविवार देर शाम तकरीबन 7:30 बजे, भी पुलिस डमहाडीह गांव पहुंच कर दोनों के बीच सुलह कराई थी। परंतु 1 घंटे के बाद शराब की नशे में अनिल पांडे घर आए और अपनी पत्नी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दे दिया। भाभी और भतीजों पर हमला कर दिया। घायलों के सहयोग के लिए प्रबुद्ध लोग आगे आए विकास पांडे का परिवार अत्यंत गरीब है जिसके कारण उनके दोनों पुत्र के इलाज के लिए प्रबुद्ध लोग सामने आए और सहयोग किये जिसमें पुलिस, पत्रकार ,प्रबुद्ध जनों ने बढ़ चढ़कर आर्थिक रूप से सहयोग करने का प्रयास किया। दोनों का इलाज रांची रिम्स हॉस्पिटल में हो रहा है

स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया घटना को लेकर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि अनिल पांडे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर राधा देवी की हत्या एवं दो अन्य युवक राधा देवी के दोनों पुत्र को छूरा एवं कुल्हाड़ी से हमला कर कर देने का गंभीर आरोप पर पुलिस केस किया गया है। शांति विधि व्यवस्था को लेकर घटना स्थल पर पुलिस तैनात की गई है।

## 132 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




132 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल द्वारा 29 सितंबर 2025 को सीमा सुरक्षा बल कैंप, खगड़ा, किशनगंज में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रकट करता है।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती मोना औल, BWWA अध्यक्ष, क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस रक्तदान शिविर में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं जवानों ने भाग लिया, जिन्होंने सेवा भावना से प्रेरित होकर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का संचालन डॉ. मिली मुर्मू, कमांडेंट CMO (SG), सीमा सुरक्षा बल तथा डॉ. शहनवाज आलम (MO), सदर अस्पताल किशनगंज ने कुशलतापूर्वक किया। दोनों चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सभी स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया। 132 वीं बटालियन के कमांडेंट राजेन्द्र सिंह बोहरा ने जवानों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक मानव सेवा का उच्चतम रूप है। हमारे जवानों ने इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया है, जो समाज के लिए प्रेरणा है।

कार्यक्रम के दौरान सभी सुरक्षा एवं स्वच्छता उपायों का पूर्ण पालन किया गया। इस अवसर पर ईश औल, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज तथा किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। जिलाधिकारी विशाल राज कहां की सीमा सुरक्षा बल द्वारा ऐसे सामाजिक कार्य प्रेरणादायक हैं। ये आयोजन समाज में एकजुटता और सेवा भाव को प्रोत्साहित करते हैं। अंत में, 132वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल ने इस सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों, जवानों, चिकित्सा स्टाफ एवं सहयोगी टीमों का आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को अपने ही क्षेत्र में हो रहा विरोध

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र के विधायक सह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को अपने ही विधान सभा क्षेत्रों मे जन आक्रोश झेलना पड़ रहा है एक दिन पूर्व क्षेत्र के दौरे पर आए राजेश राम का भारी विरोध किया गया वहीं राजेश राम वापस जाओ के खूब नारे लगे। कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में देव प्रखंड के दुलारे पंचायत में क्षेत्र भ्रमण के दौरान नारेबाजी की गई विधायक ग्रामीणों को समझाने के लिए भीड़ में आ गए लेकिन उनकी एक नहीं सुनते हुए जमकर नारेबाजी की गई और राजेश राम वापस जाओ के नारे लगते रहे।वही नबीनगर प्रखंड के सरडीहा गांव में भी राजेश राम का भारी विरोध किया गया।विरोध को रोकने आए पंचायत अध्यक्ष के भाई पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया जिसमें वे घायल हो गए। इसके पूर्व कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में नबीनगर प्रखंड में पड़ने वाले मूंगिया पंचायत के धनहारा और विशुनपुर में भी विरोध और नारेबाजी किया गया है।जानकारी के अनुसार विधायक राजेश राम का विरोध का मुख्य मुद्दा स्थानीय समस्याएं और सड़क न होना है जिसको लेकर ग्रामीणों में विधायक के प्रति आक्रोश है।

## पटना में वाहन चेकिंग के दौरान अर्टिगा कार से रिवाल्वर और कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के जानी पुर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक आर्टिका कार से एक देशी कट्टा व रिवाल्वर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

इस सम्बंध में थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि संदिग्ध दिखने पर कार को रोका गया और जांच की गई। जांच के क्रम में कार से एक रिवाल्वर और एक देसी कट्टा बरामद हुआ। वही कार में सवार युवक को गिरफ्तार कर लियस गया है। जिसकी पहचान रणधीर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस उसके बारे में विस्तृत आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक पटना से दुल्हिन बाजार अपने गांव लौट रहा था। बरामद हथियारों को कब्जे में लेकर एफएसएल जांच और फोरेंसिक प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। थाना अध्यक्ष नवीन ने बताया कि इस मामले की सूचना दुल्हिन बाजार थाना को भी दी गई है ताकि उसके नेटवर्क और संभावित संपर्कों की जानकारी मिल सके। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पटना में सड़क हादसे के दौरान एक कि मौत, दूसरा घायल गम्भीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ रविवार की रात जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र में पटना-गया मार्ग पर धनरूआ बाजार के पास पुराने ग्रामीण बैंक के समीप हुई हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर इमली तर गांव निवासी अनूप पासवान के 22 वर्षीय पुत्र शिव शंकर कुमार के रूप में हुई। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक का नाम आयुष कुमार है, जो बिंजू यादव का 20 वर्षीय पुत्र है। दोनों युवक आपस में मित्र बताए जाते हैं और अपने घर से मसौढ़ी की ओर जा रहे थे। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक रात को बाइक से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे बैठे शिव शंकर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सामने बैठे और बाइक चला रहे आयुष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। धनरूआ थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। साथ ही, पुलिस ने दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पटना-गया मार्ग को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी की। इससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। काफी देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया-बुझाया और आश्वासन दिया कि सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जाएगा। इसके बाद जाकर आवागमन सामान्य हो सका। मृतक शिव शंकर कुमार की असमय मृत्यु से उसके परिवार में मातम का माहौल है। 22 वर्षीय युवक की अचानक मौत ने पूरे गांव को शोक में डाल दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, शिव शंकर एक मेहनती और सरल स्वभाव का युवक था, जिसकी मौत से सभी स्तब्ध हैं। वहीं घायल आयुष कुमार के परिजन अस्पताल में उसकी सलामती की प्रार्थना कर रहे हैं।

## जय माँ दुर्गा की गूंज से गुंजयमान हुआ जादूगोड़ा इचरा गांव, दुर्गा पूजा सामाजिक समरसता का प्रतीक

**सौरभ कुमार,दैनिक समाज जागरण,संवाददाता,झारखंड**



जमशेदपुर (जादूगोड़ा) 29 सितंबर 2025:महासप्तमी की संध्या सोमवार को विधिवत पूरे श्रद्धा से पूजा अर्चना करके माँ दुर्गा से सबके कल्याण की कामना इचरा दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा की गई। इस अवसर पर परंपरागत विधियां भी संपन्न हुईं। मौके पर कमेटी के सदस्य रूप मंडल ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह कला और संस्कृति को प्रस्फुटित करने का एक अवसर भी है। माँ दुर्गा हम सभी को आशीर्वाद दें कि हम इस महापर्व को और भव्यता से मना सकें। यह पर्व हमारे जीवन में सुख, सौहार्द और समृद्धि लेकर आए।ह्व श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा, लक्ष्मी एवं काली पूजा समिति इचरा, जी.वी.एस. जादूगोड़ा में दुर्गा पूजा और रावण दहन की तैयारी काफी जोरों से चल रही है। कमेटी के मेंबर घर-घर जाकर सभी श्रद्धालुओं को इसकी सूचना दे रहे हैं। जादूगोड़ा क्षेत्र की बात की जाए तो इचरा गांव इकलौता ऐसा गांव है जहां रावण दहन भी मनाया जाता है। श्रद्धालु हजारों संख्या में देखने के लिए आते हैं। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र रावण दहन होगा। 3 अक्टूबर 2025 को संध्या 7:00 रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। रावण दहन के लिए यह इंचरा गांव पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। कमेटी के सदस्यों के द्वारा सभी क्षेत्रवासियों को सूचित किया जा रहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 अक्टूबर 2025 को दशहरा के पावन अवसर पर विशाल रावण दहन एवं रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है साथ ही साथ कमेटी का सभी से विनम्र अनुरोध है कि आप तन मन धन से सहयोग करें। मौके पर अध्यक्ष- सोमेश मंडल, तुलसी भगत, सचिव- रूपक कुमार मंडल, सुभाष चौ. सिंह, संयुक्त सचिव- शेखर मंडल, विशाल पात्रो, सागर डे, कैशियर- मनोज मंडल, शिवदत्त मंडल आदि सदस्य मौजूद थे।

# मां का पट खुलते ही पूजा पंडालों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज में नवरात्र के दौरान माँ दुर्गा के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे मंदिरों और पंडालों में पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को देवी के पट खोले गए, जिसके बाद भक्तों में दर्शन और पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया. महा सप्तमी के दिन देवी के सातवें स्वरूप, माँ कालरात्रि, की पूजा की गई, और श्रद्धालुओं ने फल, फूल, मिठाई और अन्य चढ़ावों से माँ को प्रसन्न करने का प्रयास किया. पूरे शहर के दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली, जहाँ "जय माता दी", "जय शेरेवाली" के नारे गूंज रहे थे. कई श्रद्धालुओं ने भक्ति के भाव में झूमते हुए भजन और गीतों का गायन भी किया, जिससे शहर भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा.किशनगंज शहर में रुईधासा टाउन क्लब पूजा समिति का पंडाल प्रमुख आकर्षण है, जहाँ हर साल विशेष थीम पर फोम के पंडाल का निर्माण होता है और दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।

इसके अलावा, शहर में मनोरंजन क्लब,बड़ी कोठी दुर्गा मंदिर, शिव शक्ति धाम दुर्गा मंदिर लोहारपट्टी, नेपालगढ कॉलोनी,मोतीबाग काली मंदिर दुर्गा स्थान, पश्चिमपल्ली दुर्गा मंदिर, मिलनपल्ली , कालू चौक और धरमगंज पूजा पंडाल जैसे कई अन्य प्रमुख पूजा पंडाल और दुर्गा मंदिर हैं, जहाँ श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है और भक्तिमय माहौल रहता है. पूजा कमेटी व पुलिस प्रशासन द्वारा उचक्कों व मनचले किस्म के असामाजिक तत्वों पर विशेष रूप से चौकसी बरती जा रही है.किशनगंज जिले के सभी 190 पूजा पंडाल एवं चौक चौराहों सहित कुल 255 स्थलों पर पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई है.और जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष से सीसीटीवी तथा ड्रोन कैमरा की मदद से शहरी क्षेत्रों में निगरानी की जा रही है.

## भगवती देवी दुर्गा का पट्ट खुलते ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर में महासप्तमी के पावन अवसर पर माता दुर्गा का पट्ट खुलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भक्त माता के दर्शन के लिए पूजा पंडालों में जुट रहे हैं। वहीं मंगल बाजार के पूजा पंडाल में माता का पट्ट खुलते के बाद दर्शनार्थियों के बीच माता का प्रसाद वितरित किया जा रहा है।नबीनगर के विभिन्न पूजा पंडालों में आकर्षक और भव्य पंडाल बनाए गए हैं, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं।महासप्तमी के अवसर पर माता दुर्गा की पूजा विधि-विधान से की जा रही है। नबीनगर शहर के मंगल बाजार,शनिचर बाजार,दुखहरनी मंदिर, जनकपुर पोखरा, दास मोहल्ला और अनुग्रह नारायण स्टेडियम के पूजा पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो जगमगाती रोशनी से रौशन हो रही हैं।मौके पर मंगल बाजार के पूजा पंडाल मे स्थापित भगवती देवी दुर्गा का पाठ करा रहे आचार्य पंडित रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि शारदीय नवरात्र के सातवें दिन पूरे विधि विधान और ढोल बाजा के साथ शुभ मुहूर्त में सोमवार को मां दुर्गा की पट्ट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है उन्होंने कहा कि आज सोमवार को ही 11.30 बजे रात्रि से शक्ति कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जाएगी। आचार्य ने यह भी बताया कि महाअष्टमी का व्रत सोमवार को है।वहीं श्रद्धालु पूजा अर्चना कर माता दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं और उनकी कृपा के लिए पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वहीं नबीनगर प्रखण्ड के टंडवा, नबीनगर रोड, एनटीपीसी सुरार, बड़ेम ,रामनगर, चंद्रगढ़ माली सहित अन्य क्षेत्रों से माता दुर्गा के पट्ट खुलते के साथ पूजा अर्चना किए जाने की खबर लगातार मिल रही है।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के निर्माण में अनियमितता का आरोप

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के खजुरी पाण्डु पंचायत में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पाण्डू में पूर्व से बने उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के जर्जर होने के कारण नए हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य गलत जगह पर हो रहा है ग्रामीणों ने कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र के विधायक को आवेदन देते हुए कहा है कि अंचलाधिकारी



नबीनगर द्वारा प्रस्तावित भूमि पर निर्माण नहीं होकर दूसरे स्थान पर हो रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को तत्काल रोककर सही जगह की जांच कराने और निर्माण कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने पत्र की प्रतिलिपि अपर समाहर्ता औरंगाबाद, जिला चिकित्सा पदाधिकारी , चिकित्सा पदाधिकारी नबीनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्माण कार्य की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।ताकि ग्रामीण जनता को सही जगह पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की सुविधा मिल सके। मामले में पूछे जाने पर रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नबीनगर द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हुआ है जिसे आवश्यक कारवाई के लिए उच्च अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है

## पटना में मां दुर्गा के पट खुलते ही पूजा-पंडालों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर सोमवार को मां दुर्गा के पट खुलते ही पटना और आसपास के शहरी व ग्रामीण इलाकों के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही कतार में खड़े थे। पटना, दानापुर, जानीपुर, अनीसाबाद, बेउर, बिहटा, नौबतपुर, बिक्रम, मनेर, रानीतालाब, दुल्हिन बाजार, दिहुली, पालीगंज, बनौली, खिरिमोड, पियरपुरा के गौसगंज, सिद्धिपूर, अकबरपुर, सिकरिया, चंदोस सहित सभी इलाको में स्थापित पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वही पूजा विधि-विधान के तहत सप्तमी के दिन माता के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की आराधना की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण, चंडीपाठ और सप्तशती के पाठ के साथ भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की। भोग के रूप में खीर, पूड़ी, चने और मौसमी फल माता को अर्पित किए गए। पुष्पांजलि के समय घंटा-घड़ियाल और शंख की ध्वनि गूंज उठी। हजारों श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर माता से परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद मांगा। पूजा पंडालों की सजावट और विद्युत प्रकाश व्यवस्था ने पूरे माहौल को भव्यता प्रदान की। देवी की प्रतिमा के साथ अन्य देव-प्रतिमाओं की स्थापना भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। ढाक-ढोल, नगाड़ा और भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। पूजा समितियों ने व्यवस्था में कोई कसर नहीं छोड़ी। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती रही और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई। पूजा-पंडालों में उमड़े श्रद्धालु माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर अभिभूत हो गए। भक्तगण देर रात तक भक्ति और उत्सव के माहौल में डूबे रहे।

## पटना में मुक बधिर विवाहित महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में शनिवार की देर रात गांव के ही एक युवक ने 24 वर्षीय मुक बधिर विवाहित महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय अवनीश तिवारी उर्फ टमाटर तिवारी के रूप में हुई है। घटना के बाद पीड़िता ने इशारे से अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी और आरोपी की पहचान कराई। इसके बाद परिजन महिला को लेकर गौरीचक थाना पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता बोल नहीं सकती है।

इसी कमजोरी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसकी इज्जत लूट ली। महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। कोर्ट में पीड़िता का बयान दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पटना पुलिस ने किया अपराधी पंकज शर्मा को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले की पुलिस ने सोमवार को रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण कॉलोनी पश्चिमी नयाचक में छिपे कुख्यात अपराधी पंकज सहनी को गुप्त सूचना के आधार पर दबोच लिया। लंबे समय से पटना समेत कई जिलों की पुलिस के लिए सिरदर्द बना यह अपराधी अंततः पुलिस के जाल में फंस गया। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंकज सहनी इलाके के एक किराए के मकान में ठहरा हुआ है। सूचना की पुष्टि के बाद पूर्वी एसपी परिचय कुमार के निर्देश पर डीएसपी-2 रंजन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर छापेमारी कर पंकज सहनी को हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामानों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी के पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन, एक देसी कट्टा, 7.65 मिमी की 19 जिंदा गोलियां, एक अन्य गोली, तीन मोबाइल फोन, एक फाइटर, गांजा तौलने वाला तराजू और बटखारा बरामद किया है। इसके अलावा 1000 रुपये के 13 पुराने नोट और 500 रुपये के 74 पुराने नोट भी मिले हैं। पुलिस का मानना है कि यह नकदी संभवतः अपराध के जरिए हासिल की गई थी और नोटबंदी के समय यह उसे बदलवा नहीं सका था। पुलिस ने बताया कि पंकज सहनी न सिर्फ हथियारबंद अपराधों में शामिल था बल्कि गांजा के अवैध कारोबार से भी जुड़ा हुआ था। उसके मोबाइल से ऐसे प्रमाण मिले हैं जो इस धंधे में उसकी संलिप्तता की पुष्टि करते हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि पंकज सहनी पिछले 30 वर्षों से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उसके खिलाफ लखीसराय थाना, बढ़िया थाना, मुंगेर कोतवाली थाना और जीआरपी थाना समेत विभिन्न जिलों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में लूटपाट, चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि हाल के दिनों में उसने पटना शहर के दो से चार बड़े व्यवसायियों को टारगेट किया था और अपने साथियों के साथ बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। हालांकि, समय रहते पुलिस ने उसे पकड़कर इस साजिश को नाकाम कर दिया।गिरफ्तारी के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन की जांच में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस को मोबाइल में तीन अपराधियों की तस्वीरें मिली हैं जिनकी पहचान कर ली गई है। आशंका जताई जा रही है कि ये अपराधी उसके सहयोगी हैं और आने वाले दिनों में इनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। पटना पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि पंकज सहनी लंबे समय से फरार चल रहा था और पटना में आपराधिक गतिविधियों की योजना बना रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम ने उसे दबोच लिया। उसके पास से मिले हथियार और आपत्तिजनक सामान से साफ है कि वह किसी बड़ी वारदात की तैयारी में था। उन्होंने आगे कहा कि अपराधी का नेटवर्क व्यापक है। उसके मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही उसके अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# पटना के पालीगंज स्थित बैंकों में केवाईसी के लिए उमड़ी भीड़

### कर्मियों की उदासीनता व सीएसपी केंद्रों में पोर्टल नही खोले जाने से बढ़ी परेशानी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज स्थित बैंकों में सोमवार को केवाईसी कराने के लिए बैंक ग्राहकों व खाताधारियों की भीड़ उमड़ रही है। बैंककर्मियों की उदासीनता तथा ग्राहक सेवा केंद्रों में केवाईसी पोर्टल नही खोले जाने से हो रही परेशानी। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व बड़े पैमाने पर पेंशनधारियों के बैंक खाते पर दुगार्पूजा को लेकर पेंशन की राशि सरकार की ओर से भेजी गई है। वही लेबर कार्डधारियों के खाते में भी सरकार की ओर से पांच हजार की राशियां भेजी गई है। साथ ही जीविका से जुड़ी भारी संख्या में महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की राशि भेजी गई है। जिसकी अद्धतन जानकारियां प्राप्त करने के लिए बैंकों में भीड़ उमड़ रही है। अधिकांश बन्द पड़े खातों को भी चालू कराने, अपडेट कराने व केवाईसी कराने के लिए भी बैंकों में खातेधारियों कई भीड़ उमड़ रही है। लेकिन इन भीड़ को नियंत्रण करने के लिए कोई सार्थक कदम नही उठाई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को पटना जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत लालगंज सेहरा स्थित पीएनबी की शाखा में खातेधारियों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहाँ पहुंचे खातेधारियों ने बताया कि बैंककर्मी हमारी बातें नही सुन रहे है। केवाईसी पर रोक लगा दी गयी है। यहां तक कि बैंककर्मियों द्वारा केवाईसी फॉर्म तक नही दी जा रही है। वही 15 किलोमीटर दूर से आई एक 70 बर्षीय बुजुर्ग महिला मीना देवी ने बताई की मुझे इलाज कराने के लिए पैसे की बहुत जरूरी है। लेकिन केवाईसी के अभाव में पैसे नही निकल रहा है। यही स्थिति पालीगंज स्थित पीएनबी बैंक शाखा की है। जहां सोमवार को भारी भीड़ देखने को मिला। एक खाताधारी ने बताया कि मुझे केवाईसी कराने के लिए बैंक कर्मियों ने यह कहकर ग्राहक सेवा केंद्र भेज दिया कि आप जहां खाता खुलवाए है वही केवाईसी करवाइए। जब वहां गए तो ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने बताया कि बैंकों द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र का केवाईसी पोर्टल नही खोली गई है। जब केंद्र संचालक से बात किया तो बतलाया कि यदि केवाईसी पोर्टल ग्राहक सेवा केंद्रों की खोल दी जाती तो आज यह स्थिति देखने को नही मिलती।

# जुगसलाई के बेको गाँव में दुर्गा पूजा पर फुटबॉल खेल का आयोजन

### पूर्व प्रत्याशी विनोद स्वानसी हुए शामिल, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**परमबीर पात्रों, दैनिक समाचार जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड)**



जमशेदपुर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेको गाँव में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में फुटबॉल खेल का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विनोद स्वानसी भी सम्मिलित हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल में स्थानीय युवाओं की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों की भारी भीड़ खेल देखने पहुँची और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन समिति ने बताया कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और क्रीड़ा गतिविधियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का अवसर भी है। विनोद स्वानसी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामीणों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी

# भारत विकास परिषद द्वारा प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन सम्पन्न

**समाज जागरण**

नोएडा, 29 सितम्बर 2025ः भारत विकास परिषद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन आज वेडिंग विला, सेक्टर-51, नोएडा में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी प्रतियोगिता में गाज़ियाबाद, नोएडा, हापुड़ एवं बुलंदशहर जिलों की अंतर-विद्यालयीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 36 विद्यालयों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय वित्त सचिव श्री महेश बाबू गुप्ता, क्षेत्रीय सचिव श्री राजीव गोयल एवं क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव श्री राजेश पालीवाल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे मातरम्' के साथ हुआ।
इस आयोजन की मेजबानी नोएडा शाखा द्वारा की गई, जिसमें शाखा अध्यक्ष श्री देवेंद्र गंगल एवं सचिव श्री रामरतन शर्मा के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही।
कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्री प्रमोद गर्ग की विशिष्ट उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की व्यवस्था की प्रशंसा की।

**निर्णायक मंडल में विशिष्ट संगीतज्ञों की सहभागिताः**

श्री विनय प्रसन्ना
श्री कृष्ण विश्वनाथन
डॉ. दिव्या मिश्रा
डॉ. मोनिका कौशिक
डॉ. तारा गुप्ता
सुश्री ऋतु पंडित
इन सभी निर्णायकों ने निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट मूल्यांकन करते हुए परिणाम घोषित किए।

**संगठनात्मक नेतृत्व में रहा आयोजन सुव्यवस्थितः**



पूरा आयोजन प्रांतीय अध्यक्ष श्री कवित बंसल, प्रांतीय महासचिव श्रीमती मुक्ता अग्रवाल एवं प्रांतीय वित्त सचिव श्री प्रवेश चंद्र गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य इस आयोजन की गरिमा बढ़ाते हुए उपस्थित रहे।

इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में 40 शाखाओं की रिकॉर्ड भागीदारी रही, जिसने आयोजन को विशेष बना दिया।

समूह गान प्रमुख श्री अंकुर अग्रवाल एवं समूह गान प्रभारी श्रीमती निधि गोयल का समर्पित योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

**विजेता विद्यालयों की सूचीः**
**हिंदी गायन श्रेणीः**

प्रथमः रामाज्ञा स्कूल, सेक्टर-50, विवेकानंद शाखा, ग्रेटर नोएडा
द्वितीयः सेंट टेरेसा स्कूल, इंदिरापुरम
तृतीयः आधारशिला ग्लोबल स्कूल, वसुंधरा

**संस्कृत गायन श्रेणीः**

प्रथमः रामाज्ञा स्कूल, सेक्टर-50, विवेकानंद शाखा, ग्रेटर नोएडा
द्वितीयः सिटी हार्ट अकादमी, दादरी
तृतीयः ज्ञान अनंत विद्यालय, पिलखुवा

ओवरऑल परिणामः

प्रथमः रामाज्ञा स्कूल, सेक्टर-50, विवेकानंद शाखा, ग्रेटर नोएडा
द्वितीयः सेंट टेरेसा स्कूल, इंदिरापुरम
तृतीयः आधारशिला ग्लोबल स्कूल, वसुंधरा

**अगला पड़ाव — क्षेत्रीय प्रतियोगिताः**

ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रामाज्ञा स्कूल, नोएडा की टीम अब आगामी 9 नवम्बर 2025 को मुरादाबाद में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय स्तर की राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी।
इस आयोजन ने विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, संगीत के प्रति रुचि एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित किया। आयोजक मंडल, निर्णायकों और सभी प्रतिभागी विद्यालयों को आयोजन की सफलता हेतु बधाई।

## फरेहैदी की बेटी रेनू बनी प्रवेक्षक अधिकारी, गांव में खुशी की लहर

### किसान त्रिमल सिंह की पुत्री का बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में चयन, ग्रामीणों ने बांटी मिठाई

**समाज जागरण**

मुरादाबाद। मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसी का उदाहरण ग्राम फरेहैदी, पोस्ट फरेहैदी, जिला मुरादाबाद की बेटी रेनू सैनी ने पेश किया है। रेनू सैनी, किसान त्रिमल सिंह की पुत्री हैं और हाल ही में उनका चयन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश में प्रवेक्षक अधिकारी पद पर हुआ है।



रेनू की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा गांव गौरवान्वित है। गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि रेनू ने साबित किया है कि संकल्प और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।
रेनू सैनी की सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।
बधाई देने वालों में सुनील कुमार सैनी, अनिल कुमार सैनी, राजकुमार सैनी, हरिश्चंद सैनी, महेश सैनी, मुलायम सिंह सैनी, नेमपाल सिंह सैनी आदि शामिल रहे।

# जिला पार्षद ने छतरपुर के दर्जनों पूजा पंडालों से निकली जल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कलश प्रदान कर किया शोभायात्रा का शुभारंभ

समाज जागरण दीपक सरकार

छतरपुर पलामू पूरे देश में शारदीय नवरात्र पर लोग शक्ति की उपासना, पूजा अर्चना व साधना में लीन है। उक्त अवसर पर रविवार को छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और उनके पिता विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कई स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मां दुर्गा और कन्या की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सलामती व सुख समृद्धि की दुआ मांगी। वहीं उन्होंने जल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कलश देकर जल यात्रा का शुभारंभ किया। जिन प्रमुख जगहों से कलश यात्रा निकाली गई उसमें रुदवा, केरकी कुटिया, बगैया, मुरूमदाग, विषयपुर, सहरसवा, हेंसला, हेनहे बाजार चौक, सुंगरी, चराई,और करमा बाजार आदि शामिल है।



पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि जल यात्रा में नदी से जल कलश में लेकर मां दुर्गा के चरणों में श्रद्धालु समर्पित कर देश को जल संकट से वर्तमान व आने वाले पीढ़ी को बचाने की मन्नत मांगी। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल प्रमुख लोगों में शंभू मिश्र, चिरू मुखिया पति प्रमोद यादव, चराई मुखिया रविंद्र राम.व्यास चंदन. विश्वकर्मा.शिवनाथ सुरीला, गोविंद प्रसाद, सचिन पांडे,सुभाष गुप्ता, बसंत विश्वकर्मा, विंध्याचल पासवान, विजय पासवान.डॉ आया राम उरांव, नंदू विश्वकर्मा, मुलायम सिंह यादव,मैनेजर विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, दशरथ प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद,कृष्ण यादव, संजय यादव, रामजतन यादव, मोती साव, मुरली प्रसाद, पंकज विश्वकर्मा,कपिल सिंह, राकेश ठाकुर. महेंद्र सिहं प्रवेश भुईयां आदि शामिल थे।

# भरत मिलाप व सीता हरण की लीला देख दर्शक हुए भाव- विभोर

**समाज जागरण**

चंदौसी। रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा सप्तमी नवरात्रि के दिन रामबाग धाम के विशाल पावन मंच पर भरत मिलाप सीता हरण की लीला का आयोजन किया गया। रामलीला का शुभारंभ स्व0 सुशीला देवी जी की पावन स्म्रति में श्री गिरीश चन्द्र भट्ठे वाले, आशीष चन्द्र भट्ठे वाले, निशंक वार्ष्णेय निक्कू और समस्त परिवार के द्वारा फीता काटकर किया गया।

आज की रामलीला में श्री भरत (किशनपाल) अपनी तीनों माताओं, भाई, और सभी सगे संबंधियों नगर बासियों के साथ राम जी से मिलने वन पहुँचते हैं और उनसे अयोध्या चलने को कहते हैं परंतु राम जी मना कर देते हैं। उसके बाद श्री राम, श्री लक्ष्मण माता सीता के साथ अपनी कुटिया मे बैठे हुए हैं तभी रावण की बहन सुपर्णखा (दिव्या)वहां आती है और राम(प्रतीक) से विवाह का प्रस्ताव रखती है राम जी सीता जी को दिखाकर कहते हैं कि मेरे साथ तो मेरी धर्मपत्नी है तुम लक्ष्मण से पूछ लो वो यहाँ अकेला है। सुपर्णखा लक्ष्मण के पास जाती है तो लक्ष्मण (हर्षित)भी मना करके राम जी के पास भेज देते हैं ऐसे दो तीन बार सुपर्णखा इधर से उधर जाती है तब वह गुस्सा होकर सीता जी (प्रियंका)को मारना चाहती है तो लक्ष्मण सुपर्णखा के नाक और कान काट लेते हैं। फिर सुपर्णखा चली जाती है। अगले दृश्य में वो अपने भाई खर(हर्षित), दूषण (धीरेंद्र)और त्रिशरा (सुरेन्द्र)के पास जाती है और बहन के अपमान का बदला लेने के लिए भड़काती है। तीनों भाई राम और लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए जाते हैं और मारे जाते हैं। फिर सुपर्णखा रावण के पास जाती है तो रावण भी सुपर्णखा का ऐसा हाल देखकर क्रोधित हो जाता है और माता सीता के हरण की योजना बना लेता है।



फिर रावण(गोविंद किशोर) मारीच(अमित अप्पू) के पास जाकर उससे सहायता माँगता है परंतु मारीच रावण को बहुत समझाता है कि यह कार्य अनुचित है परंतु रावण मारीच को मना लेता है। मारीच सोने का हिरण (किशनपाल)बनकर राम जी को कुटिया से दूर ले जाता है। और अपने मरने पर राम जी की आवाज निकालकर सीता जी को लक्ष्मण से दूर करवा देता है। लक्ष्मण एक रेखा खींचकर सीता जी को रेखा पार न करने का अनुरोध करते हुए चले जाते हैं। उधर साधु भेष में रावण(संजय गौतम) सीता जी को रेखा से बाहर लाकर उनका हरण कर लेता है। रास्ते में सीता जी की पुकार सुनकर जटायु सीता जी को बचाने का प्रयास करते हुए रावण के हाथों घायल हो जाते हैं। दर्शकों के लिए लकी ड्रा, मेघा ड्रा,बम्पर ड्रा,और सुपर बम्पर ड्रा स्व0 लक्ष्मी नारायण टनाटन की पुण्य स्म्रति में निकाले गए।

श्रीरामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पटका, पगड़ी, पहना कर सम्मान किया गया। और एक श्री राम जी की प्रतिमा उपहार स्वरूप भेट की गई।

प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, प्रदीप शर्मा, ओम शंकर पेंटर, ओमेंद्र वार्ष्णेय, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, कृष्णा डीजे, सोनू, वासु गुप्ता, उमंग वार्ष्णेय, प्रवर शर्मा, वंश वार्ष्णेय, सतीश चंद्र, रितिक वार्ष्णेय, नवीन दरोगा, भगत जी ,दिव्यांशु नारायण, मुकुल शर्मा आदि कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच का संचालन अमित अप्पू ने किया।

## अतुल कुलश्रेष्ठ बने जनपरिषद की इंटर स्टेट कमेटी के महासचिव

भोपाल ' अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जन परिषद के महासचिव द्वय श्री ओ पी गुप्ता एवं अजय श्रीवास्तव नीलू की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने, समाजसेवी श्री अतुल कुलश्रेष्ठ को जन परिषद की इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी का महासचिव मनोनीत किया है ' संस्था के संयोजक श्री रामजी श्रीवास्तव के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है '



## पुलिस को मिली सफलता हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

समाज जागरण तिलहर/शाहजहांपुर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम ,अवैध शराब, चोरी , लूट , डकैती, गौ तस्कर व तलाश वांछित अपराधी व वारन्टी तथा बरामदगी अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ के क्रम मे दिनांक 26.09.2025 को वादी की तहरीर के आधार पर थाना तिलहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 455/25 धारा 103(1)/74/333/352/351(3)/3(5) इठर में वांछित अभियुक्त 1. धर्मेन्द्र (26)पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम मोहनपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 28.09.25 को समय रात करीब 10:15 बजे भक्सी तिराहा के पास थाना तिलहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा 2. अभियुक्त सुखदेव(52) पुत्र नरेन्द्रपाल निवासी ग्राम मोहनपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को आज दिनांक 29.09.25 को समय करीब 11.40 अट बजे श्री सिद्धि विनायक अस्पताल जनपद बरेली से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार दोनों आरोपी कोतवाली तिलहर क्षेत्र के गांव मोहनपुर में हुए चर्चित अवनीश राठौर हत्या कांड में आरोपी थे।
गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली निरीक्षक राकेश सिंह तोमर, उपनिरीक्षक गौरव कुमार,महिला उपनिरीक्षक नेहा सैनी, कॉस्टेबल जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

## महिला आयोग की सदस्य ने गर्भवती महिलाओं की गोद भर महिला सशक्तिकरण के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर के तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेडा में स्थित श्रीमती संसारवती इण्टर कॉलेज कपसेडा में महिला आयोग की सदस्य सुचिता कुमारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भर कर ,सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया और शिक्षा के प्रति जागरूक किया। एक से छः साल के बच्चों को दलिया खिलाकर , उनके परिजनों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद सिंह,गौरव सिंह,महिला थानाध्यक्ष रश्मि सिंह,तिलहर क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव,महिला दारोगा नेहा सैनी,शिवम सिंह, अभिषेक सिंह,प्रधान शिवेंद्र सिंह, आंगनवाड़ी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## किशोरी से दुष्कर्म कर पिलाई थी जहरीली दवा, 20 साल की कैद

2023 में घटना के बाद किशोरी की हुई थी मौत– विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने दोषी पर 36 हजार लगाया अर्थदंडकैराना। किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और उसे जहरीली दवाई पिलाने के बाद मौत के मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो) ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 36 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पुष्पेन्द्र मलिक ने बताया कि 28 जुलाई 2023 को झिंझाना थाना क्षेत्र की एक 15 वर्षीय किशोरी सिलाई सेंटर से अपने घर जा रही थी। रास्ते में आरोपी ने किशोरी के साथ बदसलूकी की तथा उसे खींचकर ले गया, जिसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किशोरी को जबरन जहरीली दवाई पिला दी, जिसके बाद किशोरी गिरती–पड़ती हुई अपने घर पहुंची। परिजन पीड़िता को चौसाना डॉक्टर के पास ले गए, जहां से उसे करनाल रेफर कर दिया। कुछ समय पश्चात किशोरी की मौत हो गई। पीड़िता के पिता की ओर से झिंझाना थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आरोपी आकाश निवासी सुंदरनगर भड़ी चौसाना को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया था, जहां से उसे जेल भेज दिया था।

# *बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल करेंगे लाल किले पर रावण वध*

**समाज जागरण**

मुख्य संवाददाता नई दिल्ली। विश्व प्रसिद्ध लव कुश रामलीला इस वर्ष एक और ऐतिहासिक क्षण की गवाह बनेगी। दशहरा के दिन लाल किला मैदान में असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण वध का मंचन बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता बॉबी देओल द्वारा किया जाएगा।
बॉबी देओल फिल्म इंडस्ट्री के उन चुनिंदा सितारों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने करियर के तीन दशक पूरे कर लिए हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अदाकारी और अनोखे स्टाइल से दर्शकों का दिल जीता है और वे एक बार फिर सुर्खियों में हैं।



लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि जब बॉबी देओल को दशहरे पर रावण वध करने का आमंत्रण दिया गया तो उन्होंने इसे पूरे उत्साह के साथ स्वीकार कर लिया। समिति का मानना है कि बॉबी देओल का इस ऐतिहासिक मंच पर आना रामलीला को और भी भव्य और यादगार बना देगा। दशहरे की इस संध्या को देखने के लिए राजधानी समेत देशभर से लाखों दर्शक लाल किले पर जुटते हैं। इस बार बॉबी देओल की मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ने वाली है।

## प्रभारी का चार्ज लेते ही एक्शन मोड में जल कल्याण इंटर कॉलेज की छात्रा दीपांशी श्रीवास्तव

**दीपांशु श्रीवास्तव बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोका और उन्हें हेलमेट पहनने की चेतावनी दी।**

**समाज जागरण**

जैतीपुर/शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति केंद्र योजना के तहत महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत गढ़िया रंगीन में जल कल्याण इंटर कॉलेज स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 10 की छात्रा दीपांशी श्रीवास्तव एक दिन का थानेदार बनाया गया। थाना अध्यक्ष बनते ही एक महिला अपने जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर आई छात्र ने तुरंत उसका निस्तारण करते हुए संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया एवं महिला को न्याय दिलाने की बात की। प्रभारी हरिकेश ने बताया इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वह छात्रा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह मन लगाकर पढ़ाई कर रही है एवं आगे चलकर आईपीएस बनाकर परिवार एवं जनपद का नाम रोशन करेगी।



# एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कर्मचारियों से मुलाकात कर कहा, भाजपा सरकार सारी मांगे पूरी करे

**समाज जागरण मुख्य संवाददाता**

*नई दिल्ली, 29 सितंबर :दिल्ली नगर निगम के एमटीएस/सीएसडब्ल्यू कर्मचारी सोमवार को अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। आम आदमी पार्टी ने लंबे समय से लंबित इनकी मांगों का समर्थन किया है। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से मुलाकात कर कहा कि भाजपा सरकार को कर्मचारियों की सारी मांगे तत्काल पूरी करनी चाहिए। कर्मचारियों की सामान वेतन, मेडिकल अर्न लीव और अनुकंपा के आधार परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग जायज है। मैने इनकी मांग पूरी करने के लिए मेयर को कई बार पत्र लिखा है, सदन में भी यह मुद्दा उठाया। लेकिन मेयर ने कोई कार्रवाई नहीं की। दिल्ली में मौसमी बीमारियां कहर बरसा रही हैं। 5 हजार दो सौ कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से हालात और खराब होंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी वित्तीय बहाने बनाकर इन कर्मचारियों को न्यूनतम की मांग को नजरअंदाज कर रही है। ये कर्मचारी दिल्लीवासियों को मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी बीमारियों से बचाने का काम करते हैं, लेकिन भाजपा उनकी बुनियादी जरूरतें ही पूरी नहीं कर पा रही है। एमसीडी सदन में भी मैंने इस मुद्दे को उठाया था कि कर्मचारी न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे हैं। दिल्ली में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा चरम पर है। डेढ़ महीने पहले भी इन कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल की थी, जिसमें तीन मुख्य मांगें रखी गई थीं। पहली मांग एक समान वेतन की है। वर्तमान में एमटीएस/सीएफडब्लयू कर्मचारियों को छह अलग-अलग वेतन स्केलों में भुगतान किया जाता है, जो असमानता पैदा करता है। यह मांग पूरी तरह जायज है और सभी को एक समान वेतन मिलना चाहिए।
अंकुश नारंग ने बताया कि दूसरी मांग मेडिकल अर्न लीव से जुड़ी है। ये कर्मचारी 25-30 वर्षों से लगातार सेवा दे रहे हैं, लेकिन उन्हें मेडिकल अवकाश का लाभ नहीं मिल रहा। तीसरी मांग सबसे संवेदनशील है, जिसमें कर्मचारियों ने कम्पैशनेट ग्राउंड पर नौकरी की व्यवस्था की बात कही है। अंकुश नारंग ने स्पष्ट किया कि ये लोग रोजाना टंकियों, छतों, सड़कों और कूलरों पर जाकर पानी की जांच करते हैं, फॉगिंग करते हैं और दवाइयां डालते हैं। इस दौरान वे मच्छरों और लार्वा के सबसे ज्यादा संपर्क में आते हैं, जिससे उन्हें बीमारियों का खतरा रहता है। अगर किसी कर्मचारी को कुछ हो जाता है, तो उनके परिवार से एक सदस्य को नौकरी देने की मांग में क्या गलत है?
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के लंबे संघर्ष के बाद डीबीसी कर्मचारियों ने एमटीएस का दर्जा हासिल किया था, लेकिन भाजपा सरकार से एक समान वेतन की उम्मीद तक पूरी नहीं हुई। मैंने 26 सितंबर को महापौर को पत्र लिखकर इनका समाधान करने की मांग की थी। सदन में भी यह मुद्दा रखा। लेकिन भाजपा मेयर ने कोई भी समाधान निकालने पर बात नहीं की।उन्होंने एमसीडी अधिकारियों के रवैये की आलोचना की। यूनियन के साथ एमएचओ (मेडिकल हेल्थ ऑफिसर) की बैठक में पहले दिल्ली सरकार का पत्र मांगा गया, जो दे दिया गया। फिर सभी जोनों से पत्र की मांग की गई। आम आदमी पार्टी के चार जोन चेयरमैन (पुनीत राय, अमृत जैन, विकास टांग और निर्मला कुमारी) के पत्र जमा करवाए गए, लेकिन फिर भी मांगें पूरी नहीं हुईं। उन्होंने मेयर राजा इकबाल सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वह न केवल कर्मचारियों, बल्कि दिल्ली की जनता को मौसमी बीमारियों के कहर में धकेल रहे हैं।

# प्रधान मंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, दिल्ली की मुख्य मंत्री एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थितिमें किया लोकार्पण

**समाज जागरण मुख्य संवाददाता**

नई दिल्ली 29 सितम्बर : भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सांय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित निजी कार्यालय का पार्टी कार्यों में उपयोग के लिए लोकार्पण किया।
समारोह में प्रधान मंत्री के साथ मंचासीन रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, डा. पंकज सिंह एवं इन्द्रराज सिंह, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल एवं प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल।
आज ही प्रातः राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिती में प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने सपत्नीक नये भवन में प्रवेश पूर्व हवन पूजन किया।
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 9 जून 2023 को इस नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया था और आज 29 सितम्बर 2025 को शारदीय नवरात्र के बीच प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में लोकार्पण किया।
दिल्ली में जनसंघ काल हो या वर्तमान भाजपा की लगभग 45 वर्ष की यात्रा भाजपा कार्यकताओं को हमेशा पार्टी के पास निजी कार्यालय ना होना कुचेटता था और आज प्रधान मंत्री द्वारा लोकार्पण ने यह कमी भी पूरी कर दी।
समारोह के मंच से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्यालय लोकार्पण ने जहां समारोह स्थल से बाहर दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर उपस्थित लगभग 20 हजार कार्यकताओं के उत्साह को दुगना कर डाला पर समारोह मंच के सामने बैठे लगभग 250 ऐसे बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं जिनमे से अनेक ने जनसंघ काल से या 1980 में भाजपा स्थापना वर्ष से पार्टी को नेतृत्व दिया के लिए यह निजी संगठन कार्यालय भवन लोकार्पण समारोह एक भावुकता भरा पल था। अनेक बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं की आंख में आंसू छलकते दिखे। वहीं दिल्ली भाजपा की वर्तमान पदाधिकारी टीम जिसमे प्रमुख थे संगठन महामंत्री पवन राणा, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, सभी उपाध्यक्ष, मंत्री, मीडिया प्रमुख एवं प्रवक्ता जिनके कार्यकाल में कार्यालय निर्माण हुआ के लिए आज का दिन एक गौरवशाली दिन बना। नवनिर्मित कार्यालय के उत्साह में भरे कार्यकताओं ने कहा की निजी कार्यालय की खुशी दिवाली पूर्व ही दिवाली आने जैसी खुशी है।

# फेल हुई कालातीत पदाधिकारियों की चाल ,

## कानपुर में अमान्य हुआ यूपी एम टी ए का मतदान

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुरक कालातीत घोषित पदाधिकारियों द्वारा संस्था के संविधान, नियमों के खिलाफ सैकड़ों फर्जी सदस्यों की भागेदारी भी सुनिश्चित करते हुए बीते 21 सितंबर को यूपीएमटीए के कराए गए चुनाव को अवैध घोषित कर निरस्त करने के साथ ही रजिस्ट्रार ने उसे खुद कराए जाने आदेश दिया है।

अवगत कराते चलें कि यहां के रजिस्ट्रार ने यूपी एम टी ए के पदाधिकारियों को नियमों संविधान का हवाला देते हुए कालातीत घोषित कर दिया था ,जिसके मुताबिक इस चुनाव को रजिस्ट्रार द्वारा ही कराया जाना था लेकिन कालातीत घोषित किए गए संस्था के पदाधिकारी नहीं माने और उन्होंने बीते 21 सितंबर को यूपीएमटीए का चुनाव नियम संविधान के खिलाफ जाकर करवा दिया था ,जिसके बाद अध्यक्ष महामंत्री व अन्य पदाधिकारी भी चुन लिए गए थे। अब संस्था के नियमों और संविधान के खिलाफ 21 सितंबर को कराए गए इसी चुनाव को डिप्टी रजिस्ट्रार ने रद्द कर दिया है। अब यूपीएमटीए के इस चुनाव को रजिस्ट्रार खुद करायेंगे। इसके लिए तारीख की घोषणा भी जल्द किए जाने की उम्मीद है।

गणपति रोड कैरियर के डायरेक्टर प्रवीण जैन, और कालातीत महामंत्री, मनीष कटारिया को प्रेषित आदेश निर्देश के मुताबिक रजिस्ट्रार कार्यालय में संस्था से सम्बन्धित प्रचलित प्रकरण का निस्तारण मा० उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या- 31018/2025 में पारित आदेश दिनांक 08 सितंबर 2025 के अनुपालन में कार्यालय आदेश संख्या -1809 दिनांक 16. सितंबर 2025 द्वारा किया जा चुका है। सोसा रजि. अधि०- 1860 की धारा-25(2) के अन्तर्गत संस्था का चुनाव अधोहस्ताक्षरी यानी डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा सम्पन्न कराया जाना है। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि यदि इस सम्बन्ध में संस्था के कालातीत अध्यक्ष / महामंत्री द्वारा कार्यालय आदेशों का उल्लंघन करते हुये चुनाव सम्पन्न कराया गया है तो वह न केवल कार्यालय आदेशों का उल्लंघन है अपितु सोसा रजि.अधि -1860 की अवहेलना भी है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त कार्य न केवल असंवैधानिक अपितु विधि विरूद्ध भी है। जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। वहीं इस बारे में हुई महत्वपूर्ण बैठक में रजिस्ट्रार के आदेश को ट्रांसपोर्टरों के हित में सच्चाई की जीत बताया गया। संस्था के नियमों और संविधान के खिलाफ 21 सितंबर वाले को अवैध घोषित कर यूपीएमटीए दोबारा चुनाव कराए जाने के आदेश के पालन को लेकर हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में ट्रांसपोर्टर प्रवीन जैन, राकेश कुमार गुप्ता रम्मू ,श्याम शुक्ला, श्याम गर्ग, लवी गांधी , आदित्य तिवारी, विक्की नारंग, संतोष शुक्ला, अमरजीत सिंह सलूजा, सौरभ सक्सेना, सचिन मिश्रा ,राजकुमार सारंग, महावीर जिंदल और पारिख आदि मौजूद रहे।

# सर्प के दंश से सात वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**



लखनऊ,निगोहां में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। घर के कमरे में सोते समय सांप ने सात वर्षीय मासूम अरमान उर्फ राजा भाईया को डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मासूम की अचानक मौत से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार, निगोहां निवासी अनवर वर्तमान में दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करते हैं। उनकी पत्नी रुकसाना अपने इकलौते बेटे अरमान और सास के साथ गाँव में रहती हैं। अरमान गाँव के एक स्कूल में यूकेजी कक्षा का छात्र था। रविवार रात रुकसाना और अरमान घर में कमरे के अंदर सो रहे थे। देर रात करीब दो बजे अचानक अरमान चीखते हुए उठा और माँ को बताया कि उसके माथे पर कुछ काट गया है। रुकसाना ने ध्यान से देखा तो समझ नहीं पाई कि यह सांप का डंश है।रुकसाना आनन-फानन में बेटे को लेकर निगोहां कस्बे के एक निजी अस्पताल पहुँची। वहाँ बच्चे को आराम नहीं मिला तो डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद वह उसे मोहनलालगंज के एक अन्य निजी अस्पताल लेकर गईं, जहाँ से हालत गंभीर होने पर बच्चे को ट्रॉमा सेंटर (मेडिकल कॉलेज) भेज दिया गया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह मासूम अरमान ने दम तोड़ दिया। अरमान की मौत की खबर गाँव पहुँची तो हर कोई स्तब्ध रह गया। घर में कोहराम मच गया। दिल्ली में रह रहे पिता अनवर को जब बेटे की मौत की सूचना मिली तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया और वे तुरंत गाँव के लिए रवाना हो गए।परिवार का कहना है कि अरमान उनका इकलौता बेटा था और उसकी अचानक मौत ने उन्हें पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे निगोहां क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है। ग्रामीणों ने परिवार को ढाँढस बंधाने की कोशिश की लेकिन हर किसी की आँखें नम हो गईं।

# दो अलग-अलग गांवों के युवकों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

मोहनलालगंज लखनऊ। खाटू श्याम मंदिर, निशातगंज रोड़ लखनऊ जा रहे दो अलग-अलग गांवों के युवकों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे और संवेदना प्रकट की।पहली घटना ग्राम लवल निगोहां की है, जहां उमेश साहू, पुत्र जगदीश प्रसाद साहू, उम्र लगभग 26 वर्ष की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। जानकारी मिलने पर सपा सांसद आरके चौधरी के प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर और जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और मोहनलालगंज के एसडीएम को फोन कर हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।दूसरी घटना ग्राम कुर्मिन खेड़ा की है, जहां मोहित राजपूत, पुत्र राम सनेही, उम्र लगभग 23 वर्ष की इसी प्रकार की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस मौके पर भी जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और प्रशासन से मदद सुनिश्चित कराने की बात कही। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर है और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को यथासंभव मदद दिलाने की मांग की है।



# सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा व दिलेश कुमार सिंह थाना प्रभारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**



लखनऊ। सोमवार को थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत भव्य महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक महिलाएँ उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुईं और अपने स्कूटी वाहनों के माध्यम से महिला सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को आत्मविश्वासी, जागरूक और सशक्त बनाना रहा, जिससे वे किसी भी परिस्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित कर सकें। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से महिला हेल्पलाइन 1090, आपात कालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्डलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत पुलिस एवं प्रशासन से सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही महिलाओं को कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों तथा सामाजिक समानता से जुड़ी जानकारियाँ भी प्रदान की गईं। पुलिस अधिकारियों ने यह भी आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित स्कूटी रैली ने महिलाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा की भावना और जागरूकता को बढ़ावा दिया। इस मौके पर थाना मोहनलालगंज की पुलिस टीम और क्षेत्र की सामाजिक संस्थाएँ एवं स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# भीषण सड़क हादसा मौके पर ही दो युवकों की दर्दनाक मौत!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**





लखनऊ निगोहां बीते रविवार रात की रात में रायबरेली से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर ग्राम उदयपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के सलाहीखेड़ा गांव के निवासी अभिषेक कुमार पुत्र राम सजीवन और धीरेन्द्र पुत्र विजय बहादुर बीते रविवार की रात मोटरसाइकिल संख्या UP 32 ML 5965 से लखनऊ की ओर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने तुरंत हादसे की सूचना पुलिस को दी और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अभिषेक कुमार के पिता राम सजीवन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।हादसे की सूचना मिलते ही दोनों युवकों के घरों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे सलाहीखेड़ा गांव में मातम पसरा हुआ है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जाए, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके।

# केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने पंजाब के होशियारपुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**समाज जागरण
रघुनंदन पराशर जैतो**



चंडीगढ़ सितंबर :केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने पंजाब के होशियारपुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित किसानों, छोटे व्यवसाय मालिकों और ग्रामीणों से बातचीत भी की।

श्रीमती सावित्री ठाकुर ने गंधूवाल, फतकुल्ला, अब्दुल्लापुर, हलेड़ जनार्दन, सालोवाल, मोतला, कौलियां-418, मेहताबपुर में किसान प्रतिनिधिमंडलों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों के साथ बैठकें कीं और ब्यास नदी पर बने राडा पुल (मंडेरिया) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बार-बार आने वाली बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए राहत और दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।श्रीमती ठाकुर ने बताया कि सरकार ने पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित किसानों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त 26 सितंबर को ही जारी कर दी है।श्रीमती ठाकुर ने कहा कि केंद्र बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास तथा क्षेत्र में बाढ़ संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास जारी रखेगा।

# अर्जुनगंज में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला को किया संबोधित और उसके बाद बाजार में व्यापारियों दुकानदारों तथा ग्राहकों से स्टीकर लगाकर किया संपर्क।

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**



भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व राज्य मन्त्री वीरेन्द्र तिवारी ने लखनऊ जिले में सुल्तानपुर रोड पर अर्जुनगंज में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला को किया संबोधित और उसके बाद बाजार में व्यापारियों दुकानदारों तथा ग्राहकों से स्टीकर लगाकर किया संपर्क। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस दूरदृष्टि का प्रतीक है जिसमें भारत को केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि विश्व का निमार्ता और मार्गदर्शक बनाने का संकल्प निहित है उक्त बातें पूर्व राज्यमंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेन्द्र तिवारी ने आज लखनऊ जिले में सुल्तानपुर रोड पर अर्जुनगंज में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंगल कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विषय रखते हुए कही।उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की आत्मा को जाग्रत करने का महाभियान है जिसमे हम सबको स्थानीय उद्यमों, कुटीर उद्योगों, किसानों , नवाचार एवं युवाओं की ऊर्जा को एकजुट कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बनाना है। वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गांव-गांव और नगर-नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जले, वोकल फार लोकल से लेकर स्टार्टअप एवं मेक इन इंडिया तक यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही संभव होगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन देने और स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का काम कर रही है।हम सभी को गांव-गांव,नगर-नगर में मतदाता उपभोक्ताओं से संपर्क करके स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की अपील करके देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लेना है।पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र तिवारी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला के बाद अर्जुनगंज बाजार में मेडिकल एवं मर्चेंट व्यवसाय के व्यापारियों, दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं से संपर्क पदयात्रा करके जी एसटी बचत उत्सव मनाते हुए दुकानों पर स्टीकर लगाया गया,व्यापारियों एवं ग्राहकों ने जीएसटी दरों में संशोधन करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

आज की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र तिवारी के साथ ही पूर्व जिला मंत्री शंभूनाथ पाण्डे,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहित,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह चौहान,मंडल महामंत्री तुषार सिंह,मंडल उपाध्यक्ष रामदेव रावत, गुड्डू तिवारी,देवेन्द्र सिंह नेगी,सुरेन्द्र राजपूत,मंडल मंत्री रोहित शर्मा, अमित रावत,संदीप सैनी,अमर सिंह, दिवाकरसिंह,आर०पी०शुक्ला,अनिल रावत, दिलीप तिवारी,अवधपाल रावत,दिनेश कश्यप सहित भाजपा एवं सभी मोर्चों के कार्यकर्ता मौजूद रहे थे

# मानगो उलीडीह में एटीएम ठगी, 70 हजार रुपये उड़ाए

## मदद के बहाने कार्ड बदलकर आरोपी फरार, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**परमबीर पात्रों, दैनिक समाचार जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड)**

पूर्वी सिंहभूम : मानगो के उलीडीह क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एटीएम कार्ड बदलकर 70 हजार रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया। यह घटना 27 सितंबर की रात की है। डिमना रोड निवासी मोती सिंह रुपये निकालने के लिए डिमना रोड स्थित केनरा बैंक के एटीएम पहुँचे। कई बार प्रयास करने के बाद भी नकदी नहीं निकल रही थी। इसी बीच एक युवक वहाँ पहुँचा और खुद को मददगार बताते हुए कहा कि वह रुपये निकलवा देगा। मदद के नाम पर युवक ने मोती सिंह का एटीएम कार्ड ले लिया, मशीन में कार्ड डालने का नाटक किया और कार्ड बदलकर एटीएम में फंसा दिया। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। थोड़ी देर बाद मोती सिंह के मोबाइल पर खाते से 70 हजार रुपये निकासी का संदेश आया। पीड़ित ने तुरंत उलीडीह थाना जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल क्रमांक 8409 036059 के धारक के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। जाँच टीम एटीएम कक्ष और बैंक से चित्रित दृष्टि (सीसीटीवी) फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

# एनएचआरसी ने पंजाब के होशियारपुर के मंडियाला गांव में एलपीजी टैंकर विस्फोट के पीड़ितों द्वारा घटना के एक महीने बाद भी अपने घरों और दुकानों के पुनर्निर्माण में संघर्ष की खबर पर स्वतः संज्ञान लिया

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब/**

चंडीगढ़ , सितंबर :राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें बताया गया है कि पंजाब के होशियारपुर के मंडियाला गांव में एक एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट में सात लोगों की मौत और कई संपत्तियों के नुकसान के एक महीने बाद भी, प्रभावित परिवार अपने घरों और दुकानों के पुनर्निर्माण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा जारी कर दिया है। हालांकि, संपत्ति के नुकसान का आकलन अभी भी जारी है। आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट की सामग्री सत्य है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। इसलिए, आयोग ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव, होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक को नोटिस जारी कर मामले की जांच की स्थिति सहित दो सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।23 सितम्बर, 2025 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट में विस्फोट पीड़ितों और उनके परिवारों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों और आघात का उल्लेख किया गया है।

# गरीब बच्चों को हर रविवार मिल रही नि:शुल्क शिक्षा

## राम पात्रों का सराहनीय प्रयास, शिक्षा से रोशन हो रहा भविष्य

**परमबीर पात्रों, दैनिक समाचार जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड)**



जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम : शिक्षा को समाज की रीढ़ कहा जाता है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कई गरीब और वंचित वर्ग के बच्चे इससे वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का कार्य जुगसलाई क्षेत्र के बागबेड़ा निवासी समाजसेवी राम पात्रों कई सालों से लगातार कर रहे हैं। वे हर रविवार गरीब और वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराते हैं। राम पात्रों का मानना है कि यदि समाज में समानता लानी है तो शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों को पढ़ाई में पीछे नहीं रहना चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने बच्चों को इकट्ठा करना शुरू किया और उन्हें किताबें, कॉपी-कलम उपलब्ध कराकर पढ़ाना आरंभ किया। रविवार को जब अधिकांश लोग छुट्टी का आनंद लेते हैं, तब राम पात्रों उन बच्चों के साथ समय बिताते हैं जो विद्यालय की फीस या साधनों के अभाव में शिक्षा से दूर रह जाते हैं। वे बच्चों ज्ञान की बुनियादी शिक्षा देते हैं। साथ ही, जीवन मूल्यों, अनुशासन और समाज सेवा की भी सीख प्रदान करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राम पात्रों का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणा है। जिन बच्चों के पास विद्यालय जाने की सुविधा नहीं थी, वे अब नियमित रूप से पढ़ाई में रुचि दिखा रहे हैं। माता-पिता भी इस पहल से प्रसन्न हैं और अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। राम पात्रों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति जागरूकता जगाना है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से अपील की है कि वे भी इस अभियान से जुड़ें और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने में योगदान दें। शुरूआत में इस संस्था से जुड़े बच्चों की संख्या करीब 450 थी। इनमें से कई बच्चे आज शिक्षा पाकर अपने जीवन की राह पर निकल चुके हैं। वर्तमान में संस्था से जुड़े करीब 120 बच्चे हर रविवार नियमित रूप से पढ़ाई करते हैं।

# तिरुलडीह में दुर्गा पूजा की धूम,भव्य पंडाल में केदारनाथ मंदिर की झलक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी शामें

## कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ सह सीओ ने किया पूजा पंडाल का निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः तिरुलडीह स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल इस बार श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना है। पूजा समिति ने इस बार पंडाल को केदारनाथ मंदिर के स्वरूप में तैयार किया है। रोशनी और सजावट से सुसज्जित यह पंडाल श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की धार्मिक आभा का अनुभव कराएगा। इसी क्रम में, कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ सह सीओ ललिता राजश्री बाखला ने पंडाल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों से मिलकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। और उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से कहा की संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखी जाएगी। पूजा के दौरान भक्तों के मनोरंजन और सांस्कृतिक माहौल को जीवंत बनाने के लिए विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम सूची :**

30 सितंबर (मंगलवार) राम चरित मानस पाठ, शाम 5:00 बजे से 1 अक्टूबर (बुधवार) डांस धमाका, शाम 4:00 बजे से 2 अक्टूबर (गुरुवार) आतिशबाजी एवं रावण दहन, शाम 6:00 बजे से 3 अक्टूबर (शुक्रवार) बुगि बुगि डांस धमाका, शाम 4:00 बजे से आयोजन किया गया है गौरतलब है कि पिछले वर्ष प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई थी। इस बार भी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उन्होनें सभी से अपील किया की त्योहार के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या अथवा आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को देने को कहा। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।

# अमित शाह 3 अक्तूबर को कुरुक्षेत्र आएंगे

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

चंडीगढ़,सितंबर:केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 3 अक्टूबर,




2025 को कुरुक्षेत्र में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगेगृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने प्रदर्शनी और उद्घाटन समारोह के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय महत्व का है।

# बोकारो थर्मल पंचमंदिर में नवपत्रिका स्नान एवं सप्तमी पूजा का भव्य आयोजन

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बोकारो जिला के बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र बोकारो थर्मल स्थित पंचमंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि पर नवपत्रिका स्नान, अष्ट कलश स्नान, नवपत्रिका प्रवेश एवं सप्तमी पूजा सहित प्राण प्रतिष्ठा, आरती व पुष्पांजलि का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव से परिपूर्ण इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत विधि-विधान से नवपत्रिका एवं अष्ट कलश स्नान से हुई। इसके पश्चात नवपत्रिका को मंदिर प्रांगण में प्रवेश कराया गया, जहां सप्तमी पूजा, प्राण प्रतिष्ठा, आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित कर माँ दुर्गा की आराधना की गई। आयोजन में पंचमंदिर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्य संरक्षक के रूप में डीवीसी परियोजना प्रमुख सुशील कुमार अर्जरिया,डीजीएम काली चरण शर्मा समेत अन्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। उद्घाटन समारोह में कृष्ण मुरारी, बृज किशोर सिंह, प्रेम कुमार तथा मुख्य अतिथि बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ एवं विशिष्ट अतिथि के.ई. तिवारी ने पट खोलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही कमेटी के अध्यक्ष बाबूलाल गिरी, सचिव भुनेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष जानकी महतो, सह-कोषाध्यक्ष जोधन नायक, सहायक सचिव खिरोधर महतो एवं कार्यकारी अध्यक्ष रटने शर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। पूजा में मुख्य आचार्य के रूप में सह-अधिवक्ता श्री गणेश तिवारी उपस्थित रहे। समारोह में समाज के गणमान्य लोग जैसे धीरज गिरी, अरुण कुमार, संजय मिश्रा, उमेश महतो, अनूप अकेला, सूरज कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यगण भी मौजूद थे। वही आयोजन में स्थानीय जनता की अहम भागीदारी रही।

# आदित्यपुर कॉलोनी के दुर्गा पूजा पंडाल में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) आदित्यपुर कॉलोनी के रोड नंबर 32 में कई वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा का आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। रोड नंबर 32 में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान से आयोजकों व भक्तों द्वारा नौ दिन पूजा, अर्चना की जाती है। वही सखि भजन संग्रह ग्रुप के द्वारा बहुत खूबसूरत भजन संध्या का प्रस्तुति दी गई।सखि भजन संग्रह के सुरीली गायिका गूंजा झा ने बहुत सुंदर सुंदर भजन का प्रस्तुति देकर भक्तों के मन को मोह लिया और उन्हें झूमने को मजबूर कर दिया। उनके टीम के बाकी सदस्यों ने भी अपना कलाकारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिनमें ज्योति सिंह,अंजना तिवारी,छाया देवी,गूंजा झा,मिकी झा (ढोलकवादक) बसंती देवी मौजूद रही।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में गंगा नदी को स्वच्छ बनाने को हुई क्विज प्रतियोगिता, विद्यार्थी हुए पुरस्कृत।

**समाज जागरण**

एटा।सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति, एटा के द्वारा रोहनलाल चतुवेर्दी सर्वोदय इंटर कॉलेज में गंगा एवं सहायक नदियों को निर्मल बनाने के लिए गंगा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। गंगा क्विज प्रतियोगिता में कक्षा दस से बारह तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गंगा के ऐतिहासिक, आर्थिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों से सम्बन्धित प्रश्नों को शामिल किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शीतलपुर पुष्पेंद्र कुमार लोधी ने प्रकृति का महत्व बताते हुए नदी, तालाब को स्वच्छ रखने तथा अधिक संख्या में पौधों को रोपित करके उनकी देखभाल करने को कहा।नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी आर्यन गौड़ ने बताया कि जिला गंगा समिति, एटा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ स्वच्छता है। वास्तविक में गाँव में, विद्यालय में, नदी तथा जल स्त्रोतों के किनारे गंदगी न करना ही प्रतिदिन का स्वच्छता अभियान है। प्रधानाचार्य विजय मिश्रा ने कहा कि गंगा तथा सभी सहायक नदी को साफ करने के लिये नमामि गंगे योजना सही दिशा में उठाया गया एक कदम है।




निर्णायक मंडल अमोल सिंह व अंजली राजपूत द्वारा अनुराधा राजपूत को प्रथम, गोपाल चौहान को द्वितीय एवं रमन कुमार को तृतीय, सागर राजपूत को चतुर्थ तथा मोहित राजपूत को पंचम स्थान देते हुए मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कार दिया गया।

## ग्राम पंचायत सचिवों ने काम के दबाव को लेकर जताई नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

एटा। ग्राम पंचायत सचिवों ने सरकारी कामकाज के बढ़ते दबाव और अधिकारियों की कथित प्रताड़ना के खिलाफ नाराजगी जताई है। जीटी रोड पर एकत्र हुए सचिवों ने ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आंदोलन की चेतावनी दी। सचिवों द्वारा विकास भवन पर एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान सचिवों का कहना है कि जनपद की रैंकिंग सुधारने के नाम पर अधिकारियों द्वारा रात-दिन काम का दबाव बनाया जा रहा है।



अवकाश के दिनों में भी कार्य कराया जा रहा है, जिससे उनका पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि चौपाल लगाना, मुख्यमंत्री लक्ष्य 2047 का प्रचार और अन्य जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई हैं। पूर्व में ज्ञापन देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। सचिवों ने चेताया कि यदि समस्याएं हल नहीं हुईं तो वे विशाल आंदोलन शुरू करेंगे।

## मुख्यमंत्री से शीतलपुर ब्लॉक प्रमुख ने किया सार्थक संवाद विकसित भारत 2047 संकल्प को लेकर साझा की उपलब्धियां

**समाज जागरण**

एटा। शीतलपुर ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह लोधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकसित भारत 2047 राष्ट्रीय संकल्प और विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में सार्थक संवाद किया। मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने शीतलपुर ब्लॉक में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी आवश्यक विकास कार्य कराए गए हैं। पुष्पेंद्र सिंह लोधी ने यह भी बताया कि क्षेत्र के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण व आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने ब्लॉक स्तर से हो रहे प्रयासों की सराहना की और भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भविष्य में विकास योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई।

## कासगंज में "नो हेलमेट, नो फ्यूल" अभियान और मिशन शक्ति के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कासगंज, 25 सितम्बर 2025: प्रदेश भर में संचालित "नो हेलमेट, नो फ्यूल" विशेष अभियान के अंतर्गत कासगंज जनपद में व्यापक चेकिंग व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा है। जनपद कासगंज में यह अभियान पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार के नेतृत्व में प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है।

आज दिनांक 25 सितम्बर 2025 को प्रभारी यातायात लक्ष्मण सिंह के मार्गदर्शन में कस्बा सोरों व राजकोल्ड तिराहा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान निम्न कार्यवाहियाँ की गईं:

हूटर लगे 02 वाहनों पर कार्रवाई

ब्लैक फिल्म लगे 01 वाहन पर कार्रवाई

गलत नंबर प्लेट लगे 79 वाहनों पर चालान

शासकीय व जाति सूचक शब्द अंकित 31 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई

कुल मिलाकर 113 वाहनों के चालान किए गए

अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को बढ़ावा देना और हेलमेट की अनिवार्यता को सुनिश्चित करना है। इस अभियान की थीम रही:



**"नो हेलमेट, नो फ्यूल"**

"हमारा उद्देश्य, सुरक्षा आपकी"

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कासगंज रोडवेज बस स्टैंड पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एआरटीओ राम प्रकाश मिश्रा, एआरएम ओम प्रकाश सिंह, स्टेशन प्रभारी अनुराधा चौहान और यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह द्वारा बस स्टैंड पर कार्यरत महिला परिचालकों को मिशन शक्ति के उद्देश्यों और इससे जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, कार्यस्थल पर अधिकार, और सामाजिक सहायता तंत्र पर भी प्रकाश डाला गया।

अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे मिशन शक्ति के संदेश को समाज में आगे बढ़ाएं और जरूरतमंद महिलाओं को इससे जोड़ने में सहायक बनें।

इस दोहरे अभियान – सड़क सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण – की स्थानीय नागरिकों और परिवहन कर्मचारियों ने सराहना की, और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# कलावती नर्सिंग एन्ड पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम हुआ

# एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग- रजनीकांत माहेश्वरी

**समाज जागरण**

कासगंज। कलावती नर्सिंग एन्ड पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एक विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संयोजक वन नेशन वन इलेक्शन इंद्रजीत यादव, प्राचार्य डॉ दार्जलिंन कनमोनी रहे। इस दौरान एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग है। इससे देश की ऊर्जा और संसाधनों की बचत होगी। बार-बार चुनाव होने से जो समय और धन व्यर्थ होता है, वह राष्ट्र की प्रगति में



लगाया जा सकेगा। जब पूरे देश में एक साथ चुनाव होंगे तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया और भी पारदर्शी व प्रभावी होगी। क्षेत्रीय संयोजक इंद्रजीत यादव ने कहा युवा शक्ति ही राष्ट्र की रीढ़ है। ऐसे विषयों की जानकारी युवाओं को अवश्य होनी चाहिए, ताकि वे आने वाले समय में जागरूक नागरिक के रूप में देशहित में निर्णय ले सकें। डायरेक्टर संजय अग्रवाल और प्रदीप चौहान ने कहा कि हम सभी को एक राष्ट्र एक चुनाव की व्यवस्था का समर्थन करना चाहिए, क्योंकि इससे लोकतंत्र मजबूत होगा और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बन सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों ने भी छात्रों को संबंधित विषय पर जागरूक किया। उनसे अपील की वे समाज में इस विषय की सकारात्मक जानकारी साझा करें। इस दौरान प्रदीप चौहान, संजय अग्रवाल, तेजेंद्र लोधी, कृष्णानंद उपाध्याय , मुकेश राजपूत , रूपेंद्र उपाध्याय , पंकज कुलश्रेष्ठ , मनीष राजपूत मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग, दी गई सुविधाओं की जानकारी!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जसराना राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर ब्लॉक संसाधन केंद्र जसराना में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी जसराना भूपेंद्र सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।

खंड शिक्षाधिकारी ने अभिभावकों से कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं। ये भी परिवार और समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न



शिविरों व उपकरण वितरण कार्यक्रमों का लाभ उठाएं और बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। काउंसलिंग सत्र में स्पेशल एजुकेटर दिनेश सिंह ने अभिभावकों को दिव्यांगता और उससे संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों को 6000 रुपए वार्षिक स्कॉर्ट अलाउंस व दिव्यांग छात्राओं को 2000 रुपए वार्षिक वृत्तिका दी जाती है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई के लिए आवश्यक उपकरण एलिम्को कानपुर के सहयोग से उपलब्ध कराए जाते हैं। कार्यक्रम में लगभग 50 अभिभावक उपस्थित रहे। मौके पर स्पेशल एजुकेटर अमरेश सिंह, अनिल सिंह, उमेश चंद्र, प्रिंस, मनोज कुमार, आराम सिंह, नीरज यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन यूटा जिला महामंत्री मुकेश राजपूत ने किया।

## दिव्यता और भव्यता के साथ निकली भगवान श्रीराम की बरात-जसराना में राम के चरित्र से मिली प्रेरणा, नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद ।जसराना में सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति के निर्देशन में शनिवार को भव्य और दिव्य तरीके से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात निकाली गई। भगवान राम और उनके तीनों भाईयों की नयनाभिराम छवि को देखने के लिए नगरवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और जलपान के साथ बारात का स्वागत किया गया।

रामलीला मैदान से शुरू हुई इस अद्भुत बारात का शुभारंभ भारजीय जनता पार्टी के जिला मंत्री डॉ. उम्मेद सिंह राजपूत फीता काटकर और प्रभु राम की आरती उतारकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा राम का चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भगवान राम की बारात रामलीला मैदान से शुरू होकर तहसील रोड, मोहल्ला अरेलपुरा, मोहल्ला गाड़ीवान, मुख्य चौराहा, मोहल्ला बनियात, मोहल्ला कूंचा, सब्जी मंडी, पचवा चौराह मोहल्ला पोतपुरी, शीशपुरी, मझौआ, घिरोर रोड और फरिहा रोड होते हुए फरिहा रोड़ पर बनी जनकपुरी में संपन्न हुई, जहां राजा जनक और जनकपुरी के लोगों ने पूरे आदर-सत्कार के साथ बारात का स्वागत किया। बारात में भगवान राम के साथ शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण के नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। दो दर्जन से अधिक झांकियों



ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भगवान राम और उनके भाइयों की छवि को देखने के लिए जनमानस उमड़ा पड़ा। वहीं, भक्तिमय धुनों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया, जिससे उत्सव में और अधिक रंग भर गया। बारात के मार्ग में नगर पंचायत द्वारा सफाई कराई गई और जगह-जगह चूने का छिड़काव किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। रामलीला कमेटी के संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता के साथ आयोजन समिति के सदस्य नवीन शिवहरे, अमित मोहन लोधी, ललित गुप्ता, सचिन पवार, वरुण गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक इस आयोजन में उपस्थित रहे। जनमानस का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बन रही था।

## केआईइटी इंटर कॉलेज में इनोवेशन लैब का डीआईओएस ने किया शुभारंभ

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! केआईइटी इंटर कॉलेज, नगला मवासी मक्खनपुर में विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार राजपूत और प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार द्वारा एक इनोवेशन लैब का निर्माण किया गया है। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में इस इनोवेशन लैब के प्रेरक जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन रहे।

धीरेन्द्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को इस इनोवेशन लैब में नवीन प्रयोग को सीखने की प्रेरणा प्रदान करते हुए ग्रामीण अंचल में विज्ञान को प्रोत्साहित करने हेतु विद्यालय की प्रबन्ध समिति के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि उनका उद्देश्य जनपद में विज्ञान को



जन जन तक पहुंचाने का है। अभी तक विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से, इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के द्वारा, विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवाचार के क्रम में उनका अगला लक्ष्य विद्यालय की प्रबन्ध समितियों के माध्यम से जनपद में इनोवेशन लैब स्थापित कराने का है, जिनमें विद्यार्थी आओ करके सीखें से वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न कर सकें। उन्होंने इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की।

दिनेश कुमार राजपूत ने बताया कि इस इनोवेशन लैब में विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, ड्रोन एवं ऑपरेशन सिन्दूर के लिए एक रडार सिस्टम तैयार किया है। इसके साथ ही इस लैब में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम आदि के विषय में ज्ञान दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## उच्च शिक्षा एवं प्रभारी मंत्री ने कई विभागों की समीक्षा की अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन अवश्य उठाएं जो अधिकारी अच्छा कार्य करेगा उसे पुरुस्कृत किया जाएगा!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! सोमवार मंत्री उच्च शिक्षा एवं प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में कानून व्यवस्था, विकास कार्य एवं नगर निगम द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई, मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का फोन अधिकारी अवश्य उठाएं, साथ ही साथ जनहित कार्यों का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से अवश्य कराऐं, साथ ही मंत्री ने कहा कि जो अच्छा और ईमानदारी से कार्य करेगा उसको पुरूस्कृत किया जाएगा, जबकि जो कार्यों में लापरवाही करेगा उसको दण्डित भी किया जाएगा, कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने मंत्री से कहा कि जिलें में हत्या, लूट, और डकैती जैसे केसों में कमी आई है और हमारे यहां डकैती की कोई भी घटना घटित नहीं हुई है, भयमुक्त, अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए लगातार कार्यवाहियां की जा रही है, महिला अपराधों में भी कमी आई है, 8500 लीटर अवैध शराब को जब्त किया जा चुका है, 230 लोगों पर गुंडा एक्ट पर कार्यवाहियां की गई है, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मंत्री को आगे अवगत कराया कि हमारी टीम द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है, इसका नतीजा यह निकलकर सामने आया है कि अब नागरिक भयमुक्त होकर कहीं भी आ जा सकते हैं, आसामाजिक तत्वों पर नियंत्रण करने के लिए सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है।

मंत्री ने कहा कि महिला कॉलेज के बाहर अक्सर मनचले युवकों द्वारा छेडखानी इत्यादि की घटनाऐं



प्रकाश में आती है, इस पर नियंत्रण करे, अगर कहीं भी धर्मांतरण के मुद्दे प्रकाश में आते हैं तो इस पर गहन छानबीन कर कार्यवाही की जाए, मंत्री ने यह भी कहा कि वंचित समाज पर कोई भी दबंगई न करें, इस पर त्वरित कार्यवाही हो, साथ ही साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि अनुसूचित जाति के बने हुए कानून पर कोई गलत इस्तेमाल न करें, इसी तरह नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि नगर निगम के द्वारा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के लिए बनी सलाहकार समिति के साथ बैठक कर यहां होने वाले कार्यों को सलाहकार समिति के सदस्यों की सहमति अवश्य प्राप्त करें, साथ ही साथ यहां कराए गए कार्यों में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लें, विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने इस बात पर अत्यंत खुशी व्यक्त की, की इस माह विकास कार्यों में जनपद की पूरें प्रदेश में सातवीं रैंक है, उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन को आप सबको निरंतर बनाए रखना है, साथ ही साथ इसमें आप सब यह प्रयास किया करें, कि जनपद पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर हों, साथ ही साथ उन्होंने ग्राम पंचायत में बना रहे खेल के मैदान और पुस्तकालयों की अत्यंत सराहना की, उन्होंने कहा कि इसमें और भी व्यापक रूप देने की आवश्यकता है, जिससे इसका लाभ युवाओं और बच्चों को मिल सके, उन्होंने जनपद में सिरसा नदी, आंव गंगा नदी और सेगर नदी के किए गए पुनरोद्धार के कार्य को प्रशंसनीय बताया, इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी की अत्यधिक प्रशंसा की, साथ ही उन्होंने विकास से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कार्यों की फीडबैक जनप्रतिनिधियों से अवश्य प्राप्त करें, इस अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा, मेयर कामिनी राठौर, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, जिलाधिकारी रमेश रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधानसभा परिषद सदस्य विजय शिवहरे, नानक चंद अग्रवाल, इसके अलावा फिरोजाबाद के ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, मदनपुर के ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र, अरांव के ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, टूंडला के ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र बघेल, नारखी के ब्लॉक प्रमुख सुशील चक और खैरगढ़ के ब्लॉक प्रमुख सुरेश यादव एवं समस्त अधिकारी गढ़ उपस्थित रहें।

# आई वी इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा पर्व

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद आईवी इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा एवं दुर्गा पूजा के पावन पर्व को बड़ी ही हर्षउल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुज कुमार चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में राम अवतार गुर्जर,श्रीमती रुपिका दीक्षित,राजीव अग्रवाल,धीरज पाराशर,प्रकाश निधि गर्ग,दिनेश कुमार यादव,मनोज यादव की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथि गणों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया । कार्यक्रम में नव देवियों के स्वरूप का वर्णन करते हुए एक बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति बच्चों के द्वारा



प्रस्तुत की गई । जिसमें देवियों के नौ रूपों के स्वरूप को बहुत ही दिव्य स्वरूप से प्रस्तुत किया गया। सभी गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के नौ देवियों के स्वरूप की आरती उतार कर आराधना की । साथ ही सभी के आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की संपूर्ण रामायण को संक्षिप्त रूप में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया रही । जिसमें लव कुश,श्रीराम जन्म, श्रीराम माता सीता विवाह,बनवास, माता सीता हरण,लंका युद्ध ,रावण वध एवं अयोध्या वापसी आदि लीलाओं को क्रमबद्ध तरीके से बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया । मुख्य अतिथि के द्वारा श्रीराम,माता सीता,लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न, महावीर हनुमान, एवं लव कुश आदि के स्वरूपों की आरती कर पूजा वंदना की गई । श्री अनुज कुमार चौधरी के द्वारा असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हुए रावण दहन किया गया । छात्र-छात्राएं अर्जुन अवार्ड प्राप्त करने वाले अनुज कुमार चौधरी के साथ सेल्फी के लिए काफी उत्साहित दिखे । सभी विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया । विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीदेवी जी एवं प्रबंधक श्री वीरेंद्र यादव सेठ जी के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया ।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नंदिनी यादव के द्वारा बताया गया कि बच्चों में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से जोड़े रखने के लिए हम हर वर्ष रामलीला का आयोजन अपने विद्यालय में करते हैं जिससे बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिकता दोनों बनी रहे साथ ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र से उनको सीख मिले । अंत में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# गेल सोसाइटी में राष्ट्रचिंतना की 31वीं गोष्ठी सम्पन्न, भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुआ सारगर्भित विमर्श

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 सितम्बर 2025: आज गेल सोसाइटी के क्लब हाउस में राष्ट्रचिंतना की इक्कतीसवीं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय था – "वर्तमान समय में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता", जिसमें अनेक विद्वानों और प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. बलवंत सिंह राजपूत ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के भारतीय संस्कृति केंद्र के निदेशक एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. संजय कुमार शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

गोष्ठी का संचालन करते हुए प्रो. विवेक कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों और इसकी सांस्कृतिक व बौद्धिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

**राष्ट्रचिंतना ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष राजेश बिहारी ने कहा,**

"भारत केवल एक भौगोलिक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक चेतना है। एक समय में देशभर में 7,80,000 से अधिक गुरुकुल सक्रिय थे, जो भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे।

**मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कहा:**

"भारतीय ज्ञान परंपरा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, यह जीवन जीने की कला है। इसमें वेद, उपनिषद,



स्मृति, दर्शन शास्त्र, धर्म शास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र आदि का समावेश है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक हैं।"

प्रो. बलवंत सिंह राजपूत ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वेदांत और वैदिक दर्शन के विविध पक्षों पर विस्तृत चर्चा की और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी उपयोगिता को रेखांकित किया।

इस अवसर पर प्रो. आर.एन. शुक्ला, डॉ. आरती शर्मा सहित कई वक्ताओं ने भी विषय से जुड़े विचार रखे।

**गोष्ठी में उपस्थित प्रमुख प्रबुद्धजनों में शामिल थे:**

नरेश गुप्ता, इंजीनियर रवेंद्र पाल सिंह, विनोद अरोड़ा, आदेश सिंघल, प्रो. एस.सी. गर्ग, शुभम अचल, मयंक चौधरी, डॉ. दिव्या, डॉ. रजनीश, डॉ. संदीप, उमेश पांडे, पंकज शर्मा, जूली, तापस, एस.के. मिश्रा, मनमोहन, संगीता वर्मा, जयप्रकाश अग्रवाल, सुरजीत सिंह, भोला ठाकुर, एस.के. अग्रवाल आदि। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने भारतीय परंपरा की पुनर्स्थापना और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया तथा राष्ट्रचिंतना मंच के प्रयासों की सराहना की।

शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ !

आइए, माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना के इस पावन अवसर पर हम सब देशवासी शक्ति, भक्ति और सकारात्मकता से परिपूर्ण होकर अपने जीवन को नई दिशा दें। आप सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ। माँ दुर्गा आप सभी को स्वास्थ्य, समृद्धि और सफलता प्रदान करें।